दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 42 | जयपुर | रविवार, 15 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### संविधान के 75 साल पूरे होने लोकसभा में बोले पीएम मोदी

# संविधान संशोधन करने का खून कांग्रेस के मुंह लगा, 6 दशक में इसे 75 बार बदला : मोदी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संविधान के 75 साल पूरे होने के मौके पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में संविधान पर बोले। प्रधानमंत्री ने कहा- अच्छा होता कि संविधान की शक्ति पर चर्चा होती। दलगत भावना से उबरकर संविधान पर चर्चा करते। लेकिन कुछ लोगों की मजबूरियां होती हैं। मैं बोलना नहीं चाहता था, लेकिन तथ्य रखना जरूरी है।

पीएम बोले- कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक परिवार का उल्लेख इसलिए करता हूं कि 75 साल में से 55 साल एक ही परिवार ने राज किया है। देश को क्या-क्या हुआ है, ये जानने का अधिकार है। इस परिवार के कुविचार, कुरीति, कुनीति की परंपरा निरंतर चल रही है। हर स्तर पर इस परिवार ने संविधान को चुनौती दी है।

राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने कहा था- सदियों के बाद हमारे देश में एक बार फिर ऐसी बैठक बुलाई गई है, ये हमारे मन में अपने गौरवशाली अतीत की याद दिलाती है। जब हम स्वतंत्र हुआ करते थे, सभाओं में विद्वान देश के अहम मामलों पर चर्चा करते थे। डॉक्टर राधाकृष्णन ने कहा था- इस महान राष्ट्र के लिए गणतांत्रिक व्यवस्था नई नहीं है। हमारे यहां ये इतिहास की शुरुआत से ही है। बाबा साहब अंबेडकर ने कहा था- ऐसा नहीं है कि भारत को पता नहीं था कि लोकतंत्र क्या होता है। एक समय था जब भारत में कई गणतंत्र हुआ करते थे।

संविधान निर्माण में नारी शक्ति ने संविधान को सशक्त करने की भूमिका निभाई है। सक्रिय सदस्य थे। मौलिक चिंतन के आधार पर उन्होंने संविधान सभा की डिबेट को समृद्ध किया था। वे अलग-अलग बैकग्राउंड की थीं। उनके सुझावों का संविधान निर्माण में बहुत प्रभाव रहा था। दुनिया के कई देश आजाद हुए, संविधान बना, महिलाओं को अधिकार देने में दशकों बीत गए। हमारे यहां शुरुआत से ही महिलाओं को वोट का अधिकार दिया गया। जब जी-20 हुई, उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए विश्व के सामने विमन लीड डेवलपमेंट का विचार रखा। अब आगे जाने की जरूरत है। विमल लीड डेवलपमेंट की चर्चा को हमने अंजाम दिया।

**मोदी बोले- संविधान संशोधन करने का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वे समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही। संविधान की आत्मा को लहुलुहान करती रही। करीब 6 दशक में 75 बार संविधान बदला गया। जो बीज देश के पहले प्रधानमंत्री ने बोया था, उसे खाद-पानी देने का काम एक और प्रधानमंत्री ने किया, श्रीमती इंदिरा गांधी। 1971 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था। उस फैसले को संविधान बदलकर पलटा गया। उन्होंने हमारे देश की अदालत के पंख काट दिए थे। कहा था कि संसद संविधान के किसी भी आर्टिकल में जो मन आए कर सकती है और अदालत उसकी तरफ नहीं देख सकती है। ये पाप 1971 में इंदिरा गांधी ने किया था।**

## द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा मांगा, वैसे सरकार युवाओं-किसानों का अंगूठा काट रही : राहुल

### अनुराग बोले- आपने तो सिखों का गला काटा



लोकसभा में शनिवार को लगातार दूसरे दिन संविधान पर चर्चा चली। शुरुआत संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजु ने की। इसके बाद DMK सांसद ने कहा कि भाजपा हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। इस पर विवाद हुआ। भाजपा ने कहा कि आप सबूत दीजिए।

राहुल गांधी की स्पीच हुई। वे करीब 25 मिनट बोले। राहुल सावरकर पर बोले, एकलव्य-द्रोणाचार्य की कहानी सुनाई। भाजपा सरकार पर युवाओं का अंगूठा काटने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा- जैसे एकलव्य का अंगूठा काटकर द्रोणाचार्य ने उनका हुनर ले लिया था। उसी तरह भाजपा सरकार अग्निवीर से युवाओं का अंगूठा काट रही है। अडाणी को सारे कारोबार, इंडस्ट्री, पोर्ट, एयरपोर्ट देकर किसानों और युवाओं का गला काटा जा रहा है। राहुल के बयान पर युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- आप अंगूठा काटने की बात कर रहे हैं। आपकी सरकार में तो सिखों के गले काटे गए, आपको देश से माफी मांगनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की स्पीच शाम 5:30 बजे संविधान पर सभी नेताओं की स्पीच के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में अपना जवाब देंगे।

### राहुल बोले- इंदिरा ने कहा था सावरकर ने अंग्रेजों से समझौता किया

राहुल गांधी बोले- मैंने इंदिरा जी से पूछा था कि सावरकर पर उनके क्या विचार है। इंदिरा जी ने कहा था- सावरकर ने अंग्रेजों से समझौता कर लिया था। उनसे माफी मांगी। इंदिरा जी ने कहा था कि नेहरूजी जेल गए, गांधीजी जेल गए और सावरकर ने माफी मांगी थी। यह उनकी सावरकर पर सोच थी।

### राहुल बोले- 50% रिजर्वेशन की दीवार को हम तोड़ेंगे

राहुल ने कहा- हमारी जो विचारधारा है, इंडिया गठबंधन की विचारधारा है, वो देश में संविधान लाई है। हम मिलकर संविधान की रक्षा करते हैं। आज यह बात सबके सामने है कि राजनीतिक समानता खत्म हो गई है। सारे संस्थानों पर कब्जा कर लिया गया है। सोशल-फाइनेंशियल इक्वालिटी नहीं रह गई है। हम देश को दिखाना चाहते हैं कि किन लोगों का और कहां-कहां अंगूठा काटा है। हम दलितों, आदिवासियों, किसानों को यह दिखाना चाहते हैं कि आपने किसका अंगूठा काटा है। मैंने वादा किया था, इसी संसद में हम जातिगत जनगणना को लागू करेंगे।



### रविशंकर बोले- कांग्रेस वाले आतंकियों के ह्यूमन राइट्स की बात करते हैं



रविशंकर प्रसाद बोले, जो चित्र संविधान में लगे हैं, अगर भारत का संविधान आज बनता तो ये लोग उन पर कितनी आपत्ति करते। गवर्नर हाउस में अंग्रेजों की मूर्तियां हटा दी गई हैं। वो मूर्तियां गुलामी और आस्था की मूर्तियां थीं। आपने अच्छा काम किया। यही बात राम, कृष्ण और काशी विश्वनाथ के बारे में क्यों नहीं सोचते हैं।

वोट बैंक पॉलिटिक्स के चक्कर से ये बाहर नहीं निकले। 75 साल में आप कहां हैं और हम कहां हैं, ये भी देखिए। हमारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल जी के विचार आज देश स्वीकार कर रहा है। ये देश राष्ट्रवाद से चलेगा। ये लोग ह्यूमन राइट्स की बात करते हैं।

आतंकवादियों ने संसद में सुरक्षा कर्मियों को मारा उनके परिवारों, पत्नियों और बच्चों का ह्यूमन राइट्स नहीं है क्या। आप आतंकवादियों के ह्यूमन राइट्स के लिए लड़ो, हम आतंकवादियों से लड़ने वालों के ह्यूमन राइट्स के लिए लड़ेंगे।

### अनुराग ठाकुर बोले- राहुल को यही नहीं पता कि संविधान में कितने पन्ने हैं



अनुराग ठाकुर ने कहा- कुछ लोग संविधान तो हाथ में लेकर घूमते हैं, लेकिन उन्हें यह तक नहीं पता है कि उसमें कितने पन्ने हैं। आपने कभी इसे नहीं पढ़ा। ये राहुलजी कॉपी लेकर घूमते हैं, उसी में लिखा है कि इंदिरा गांधी की इमरजेंसी ने लोकतंत्र को खत्म किया। एक वकील ने कहा कि संविधान लागू होने के साथ सरकार ने ज्यूडीशियरी के साथ सींग फंसाकर रखे। राहुल जी संविधान पढ़कर देखिए दिख जाएगा कि गांधी परिवार ने कैसे इसकी धज्जियां उड़ाईं। ये अंगूठा काटने की बात कहते हैं और इनकी सरकार ने सिखों के गले काटे गए। संविधान जेब में लेकर घूमते हैं, इन्होंने उसे तार-तार किया। देश से माफी मांगिए। संविधान का बार-बार संशोधन किया, आपकी सरकार ने किया।



### प्रियंका बोलीं- मेरी स्पीच से अडाणी शब्द हटा दिया गया

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, भाजपा वास्तविक मुद्दों पर बात नहीं करना चाहती। कल मेरे भाषण से अडाणी शब्द हटा दिया गया। ऐसा क्यों क्या यह एक असंसदीय शब्द है? वे किसी का भी नाम ले सकते हैं लेकिन हम अडाणी का नाम नहीं ले सकते?



### श्रीकांत शिंदे का राहुल को जवाब

श्रीकांत शिंदे ने कहा- इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी को चुनावी धांधली के लिए अयोग्य ठहराने का फैसला किया था। इस फैसले को रोकने के लिए असंवैधानिक हथकंडे अपनाए गए। जस्टिस सिन्हा को देहरादून से इलाहाबाद चीफ जस्टिस ने फोन किया। गृह मंत्रालय के सचिव फैसले को जुलाई तक टालने का दबाव बना रहे हैं। जज के निजी सचिव को धमकियां दी गईं। छद्म के विशेष टास्क फोर्स को लगाया गया। आपातकाल में ना विपक्ष सुरक्षित था, ना जनता और ना जज।



### कांग्रेस सांसद बोले- वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध करेंगे

वन नेशन वन इलेक्शन पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, कांग्रेस पार्टी इस प्रस्ताव का विरोध करेगी और छस्न समेत कई क्षेत्रीय दल इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। यह संघीय ढांचे को खत्म करने का सरकार का एक और प्रयास है। समय-समय में दो या तीन राज्यों में चुनाव होना लोकतंत्र के लिए बहुत अच्छा है क्योंकि इससे लोगों को राजनीतिक दलों का समर्थन या विरोध करने का मौका मिलता है।

## दुनिया के टॉप-25 अमीर परिवारों की लिस्ट जारी

### वॉलमार्ट चलाने वाला वॉल्टन परिवार सबसे ऊपर, अंबानी फैमिली 8वें नंबर पर



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** ब्लूमबर्ग ने दुनिया के 25 सबसे अमीर परिवार की लिस्ट जारी की। इनकी संपत्ति इस साल 34.5 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। कंज्यूमर रिटेल कंपनी वॉलमार्ट चलाने वाला वॉल्टन परिवार लिस्ट में सबसे ऊपर है। ये बीते साल दूसरे नंबर पर रहा था। इस परिवार की कुल नेटवर्थ 36.7 लाख करोड़ रही। यह बीते साल से 14.6 लाख करोड़ रुपए अधिक है। लिस्ट में दूसरे और तीसरे नंबर पर यूएई और कतर के शाही परिवार हैं। 8.45 लाख करोड़ की नेटवर्थ वाला अंबानी परिवार 8वें पायदान पर हैं। 3.5 लाख करोड़ की नेटवर्थ के साथ भारत का ही का मिस्त्री परिवार 23वें नंबर पर रहा। यह परिवार शापोरजी पलोनजी ग्रुप का मालिक है।

### प्रमुख परिवारों का व्यापार

**वॉल्टन परिवार:** 1950 में सैम वॉल्टन ने अमेरिका में फाइव एंड डाइम स्टोर से शुरुआत की। अब दुनिया भर में 10,600 स्टोर्स हैं। वॉलमार्ट में 46% हिस्सेदारी है।

**फ्रांस का हर्मस परिवार:** दुनिया का चौथा अमीर परिवार। यह फ्रांस की लग्जरी फैशन कंपनी है। 1837 में थिएरी हर्मस ने घोड़े की लगाम बनाने से बिजनेस शुरू किया था।

**मार्स परिवार:** पोलियो से ग्रस्त फ्रैंक मार्स ने 1902 में कैंडी का बिजनेस शुरू किया। यह मिल्की वे, स्निकर्स बार के लिए जानी जाती है। अब दुनिया के 7वें अमीर परिवार का फोकस पेट प्रोडक्ट्स पर है।

**अंबानी परिवार:** धीरूभाई अंबानी ने 1955 में रिलायंस कॉमर्शियल कॉर्पोरेशन कंपनी बनाई। पश्चिमी देशों में मसाले एक्सपोर्ट का बिजनेस शुरू किया था। आज रियालंय टेलीकॉम, पेट्रोलियम, रिटेल सहित दूसरे व्यापार में है।

## कंधे से कंधा मिलाकर चल रही महिलाएं : मुख्यमंत्री शर्मा

### सुरक्षा के लिए ऐप लॉन्च किया; बसों में मिलेगा पैनिक बटन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें आई हैं उन्हें नमस्कार करता हूं। उन्होंने कहा जहां नारियों का सम्मान होता है वहां हमेशा देवताओं का निवास होता है। हम पुरुष-स्त्री को रथ के दो पहिए के समान देखते हैं। पहले कहा जाता था कि हर सफल पुरुष के पीछे महिला होती है। अब कहा जाना चाहिए कि हर सफल व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली महिला शक्ति होती है। सीएम ने कहा- पिछली सरकार के समय महिला अपराध से राजस्थान बदनाम रहा था। हमने हमारे संकल्प पत्र में कहा था कि महिला अपराध को लेकर कार्रवाई करेंगे।

हमने सरकार बनते ही इस पर काम शुरू कर दिया। महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ रोकने के लिए रात के समय पेट्रोलिंग शुरू की। हमने महिला सुरक्षा के लिए ऐप भी शुरू किया है। हमारा प्रयास है कि बालिकाओं को शुरू से ही शिक्षा प्राप्त हो ताकि वह उन्नति की और अग्रसर हो। हम इस दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए लाड़ो प्रोत्साहन योजना शुरू की है। आज हमने 1 लाख लाभार्थियों को राशि भेजी है। उदयपुर के गांधी ग्राउंड में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने निशुल्क स्कूटी छात्राओं को प्रदान की। उन्होंने शिक्षा विभाग की लाभार्थी बालिकाओं के साथ फोटो खिंचवा कर उनको प्रोत्साहित किया। सीएम ने राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की स्टाल पर महिलाओं को इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम देने की जानकारी ली और लाभार्थियों संवाद भी किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा, टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्यमंत्री मंजू बाघमार भी मौजूद रही।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित


# जयपुर ज्वैलरी शो 2024 : 20 दिसंबर को ज्वेलरी और रत्न उद्योग का महाकुंभ

## जयपुर में 22वें जेजेएस शो में रूबी आभूषणों को मिलेगा विशेष स्थान, देश-विदेश से 50,000 से अधिक विजिटर्स होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** देश का नंबर वन बी2बी एवं बी2सी शो - जयपुर ज्वलैरी शो का आयोजन रूबीज... रेयर, रॉयल और रेवर्ड थीम के साथ जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में 20 से 23 दिसंबर 2024 को होने जा रहा है। जेजेएस दिसंबर शो के रूप में विश्व भर में अपनी खास पहचान बना चुका है, जिसमें शीर्ष जवाहरात कारोबारी अपनी नई डिजाइन और बेहतरीन कारीगरी को प्रदर्शित करते हैं और देश-विदेश के सालाना कैलेंडर में जेजेएस को स्थान दिया जाता है।

जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने कहा कि जेजेएस अपनी पूरी भव्यता के साथ दिसंबर में आयोजित




किया जा रहा है। शो को सफल बनाने के लिए जेजेएस टीम पूरे जोश और मेहनत के साथ कार्य में जुटी हुई है। द दिसंबर शो के लिए इस वर्ष एग्जीबिटर्स में उत्सुकता देखने को मिल रही है। जेजेएस मानद सचिव राजीव जैन के अनुसार गत पिछले वर्षों से जेजेएस के मुख्य अतिथि रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के विशिष्ठ शख्सियत होते हैं। इस वर्ष भी जयपुर कन्वेंशन सेंटर में बीस दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जेजेएस का विधिवत उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि जेजेएस वर्ष 2024 में जयपुर कन्वेंशन सेंटर में 1200 से ज्यादा बूथ्स होंगे। इनमें से 329 बूथ्स जेमस्टोन्स की होंगी। 723 बूथ्स पर ज्वेलरी प्रदर्शित की जाएगी जबकि 13 पर कॉस्ट्यूम एवं सिल्वर आर्टिकल्स प्रदर्शित होंगे। इसके अतिरिक्त, 58 बूथ्स पर अलाईड मशीनरी के होंगे। वहीं इस वर्ष भी ज्वेलरी सैक्शन में लगभग 66 प्रतिशत डिजाइनर बूथ्स हैं, जो जेजेएस को न केवल खूबसूरत बनाएंगे। बल्कि विजिटर्स को नयापन का एहसास होगा।

**पुराने और नए एग्जीबिटर्स की भागीदारी :** राजीव जैन के अनुसार जेजेएस के गत संस्करण की भांति एरिया में समानता होगी। जेजेएस में ना केवल पुराने एग्जीबिटर्स लगातार जुड़े हुए हैं, बल्कि नए एग्जीबिटर्स भी जयपुर के इस ब्रान्ड में भाग लेने में गहरी रुचि दिखा रहे हैं। जेजेएस-2024 में नए एक्जीबिटर्स के साथ-साथ ही कई राष्ट्रीय ब्रांड भी हिस्सा लेंगे। इस बार जेजेएस में 8 हजार से अधिक ट्रेड विजिटर्स और लगभग 50 हजार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विजिटर्स शामिल होंगे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बूथ्स में 10: की वृद्धि हुई है।

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी :** जेजेएस-2024 में तीन अंतरराष्ट्रीय एग्जीबिटर्स भी आएंगे। जिसमें बैंकॉक से एक बूथ और हॉगकॉग से 1 बूथ होगा। इसके अतिरिक्त, जयपुर सहित मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, बैंगलोर, हैदराबाद और अहमदाबाद से भी एग्जीबिटर्स शामिल होंगे। जेजेएस मानद सचिव राजीव जैन से बताया कि इस वर्ष जेजेएस 2024 में भी पिंक क्लब नए स्थान पर होगा और यह ज्यादा स्पेस के साथ हॉल 2 का हिस्सा होगा। पिंक क्लब में 98 प्री-फैब्रिकेटेड बूथ्स होंगे और केवल बी2बी ग्राहक ही इस पवेलियन में जा सकते हैं। इस पवेलियन में एक विशेष लाउंज और कॉम्पलीमेंट्री चाय,कॉफी और मुफ्त वाई-फाई भी होगा। जेजेएस प्रवक्ता अजय काला ने बताया कि जयपुर को जेम एंड ज्वैलरी में एक ब्रांड बनाने के लिए - पिछले वर्षों की तरह जेजेएस 2024 कुछ संगठित और सुनियोजित प्रचार-प्रसार करेगा। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का चुनिंदा मेल प्रचार अभियान को अत्यधिक प्रभावी बना देगा। इसके अतिरिक्त, हाईवे होर्डिंग्स और एफएम रेडियो का विवेकपूर्ण उपयोग भी होगा। न केवल जयपुर में बल्कि अन्य शहरों में भी व्यापक कवरेज के साथ इस वर्ष आउटडोर प्रचार भी किया जाएगा।

# राजधानी जयपुर में इग्नाइट नाइट में होगा बॉलीवुड सिंगर्स का धमाल

## जलेबी बाई फेम बॉलीवुड सिंगर ऋतु पाठक देंगी प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पिंकसिटी में न्यू ईयर के आगमन के लिए प्री सेलिब्रेशन का आगाज होने जा रहा है। इसी कड़ी में सुरों की मल्लिका और जलेबी बाई गाना फेम सिंगर ऋतु पाठक की इग्नाइट नाइट का आयोजन रविवार रात 8 बजे से होगा। जयपुर के न्यू आतिश मार्केट स्थित इग्नाइट क्लब में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को भव्य बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसमें ऋतु पाठक के साथ बॉलीवुड सिंगर अपनी आवाज का जलवा बिखेरेंगे। बॉलीवुड सिंगर कुमार दीपक इस लाइव कॉन्सर्ट में अपनी प्रस्तुति देंगे। इग्नाइट क्लब के प्रमुख राजकुमार झाझरिया ने बताया कि हमारा मकसद पिंकसिटी के यूथ को प्री न्यू ईयर सेलिब्रेशन का लुत्फ देना है। जहां बॉलीवुड सिंगर्स के गानों पर दमदमाती डिस्को लाइट्स के बीच डांस और मस्ती का जलवा एक साथ देखने को मिलेगा। सिंगर ऋतु पाठक ने अल्लाह दुहाई है, जलेबी बाई जैसे गानों में अपनी आवाज दी है। उन्होंने कई प्रमुख संगीतकारों, जैसे शंकर-एहसान-लॉय, साजिद-वाजिद और आनंद राज आनंद के साथ कई गाने रिकॉर्ड किए हैं। झाझरिया ने बताया कि सिंगर ऋतु पाठक ने फिल्म हाउसफुल के लिए वॉल्यूम कम कर, पापा जग जाएगा गाने के लिए चुना।



उसके बाद, उन्होंने संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती के साथ मिलकर फिल्म थैंक यू का गाना रजिया गुंडों में फंस गई और हैलो डार्लिंग और एक्शन रिप्ले के अन्य गाने गाए। उन्होंने आनंद राज आनंद के साथ मिलकर फिल्म डबल धमाल के लिए जलेबी बाई गाने पर काम किया, जो आज तक उनके सबसे लोकप्रिय गानों में से एक है। पाठक ने कई मौकों पर अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा के लिए पार्श्व गायन किया है, जैसे कि आर. राजकुमार की फिल्म गंदी बात के गीत में उन्होंने अपनी दमदार प्रजेंस दर्ज कराई।

# दी बार एसोसिएशन सांगानेर के चुनाव में तीर्थ नारायण शर्मा अध्यक्ष और ओमप्रकाश चौधरी महासचिव निर्वाचित







बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दी बार एसोसिएशन सांगानेर के चुनाव में तीर्थ नारायण शर्मा अध्यक्ष पद के लिए एवं ओमप्रकाश चौधरी महासचिव पद के लिए निर्वाचित हुए। विशेष चुनाव अधिकारी शिवरतन विजयवर्गीय ने बताया कि दी बार एसोसिएशन सांगानेर के चुनाव दिनांक 13.12.2024 को प्रातः 7.30 बजे से 3.00 बजे तक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। कुल 508 मतदाताओं में से 496 ने अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान के पश्चात 4.00 बजे मतगणना प्रारंभ हुई, जिसमें सबसे पहले सांस्कृतिक सचिव की मतगणना की गई। इस चुनाव में विनीता पारीक ने विजेन्द्र कुमार को 67 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार कुमावत ने राजकिशोर धानका को 156 मतों से हराया। उपाध्यक्ष पद पर आनंद सिंह यादव ने राजकुमार दायमा को 85 मतों से हराकर विजय प्राप्त की। महासचिव पद पर ओमप्रकाश चौधरी ने 176 मतों से भागचंद सैनी को हराया। अध्यक्ष पद पर रोचक मुकाबला हुआ, जिसमें तीर्थ नारायण शर्मा ने टीकमचंद शर्मा को 37 मतों से हराकर विजय प्राप्त की। चुनाव संचालन समिति के अधिकारी संपत सिंह नरूका, रोशन लाल बेरवा, ताराचंद एनचारा, और विशेष चुनाव अधिकारी शिवरतन विजयवर्गीय तथा राम सिंह चौधरी ने बताया कि मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इसके तहत उप-सांस्कृतिक सचिव पद पर सुमन फुलवरिया, उप-कोषाध्यक्ष पद पर ज्योति मनचंदा, संयुक्त सचिव पद पर मुकेश कुमार परवाल, पुस्तकालय सचिव पद पर कौशलेंद्र कुमार शर्मा और कार्यकारिणी के 10 पदों पर महेंद्र सिंह सांवरिया, नीतू जैन, विजय शेट्टी, धीरेंद्र सिंह राजावत, अशोक शर्मा, आशीष कुमार शर्मा, अनवर अली, मुकेश वर्मा, चंद्रशेखर गहलोत और अमित मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव संचालन समिति ने सभी मतदाताओं और प्रत्याशियों को शांतिपूर्ण चुनाव में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# चारे की 51 गाड़ियों को मुख्यमंत्री के द्वारा हरी झंडी दिखाकर 51 गौशालाओं के लिए किया जायेगा रवाना

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर करेंगे कल्प वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान राज्य के मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा के 57वें जन्मदिवस पर दिनांक 15 दिसम्बर 2024, दिन रविवार को अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता व हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता की अगुवाई में कल्प वृक्षारोपण से गौ आधारित जैविक हरित प्रदेश हेतु संदेश भी दिया जायेगा। मुख्यमंत्री के द्वारा गौ सेवा के प्रकल्प के अंतर्गत हरे चारे की 51 गाड़ियों को 51 गौशालाओं के लिए केसरिया झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर जयपुर शहर के समीपवर्ती गौशालाओं की मदद के प्रकल्प के मद्देनज़र हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी जिसमें बाबा भैरु भठोड गौशाला-विराटनगर, बाबा भोमिआ गौशाला समिति - पावटा, बाबा मंगलदास नंदीशाला समिति-बस्सी, बंसी गोपाल गौशाला-बस्सी, द्वारकाधीश गौ सेवा समिति-फागी, श्री श्याम गौरक्षा सेवा समिति-झोटवाड़ा, गो पुनर्वास केंद्र-हिंगोनिआ, गोपाल गोशाला बघवास-बस्सी, गोपाल गौशाला प्रबंध समिति-साम्भर लेक, गोशाला सेवा समिति-बेगस, गोशाला सेवा समिति-बोबास, गोशाला सेवा समिति-रामकुई पचर-झोटवाड़ा, गौशाला सेवा समिति-हिंगोनिआडूगरी, गुफा वाले संत बाबा गौशाला समिति-झोटवाड़ा, जगदम्बा गौसेवा समिति रोटेवारा-फागी, ओमशिव गौशाला-साम्भर लेक, पंच हनुमान गोशाला ट्रस्ट - जयसिंहपुरा, श्री बाग वाले बालाजी गौशाला समिति-रेनवाल, श्री कृष्ण गोपाल गौशाला - मनोहर वाटिका, श्री कृष्ण गोपाल गौशाला समिति-भेसलाना, श्री संत परमसुखदास जी महाराज आश्रम गौशाला-झोटवाड़ा, श्री श्याम भूतनाथ गौसेवा समिति-शाहपुरा, श्री श्याम गौ सेवा संस्थान-कलख, श्री बालाजी की कुई बलराम आश्रम ट्रस्ट-बस्सी, श्री बालाजी गौसेवा संस्थान-झोटवाड़ा, श्री बालाजी गौशाला सेवा समिति-लुनिआवास,श्री भैरुजी महाराज गौसेवा समिति-सांगानेर, श्री दादू पालिका भैराणा धाम गौशाला समिति-दूदू आदि गौशालाओं को माननीय के कर कमलों से हरा चारा वितरित किया जायेगा।

# जिला प्रशासन के प्रयास लाए रंग...एक महीने में 211 राहें हुई आसान

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश सभी तहसीलों में जारी है रास्ता खोलो अभियान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुरू हुआ रास्ता खोलो अभियान ग्रामीणों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े 211 रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती सुमन पंवार ने बताया कि अभियान के तहत जोबनेर तहसील में सर्वाधिक 17 रास्ते तो वहीं, चौमूं तहसील में 16 रास्ते खुलवाए गए। आमेर, आंधी, शाहपुरा, किशनगढ़-रेनवाल,



फुलेरा तहसील में 15-15 रास्ते तो वहीं, सांगानेर, माधोराजपुरा तहसील में 14-14 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि चाकसू तहसील में 11 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 10 रास्ते, बस्सी, रामपुरा-डाबड़ी, जालसू एवं कोटखावदा तहसील में 9-9 रास्ते, कालवाड़ एवं तुंगा तहसील में 7-7 रास्ते तो वहीं, जयपुर तहसील में 4 रास्ते खुलवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा ।ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

# आज होगा अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

## खेल एवं युवा मामलात मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस (पुरूष/महिला) खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार, 15 दिसंबर 2024 को प्रातः 11:30 बजे होगा। सवाई मानसिंह स्टेडियम में रविवार को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल एवं युवा मामलात मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे। 21 दिसंबर तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न प्रदेशों से रीजनल स्पोर्ट्स बॉडी, राज्य सचिवालय, केन्द्र शासित प्रदेशों की कुल 33 टीम भाग लेंगी। शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित मैनेजर कमेटी की बैठक में मुकाबलों के ड्रा निकाले गए।

# परीक्षा देने आए युवक को कार सवार बदमाशों ने किया अपहरण

## चार लाख रुपए की फिरौती लेकर छोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अलवर से जयपुर आरपीएफ एसआई की परीक्षा देने आए युवक को कार सवार बदमाशों ने अगवा कर लिया और फिर मारपीट कर उसके भाई व जीजा से चार लाख रुपए की फिरौती लेकर सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। पीडित ने इस मामले में खोह नागोरियान थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसआई मुकेश के अनुसार कानेटी अलवर निवासी राजू लाल ने मामला दर्ज करवाया कि वह अलवर से आरपीएफ के एसआई पद पर परीक्षा देने जयपुर आया था। परीक्षा देने से पहले वह अपने दोस्त निरंजन के पास जगतपुरा में रुक गया। गांव वापस जाने के दौरान सीबीआई फाटक के पास प्रवीण मीणा और उसके साथी गाड़ी लेकर आए और उसे अगवा कर अपने साथ ले गए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे जबरन शराब पिलाई। इसके बाद आरोपियों ने उसके भाई और जीजा को फोन कर अलग-अलग चार लाख रुपए ले लिए। इसके बाद आरोपी उसे सुनसान स्थान पर छोड़कर भाग निकले। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर आपबीती बताई। पुलिस ने मामला दर्ज कर नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# आपसी कहासुनी के बाद दो दोस्तों ने किया था युवक को आग के हवाले

## दोनों आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, रुपयों को लेन-देन को लेकर था विवाद, बगरू थाना इलाके का मामला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बगरू थाना इलाके में गुरुवार रात दो बदमाशों ने एक युवक पर पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई थी। हत्या के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि युवक को उसके दोस्तों ने ही आग के हवाले किया था। उनके बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि चंदोलपुर बाजना भरतपुर निवासी 19 वर्षीय राकेश गुर्जर पुत्र मोहरसिंह हिम्मतपुरा में एक फार्म हाउस में रहकर परिवार की खेती बाड़ी में मदद करता था। जो गुरुवार रात को रामसिंहपुरा गांव में जेडीए की आवासीय योजना के खाली प्लाटों में वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था। रुपयों के लेनदेन को लेकर आपस में विवाद था। विवाद के चलते मनोज और हरिमोहन ने उस पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी और फिर वहां से फरार हो गए। आग में गंभीर रूप से झुलसने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मोहर सिंह ने मामला दर्ज करवाया था कि उसके बेटे राकेश को उसके दोस्त



मनोज कुमावत और हरिमोहन मीणा गुरुवार दोपहर करीब एक बजे अपने साथ ले गए। आरोपियों ने राकेश से रुपयों की मांग की। सर्दी से बचने के लिए आरोपियों ने अलाव जला रखा था और उसमें लगातार शराब डाल रहे थे। रुपए देने से मना करने पर आरोपियों में कहासुनी हो गई। इस पर दोनों आरोपियों ने राकेश को जलती आग में झोंक दिया। इससे उसकी मौत हो गई। मामले में मनोज कुमावत निवासी नेहरो की ढाणी गुढ़ा बैरसल और हरिमोहन मीणा निवासी गुढा बैरसल मौजमाबाद को गिरफ्तार किया है।

# रोडवेज की टक्कर से टेम्पो ट्रैवल पलटी, आधा दर्जन लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अशोक नगर थाना इलाके में स्थित सेंट्रल पार्क के गेट नम्बर तीन के सामने शनिवार को एक रोडवेज बस ने टेम्पो ट्रैवल को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेम्पो ट्रैवल पलट गया। हादसे में टैंपो ट्रैवल में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सड़क दुर्घटना थाना दक्षिण के एएसआई मगन ने बताया कि सेन्ट्रल पार्क के गेट नम्बर 3 के सामने भाटिया भवन से आ रहे टेम्पो ट्रैवल की भिड़ंत हो गई थी। हादसे के बाद घायलों को एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। टेम्पो ट्रैवल के ड्राइवर मुकेश ने बताया कि स्टाफ भाटिया भवन से रामबाग चौराहे स्थित एक पांच सितारा होटल में कैटरिंग के काम करने के लिए जा रहा था। इस दौरान ये हादसा हो गया।

# बाइक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मालवीय नगर थाना इलाके में अपेक्स सर्किल के पास बाइक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक के परिजनों की शिकायत पर मालवीय नगर थाने में बाइक सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं। मृतक के बेटे संतोष राम ने शिकायत में बताया कि बाइक ओवर स्पीड में थी इसी दौरान पैदल चल रहे उसके पिता को बाइक सवार ने टक्कर मारी। जिस से उनकी मौत हो गई। शिकायत पर मालवीय नगर थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज की। दुर्घटना थाना पूर्व के जांच अधिकारी एएसआई ईश्वर सिंह ने बताया कि गुरूवार को दोपहर ढाई बजे मृतक किरोड़ी लाल बैरवा (55) जो की शिव मंदिर के पास लालखान कुंडा बस्सी झालाना में रहते थे। पैदल घर से अपेक्स सर्किल की तरफ गये। ऐलन कोचिंग के पास पहुंचे तो पीछे से बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक सवार बाइक को लेकर मौके से भाग गया।

# सिंवाल बने जिला अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश लाटा )।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित केसरी शर्मा की अभिशंषा पर जिला अध्यक्ष पूनम चंद पारीक ने आज रतनगढ़ तहसील के पाबूसर निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र सिंवाल को राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। सिंवाल की इस नियुक्ति पर भरत गौड़, तरुण पारीक, वेद प्रकाश शर्मा, विष्णु गौड़, हिमांशु गौड़, श्रीचंद व्यास, मुरली बोचीवाल, सुनील भोजक, सुरेश सिंवाल, मुरारी सिंवाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए राजेंद्र सिंवाल को बधाई दी।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का शुभारम्भ आज

## आमजन को प्राप्त होंगी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** राज्य सरकार आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें सुगमता एवं सुलभता के साथ उपलब्ध कराने के लिये सदैव प्रतिबद्ध है। हर नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिये राज्य सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश में सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया की यह शिविर चिकित्सा विभाग, आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आपसी समन्वय एवं सहयोग से रविवार 15 दिसम्बर से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित किये जायेगें। शिविर में आयुष पद्धति के माध्यम से रोगों का निदान एवं उपचार, विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा टेलिकंसल्टेशन, गर्भवती महिलाओं की जॉच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर स्क्रीनिंग, एनिमिया स्क्रीनिंग एवं अंधता रोगी की स्क्रीनिंग की जायेगी। साथ ही शिविर में एम्बुलेंस के माध्यम से उच्च संस्थान पर ले जाकर उपचारित किया जावेगा तथा शिविर में 37 प्रकार की जॉच सुविधा निन्शुल्क उपलब्ध होगी। डीएनओ रविकान्त जांगिड़ ने बताया की मुख्यमंत्री आरोग्य शिविरों का आयोजन जिले के प्रत्येक ब्लॉक में किया जायेगा। जिसमें प्रारम्भिक शिविर 15 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विराटनगर, बनेठी, नारायणपुर, बर्ड़ोद व मांढन् सीएचसी पर आयोजित होगें। इसी दिन प्रत्येक ब्लॉक में चयनित आयुष्मान मॉडल सीएचसी का भी शुभारम्भ किया जायेगा। शिविर की एप के माध्यम से प्रतिदिन मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग की जायेगी। शिविर के समाप्त होने पर फॉलोअप एवं रैफरल शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

# भजनलाल सरकार ने महिलाओं को किया सशक्त, दिया हौसला : सहारण

## प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला मुख्यालय पर आयोजित हुआ महिला सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश लाटा )।** प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित उत्सव के क्रम में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला स्तरीय महिला सम्मेलन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में उदयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश भर की महिलाओं से संवाद किया तथा मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना व लाडो प्रोत्साहन योजनांतर्गत नकद लाभ का हस्तांतरण किया। टाऊन हॉल में हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी, एडीपीआर कुमार अजय बतौर अतिथि मौजूद रहे।

### महिलाओं के सशक्तीकरण से होगा सशक्त समाज का निर्माण

विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में विशेष कदम उठाए हैं। आज हमारी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम भजनलाल शर्मा की मंशा है कि महिलाएं सशक्त हों ताकि एक सशक्त समाज का निर्माण हो। सशक्त महिलाओं से ही समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

इसलिए महिलाएं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें तथा अपने परिवेश की महिलाओं को भी प्रेरित करें।

### महिलाओं को समुचित अवसर दे रही सरकार

जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि महिलाओं को विकास के लिए समुचित मिलें और वे निरंतर सशक्तीकरण की ओर बढ़ें, इस बात के लिए प्रदेश सरकार सतत प्रयासरत है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं को अभूतपूर्व सौगात दी हैं। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का हौसला दिया है। सरकार ने सबका साथ - सबका विकास- सबका उत्थान की संकल्पना के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को छुआ है। प्रधानमंर्ते नरेंद्र मोदी के संकल्प के साथ हमारी महिलाएं लखपति दीदी बन रही है। उनके हुनर को मंच मिल रहा है। आज प्रदेश में महिलाओं को 450 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है। प्रदेश सरकार ने युवाओं व किसानों को सम्मान दिया है। इसी के साथ प्रदेश सरकार हर आदमी को समान अवसर व सम्मान की दिशा में काम कर रही है।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय में 24 बालिकाओं को साईकिल वितरण, बालिकाओं को स्कूल आने जाने में मिलेगी सुविधा

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व महिला सशक्तिकरण हेतु राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित है। जिनमें सरकारी स्कूलों में कक्षा नवीं में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं को राज्य सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा निशुल्क साईकिल वितरण की जाती है ताकि बालिकाओं को अध्ययन में सुविधा मिल सके। इसी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पवाना अहीर के सेठ मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरपंच पूरणमल खटीक की अध्यक्षता एवं समाजसेवी गिरधारीलाल यादव के मुख्य आतिथ्य में कक्षा नवीं की 26 में से 24 बालिकाओं को साईकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मनोज मीणा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि, उप-सरपंच मानसिंह तंवर, प्रकाश चन्द यादव ग्राम सहकारी समिति उपाध्यक्ष, रामकरण हवलदार पंच, शंकर स्वामी, रामजीलाल यादव, नयनपालसिंह विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने बालिकाओं को मुख्यमंत्री निशुल्क साईकिल योजना व अन्य राजकीय सुविधाओं के साथ साथ भामाशाहों द्वारा प्रदत्त सहयोग का भरपूर लाभ लेने व अच्छी मेहनत के साथ पढ़ाई करने को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य महेश चंद यादव ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं यथा नि:शुल्क पौशाक, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति योजना, लैपटॉप, टेबलेट वितरण, ट्रांसपोर्ट बाउचर आदि सहित अनेक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर एक सभ्य व राष्ट्र उपयोगी नागरिक बनने की बात कही। उप प्राचार्य कृष्ण कुमार खजोतिया, वरिष्ठ व्याख्याता प्रवक्ता रामकरण यादव, व्याख्याता अजय कुमार खींची, दाताराम यादव वरिष्ठ अध्यापक, सतवीर यादव वरिष्ठ अध्यापक, शिवपाल यादव शारीरिक शिक्षक, रामोतार नागर,बृजलाल शर्मा, विकास महरिया, राजेश मीणा, धोलाराम मीणा, माडूराम यादव, रतिराम यादव आदि मौजूद रहे।

# एक्सट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी राजस्थान के बच्चों ने जीते रजत व कास्यं पदक

## 68 वीं नेशनल स्कूल गेम प्रतियोगिता सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** त्यागराज स्टेडियम दिल्ली में आज सम्पन्न हुई 68 वें नेशनल स्कूल गेम में एक्सट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी राजस्थान के बच्चों ने रजत व कास्यं पदक जीत राजस्थान का गौरव बढ़ाया।

एक्सट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी राजस्थान और उदयपुर जिला के जनरल सेक्रेटरी संजू सिंह ने बताया कि महिला वर्ग में 52 किलो भार वर्ग में समिस्ता गहलोत ने रजत पदक जीता और पुरुष वर्ग में देवांश टाटावत 50 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। 68 वें नेशनल स्कूल गेम करीबन 29 राज्यों के 600 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

पदक विजेताओं बच्चों को शुभकामनाएं देने में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन प्रेसिडेंट भरत शर्मा कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के जनरल सेक्रेटरी संजीव कुमार जांगड़ा एक्सट्रीम मार्शल आर्ट इंडिया के चीफ डायरेक्टर अनिकेत गुप्ता असिस्टेंट चीफ डायरेक्टर दीपिका धीमन टेक्निकल डायरेक्टर अख्तर और समस्त एक्सट्रीम मार्शल परिवार और सभी बच्चों के माता-पिता ने दी शुभकामनाएं दी।

# सरकार के एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले स्तरीय महिला सम्मेलन कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित किया गया। जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई समारोह में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत महिलाओं को लाभांवित किया गया। सम्मेलन में मेधावी छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया गया वहीं, महिलाओं को सोलर इंडक्शन का भी वितरण किया गया। समारोह में राजीविका महिला स्वयं सहायता समुहों की सदस्यों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला प्रमुख रमादेवी चोपड़ा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए कई फैसले लिये हैं ताकि आधी आबादी प्रदेश के विकास में पूरी भागीदारी निभा सके। महिलाएं प्रदेश की विकास यात्रा में अपना योगदान दे सके इसी दिशा में केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा महिला वर्ग को केन्द्र बिन्दु मानते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी, नमो ड्रोन दीदी के साथ ही राज्य सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर महिलाएं आत्मनिर्भर बनती है तो राज्य और देश भी आत्मनिर्भर बनता है। राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम एवं बच्चियों व महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए हमने राज्य में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के गठन का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में 250 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के संचालन के लिए हमने स्वीकृति जारी कर एक हजार कांस्टेबल के पद स्वीकृत कर दिए हैं। महिलाओं को आपात स्थिति में 24 घंटे पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए आज हमने एक ऐप तथा आरएसआरटीसी के सुरक्षा कमांड सेंटर व पैनिक बटन परियोजना का शुभारंभ किया है। आयोजन में जिला कललक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शेर सिंह लुहाड़िया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री और डीग-कुम्हेर विधायक ने बच्चों को दूध पिलाकर मुख्यमंत्री अमृत आहार 'आंगनबाड़ी दुग्ध वितरण योजना' का जिले में किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान





**भरतपुर ( नि.स. )।** जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) मंत्री एवं प्रभारी मंत्री डीग सुरेश सिंह रावत ने शनिवार को किशन लाल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीग के परिसर में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन कर कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत छात्राओं को स्कूटी वितरित की। इस दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह, प्रभारी सचिव डीग वी सरवन कुमार मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री अमृत आहार-आंगनबाड़ी दुग्ध वितरण योजना के तहत बच्चों को दूध पिलाकर उक्त योजना का शुभारंभ किया। राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर आज उदयपुर में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इसी के साथ प्रत्येक जिले में भी जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। डीग जिले में आयोजित महिला सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने उदयपुर से लाइव प्रसारण सुना। प्रभारी मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' से राज्य में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी। साथ ही, युवाओं के लिए नए रोजगार अवसरों का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने पहले ही साल में कई बड़े निर्णय लिए है। जिससे प्रदेशवासियों से की गई सभी 'गारंटियां' पूरी की जाएंगी। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री डीग जिले के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। कल मुख्यमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन पूंछरी में किया जाएगा। सभी आमजन रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री पूंछरी के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। आगामी समय में परिक्रमा मार्ग का सौंदर्यीकरण सहित अनेकों विकास कार्य किए जाएंगे। कामां विधायक सुश्री नौक्षम चौधरी ने माननीय मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि डीग जिला मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है।

राइजिंग राजस्थान के तहत उद्यमियों ने राजस्थान की भूमि को चुना है। उन्होंने सभी उद्यमी का राजस्थान में और डीग जिले में निवेश करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान एवं अन्य योजनाओं से आने वाले चार वर्षों में राज्य की तकदीर और दिशा बदलती नजर आएगी।

# सृजन द स्पार्क मुंबई में पुरस्कृत



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** हिंदुस्तान के जाने-माने उद्योगपति, समाजसेवी एवं फिल्मी सितारों की उपस्थिति में खचाखच भरे मुंबई के मुकेश पटेल ऑडिटोरियम में उदयपुर स्थित सृजन द स्पार्क संस्था को पिछले 12 वर्षों से संगीत के क्षेत्र में अनवरत उत्कर्ष कार्य करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सेवा के क्षेत्र में जानी मानी संस्था लायंस क्लब द्वारा स्थापित पिछले 30 वर्षों से सेवा के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्यों के लिए दिए जाने वाले लायन गोल्ड अवार्ड से संस्था को सम्मानित किया गया। इस सम्मान को संस्था के चीफ पैटर्न रिटायर्ड आई जी प्रसन्न कुमार खिमेसरा एवं संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने ग्रहण किया । इस मौके पर संस्था के अन्य सदस्य श्री जी आर लोढ़ा, डॉ अजय मुर्डिया एवं भूपेंद्र श्रीमाली भी उपस्थित रहे । अंतरराष्ट्रीय संस्था लायंस क्लब के मुंबई चैप्टर लायंस क्लब मुंबई सोल द्वारा स्थापित इस गोल्ड अवार्ड को देते हुए लॉयन्स क्लब के पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक राजू मनवानी ने प्रसन्न खिमेसरा का संगीत से लगाव , हुनरमंद लोगों को यथोचित मंच उपलब्ध करवाना , शायरी और संगीत से जुड़े लोगों का उनके द्वारा किए गए कार्यों का सम्मान करने वाली बातों से उपस्थित जनसमूह से परिचय कराया । इस सम्मान को पाने वाले अन्य लोगों में फिल्म एक्टर कार्तिक आर्यन आदित्य पंचोली हीरोइन रूपा गांगुली जूही परमार फिल्म गदर के डायरेक्टर अनिल शर्मा एवं कई टीवी स्टार भी शामिल थे।

# सर्दी के मौसम में महिलाओं की पसन्द बन रही शॉल एवं पशमीना

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** श्री कृष्ण आर्ट एंड क्राफ्ट्स की ओर से नगर निगम प्रांगण में चल रहा सिल्क ऑफ़ इंडिया मेला अब अपने यौवन पर पहुंच चुका है। यहां पर मेला प्रारंभ होने से लेकर मेला के दिन समाप्ति तक सैकड़ों लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

सिल्क मेले में अपनी स्टोल सजा कर बैठे कई व्यापारियों ने बताया कि अब उदयपुर में सिल्क के प्रति लोगों का आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है। सिल्क मेले में कई व्यापारी ऐसे हैं जो उदयपुर में जब सिल्क मेले की शुरुआत हुई थी तब से लेकर आज तक इस मेले में अपनी स्टोल लगाते आ रहे हैं। कई व्यापारियों ने बताया कि हम सालों से उदयपुर में आ रहे हैं। हर बार पिछले साल से अगले साल में हमें लोगों का बहुत प्यार मिलता है। इस बार तो सिल्क के प्रति शहर वासियों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

कश्मीर से उदयपुर सिल्क मेले में आए फिरदोस ने बताया कि वह स्टॉल नंबर 48 पर कश्मीरी सालों की बिक्री कर रहे हैं। उनके पास 400 रूपयें से लेकर से 2 लाख, ढाई लाख, 3 लाख, 4 लाख से लगाकर 6 लाख रुपए तक की पशमीना शॉलें हैं। हालांकि उदयपुर में पशमीना शॉल को लेकर लोगों में इतनी समझ नहीं बन पाई है फिर भी इस बार उन्होंने यह तय कर लिया है की हर आने वाले खरीदारों को वह पशमीना शॉल की उपयोगिता और उसके महत्व के बारें में बताएंगे और ढाई लाख से लगाकर 6 लाख तक के शॉल जरूर बेच कर जाएंगे। ऐसा नहीं है कि पशमीना शॉल लोग खरीदते नहीं है लेकिन उन्हें शुद्ध माल की पहचान नहीं होने से वह अक्सर पशमीना के नाम से सस्ती शॉले ले लेते हैं।

उन्होंने बताया कि ढाई लाख से 6 और 7 लाख तक की 1 साल को बनाने में 6 माह से 1 साल तक का समय लगता है। इसमें 4 से 6 कारीगर लगातार मेहनत करते हैं। इसमें जो रेशा व ऊन काम में आता है वह हर कहीं नहीं मिलता है। इसके लिए उन्हें लद्दाख से कीड़े लाकरके उन्हें घर में पालने पड़ते हैं। वही कीड़े उन्हें ऊन और रेशा देते हैं। पशमीना शाल शुद्ध रूप से हाथों से ही बनाई जाती है इसमें मशीन का कोई काम नहीं होता है यह खरीदने में जरूर महंगे लगती है लेकिन यह शाले दिखने में खूबसूरत और बहुत ही गर्म होती है।

# एश्वर्या चल वैजयंति प्रतियोगिता सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। **एश्वर्या** कॉलेज मे 14वीं अंतरमहाविद्यालयी ऐश्वर्या चल वैजयन्ती प्रतियोगिता का समापन हुआ। साहित्यिक गतिविधियों के एक साझा मंच के तहत् पोस्टर, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियागिताएँ हुई।कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का खिताब मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने जीता। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विवेकानंद कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में द स्कॉलर एरीना, उदयपुर ने बाजी मारी। समापन समारोह में अतिथि डॉ. लोकेश जैन, द स्कोलर एरिना, कुंवर राज विद्याभवन गांधी एण्ड इंस्टीट्युट, और डॉ. अंजु व्यास ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

## सम्पादकीय

# धर्म चाहे जो भी हो अच्छे इंसान बनो

अमेरिका के शेयर बाजारों पर विभिन्न बाजार पर्यवेक्षकों के आलेखों और टिप्पणियों की बाढ़ देखने को मिली। लगभग उन सभी का मानना था कि वह इकलौता ऐसा बाजार है जहां निवेश करना सही है। इनमें से अधिकांश बाजार पर्यवेक्षकों का मानना है कि अमेरिकी बाजार अपनी तेजी के उच्चतम स्तर पर हैं। यह सहमति इतनी तगड़ी है कि अमेरिका तथा दुनिया के अन्य हिस्सों के निवेशकों ने भी उभरते बाजारों जैसे अन्य क्षेत्रों पर नजर तक डालनी बंद कर दी है। उभरते बाजार वर्ग के सामने फिलहाल गंभीर चुनौतियां हैं और वे प्रासंगिक बनने की कोशिश कर रहे हैं। वर्ष 2025 के लिए अधिकांश वैश्विक पूर्वानुमान यही मान रहे हैं कि अमेरिका इकलौता ऐसा बाजार है जिस पर समय और धन लगाया जाए। आंकड़ों पर नजर डालें तो यह देखना आसान है कि आखिर क्यों हर कोई अमेरिका को लेकर सकारात्मक है और क्यों विरोधी अमेरिकी परिसंपत्तियों को लेकर सकारात्मकता के प्रति इतने असहज हैं। बीते वर्षों के दौरान अमेरिकी शेयरों ने अन्य सभी भौगोलिक क्षेत्रों में उभरते बाजारों के शेयरों को पीछे छोड़ दिया है। खासतौर पर 2008 में वित्तीय संकट के बाद। वर्ष 2010 के आरंभ से 2024 के अंत तक के 15 साल में अमेरिकी बाजारों ने एमएससीआई वर्ल्ड इक्विटीज को 14 साल पछाड़ा। केवल 2017 अपवाद रहा। बीते एक दशक में एसऐंडपी 500 ने यूरोपीय शेयरों को सालाना 7.7 फीसदी की दर से और उभरते बाजारों के शेयरों को सालाना 9.7 फीसदी पीछे छोड़ा है।

आज एमएससीआई वर्ल्ड इक्विटी सूचकांक में अमेरिका 67 फीसदी का हिस्सेदार है यानी अमेरिकी कॉर्पोरेट जगत दुनिया के अन्य बाजारों के संयुक्त भार से दोगुना भार रखता है। अगला बड़ा बाजार जापान है जो सूचकांक में पांच फीसदी हिस्सेदारी रखता है। दुनिया में कहीं भी वैश्विक शेयरों पर होने वाली चर्चा में 90 फीसदी से अधिक समय अमेरिका पर खर्च किया जाता है। यह इकलौता बाजार है जो मायने रखता हुआ नजर आता है। अन्य सभी बाजार और वैश्विक रुझान अमेरिका केंद्रित हैं। अमेरिकी शेयर वैश्विक शेयरों की तुलना में रिकॉर्ड स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। ऐसा केवल ऐपल, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल की मातृ कंपनी अल्फाबेट, एमेजॉन, एनवीडिया, मेटा और टेस्ला जैसी सात बड़ी कंपनियों की बदौलत नहीं है। अगर हम इन्हें छोड़कर एसऐंडपी की शेष 493 कंपनियों की बात करें और उनकी तुलना यूरोपीय संघ के शेयरों से करें तो अमेरिकी कंपनियों को हर क्षेत्र में मूल्यांकन में बढ़त हासिल है। मूल्यांकन प्रीमियम का संबंध शेयरों पर उच्च प्रतिफल से है। बहरहाल, हमेशा ऐसा नहीं था। अमेरिकी शेयरों के पक्ष में यह स्थिति वैश्विक वित्तीय संकट के बाद निर्मित हुई। संकट मोटे तौर पर अमेरिका में केंद्रित था और आक्रामक तथा तीव्र नीतिगत प्रयासों के माध्यम से अमेरिका ने मुनाफे पर ध्यान केंद्रित करते हुए समस्या से पार पाया। अगर हम पीछे मुड़कर देखें तो संकट के ऐन पहले यानी 2007 के आखिर तक व्यापक यूरोप का बाजार पूंजीकरण और वैश्विक सूचकांकों पर भार अमेरिका से अधिक था।

# 10 सालों में देश में सड़क दुर्घटना में 15 लाख से ज्यादा लोगों की मौत

**देश में सड़क दुर्घटना के हैरान कर देने वाले आंकड़े बताते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी तो दूर की बात है, बल्कि मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि सड़क दुर्घटना के मामले में भारत का दुनिया में सबसे गंदा रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि जब वह सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेते हैं, तो उन्हें अपना मुंह छिपाना पड़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि देश में हर साल 1.78 लाख लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में चली जाती है, जिनमें से जान गंवाने वाले 60 प्रतिशत लोगों की आयु 18 से 34 साल के बीच में होती है।**

अशोक भाटिया




देश में हर साल लाखों सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसके कारण सैकड़ों-हजारों लोगों की मौत भी होती है। लोकसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को हैरान कर देने वाला खुलासा करते हुए बताया कि पूरे देश में सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों के मामले में दिल्ली एक बार फिर हमेशा की तरह पहले स्थान पर है। इस साल 2024 में सिर्फ दिल्ली के अंदर सड़क दुर्घटनाओं में 1,457 लोगों की जानें गई हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर बेंगलुरु है, जहां 900 लोगों की जानें गई है। जयपुर में 849 और कानपुर में 638 लोगों की मौत सड़क दुर्घटना के कारण हुई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई दुर्घटनाओं में 36.5 प्रतिशत लोगों की जाने गई है। इसके पूर्व नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में इस बात की जानकारी दी थी कि देश में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां देते हैं। गडकरी ने कहा कि सलाहकारों द्वारा तैयार की गई एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में सामने आया है कि देश में हर साल 1.50 लाख से ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां देते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दावा किया था कि देश में हर साल पांच लाख से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें 1.50 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। यह मौतों का आंकड़ा केवल सलाहकारों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में लोगों द्वारा की गई गलतियों के कारण है। उन्होंने दावा किया कि ज्यादातर डीपीआर बहुत रूढ़िवादी हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़कों पर ब्लाइंड स्पॉट (सड़क पर जानलेवा जगह) में सुधार पर जोर देते हुए डीपीआर तैयार करने में गुणात्मक बदलाव लाने की जरूरत है। गडकरी ने कहा, मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है (डीपीआर दोषपूर्ण है) और इसके पीछे क्या कारण हैं।इसके अलावा भारत में सड़क हादसों को लेकर जो और रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 10 सालों में देश में सड़क दुघर्टना में 15 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह आंकड़ा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की आबादी से भी ज्यादा है। केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए कई बार प्रतिबद्धता दोहराई है और ऐसी मौतों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने भी हस्तक्षेप किया है। हालांकि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में हर 10,000 किलोमीटर पर 250 लोगों की जिंदगी छीन गई। अमेरिका, चीन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की बात करे तो ये आंकड़े 57, 119 और 11 हैं। इससे यह स्पष्ट है कि ये आंकड़े बेहद खतरनाक हैं। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत में दुनिया के केवल एक फीसदी वाहन हैं, इसके बावजूद पूरे विश्व में होने वाले हादसों का 11 फीसदी देश में ही घटित होते हैं। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में हादसे कम करने के लिए सड़क सुरक्षा संबंधी उपाय बढ़ाने के लिए भी कहा गया है। सड़क हादसे सिर्फ भारत ही नहीं विश्व के लिए भी चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। इसीलिए वर्ष 2020 में कई देशों ने साथ मिलकर सड़क हादसों में मृत्यु दर को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। हाल ही में फिर से स्टॉकहोम में आयोजित विज़न ज़ीरो पर ग्लोबल मीट और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के नेटवर्क की ग्लोबल मीटिंग हुई, जिसमें साल 2020 के निर्धारित लक्ष्य का जमीनी स्तर पर आंकलन किया गया। दुनिया भर में हर साल 13.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मरते हैं। यह एक बहुत बड़ी संख्या है। दुनियाभर में हर दिन लगभग 3,000 लोग सड़कों पर दम तोड़ते हैं। इन आंकड़ों को देखते हुए वैश्विक नेताओं और प्रतिनिधियों ने इस मीटिंग में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को भी ग्लोबल वार्मिंग या महामारी के समान माना जाना चाहिए। सभी देशों की लगातार कोशिशों के बावजूद दुर्घटनाओं की संख्या में उतनी कमी नहीं आई है, जितनी की उम्मीद की जा रही थी। साल 2010 में, इस संकट ने विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जब संयुक्त राष्ट्र ने घोषणा की कि 2020 तक मौतों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाने के लिए दुनिया भर में प्रयास किए जाने चाहिए। लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।साल 2020 में, विश्व के नेताओं और प्रतिनिधियों ने एक और लक्ष्य निर्धारित किया और 2030 तक सड़क हादसे में मौतों की संख्या को 50 प्रतिशत तक कम करने का निश्चय किया। इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में भारत भी शामिल था। चीज़ें बड़े पैमाने पर शुरू हुईं, लेकिन मौतों की संख्या अभी भी कम नहीं हो पायी है। इसका कारण खराब बुनियादी ढांचा या खराब वाहन हो सकते हैं, लेकिन ज्यादातर बार इसका कारण खराब मानवीय व्यवहार माना गया है। भारत, श्रीलंका, मैक्सिको और बांग्लादेश जैसे देशों को वैश्विक संख्या को कम करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी क्योंकि इन देशों में सड़क पर होने वाली मौतों की संख्या अधिक है। वहीं, स्वीडन का लक्ष्य सड़क पर होने वाली मौतों की संख्या को शून्य पर लाना है। पिछले साल करीब 250 मौतें ही स्वीडन में हुईं, लेकिन देश इस आकड़ें से भी दुखी है और वह आने वाले सालों में इन आंकड़ों को भी वो खत्म करना चाहता है। यही कारण है कि विज़न ज़ीरो का सपना स्वीडन ने देखा। इस विजन से देश ने दूसरे देशों के लिए मिसाल कायम की है। अन्य देशों ने भारत के लिए अच्छे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। वे सड़क दुर्घटनाओं को बहुत गंभीरता से लेते हैं। जब कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो वे उचित जांच करते हैं। भारत में मोटर वाहन अधिनियम है जो कहता है कि हर दुर्घटना की उचित जांच होनी चाहिए। इसके बावजूद जब कोई दुर्घटना होती है तो पुलिस एफआईआर दर्ज करती है जो ज्यादातर ड्राइवर के खिलाफ होती है। हमने दुर्घटना में मरने वालों को निर्दोष माना। हम अपनी सड़क पर होने वाली मौतों का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण नहीं करते हैं। दूसरे, दुर्घटना के कारणों के संबंध में सही आंकड़ों के आधार पर नीतियां बनाई जा सकेंगी। उदाहरण के तौर पर, महाराष्ट्र के कुर्ला में हाल ही में हुई दुर्घटना को एजेंसियों को विस्तृत विश्लेषण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए था। क्या ड्राइवर के पास उचित लाइसेंस था? क्या वह गाड़ी चलाते समय थक गया था? क्या वाहन अच्छी स्थिति में था? यदि ड्राईवर ने शराब पी रखी तो उसे रोका क्यों नहीं गया ? क्या सड़क का बुनियादी ढांचा मौजूद था? इन सबकी ठीक से जांच होनी चाहिए। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस सिस्टम भी मजबूत होना चाहिए। व्यवसायिक चालकों के लिए नियम लागू नहीं किये जा रहे हैं। बुनियादी ढांचे में भी सुधार की जरूरत है।


भारत के आज तक के युद्धों में जितने सैनिक शहीद नहीं हुए, उससे ज्यादा लोग सड़कों पर दुर्घटना में एक साल में मारे जाते हैं, इसलिए चिंतित सुप्रीम कोर्ट को यहां तक कहना पड़ा कि देश में इतने लोग सीमा पर या आतंकी हमले में नहीं मरते जितने सडकों पर गड्ढों की वजह से मर जाते हैं। पिछले एक दशक में ही भारत में लगभग 14 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए हैं। इन मौतों का दुष्प्रभाव तो मृतकों के परिवार पर पड़ना स्वाभाविक ही है साथ ही देश की प्रगति भी इन हादसों से प्रभावित होती है। सड़क दुर्घटनाओं के लिए सरकार और खराब सड़कों को दोष देना तो आसान है, मगर लोग इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से साफ बच निकलते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शहरीकरण की तीव्र दर, सुरक्षा के पर्याप्त उपायों का अभाव, नियमों को लागू करने में विलंब, नशीली दवाओं एवं शराब का सेवन कर वाहन चलाना।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। आईएफएस श्री रूपनारायण मीणा। इनका जन्म 1 जून सन 1973 को अलवर जिले में हुआ।

अलवर सरिस्का बाघ परियोजना में बाघों की बढ़ती संख्या का श्रेय सच में इस अधिकारी को जाता है। बड़ी संख्या में जंगल से ग्रामीणों को विस्थापित करना इनका मुख्य बिन्दू रहा। बाघों के संरक्षण और संवर्धन में महती भूमिका निभाई इसलिए आज अलवर में सरिस्का ही नहीं अपितू बालाकिला भी शेरों की दहाड़ से गूंजायमान हो रखा है। बीएससी(जीव विज्ञान) राज्य वन सेवा महाविद्यालय डिप्लोमा कर भारतीय वन सेवा में आए और वनस्पती व वन्यजीवों के संरक्षण में अपना पूरा समय दिया। यही नहीं एक बार सरिस्का के जंगल में आग लग जाने पर पहली बार हैलीकोप्टर से आग बुझवाने को श्रेय भी इन्हे ही जाता है। यही नहीं पर्यटकों की संख्या में इजाफा कैसे हो इसके लिए भी इसी अधिकारी ने कमर कसी और आज सरिस्का में लोगों का आवागमन बढ़ा। हालांकि इनके अच्छे कार्य पर भी लोगों ने काफी लीपापोती की लेकिन अपने कार्य के प्रति आत्मविश्वास और प्रबलता के आधार पर इस अधिकारी का हौसला कम ना हुआ। आज ये सदस्य सचिव, राजस्थान जैव विविधता मण्डल, जयपुर के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, सरिस्का बाघ परियोजना अलवर। उप वन संरक्षक वन सुरक्षा मुख्यालय जयपुर। उप वन संरक्षक, सीकर। उप वन संरक्षक, झुन्झुनु। उप वन संरक्षक, भीलवाड़ा। पीएस से डीवाई मुख्य सचेतक, आरएलए जयपुर। यही नहीं इन्हें मानव वन्यजीव इंटरफ़ेस प्रबंधन भागीदारी प्रमाणपत्र व सम्मान से भी नवाजा गया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



श्री रूप नारायण मीणा (आईएफएस)

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 15 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस में क्रांतिकारी ट्रिब्यूनल को 1794 में समाप्त कर दिया गया।
- बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी सोसाइटी की स्थापना 1911 में हुई।
- मॉल्डोवा गणराज्य ने 1917 में रूस से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
- भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित 1953 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की प्रथम महिला अध्यक्ष चुनी गई।
- नाजी तानाशाह अडोल्फ हिटलर के यहूदी नरसंहार में व्यवस्थित कत्लेआम के आयोजक आडोल्फ आइषमन को 1961 में आज के दिन में मौत की सजी सुनाई गई।
- बांग्लादेश में गंगा नदी के तट पर 1961 में आये चक्रवात में 15,000 लोगों की मौत हुई।
- न्यूजीलैंड से स्वतंत्र हुआ समोआ 1976 में संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
- जाने माने फिल्म निर्माता सत्यजीत रे को 1992 में सिनेमा जगत् में उनकी उपलब्धियों के लिए स्पेशल ऑस्कर से नवाजा गया।
- जेनेवा में गैट (व्यापार एवं तटकर पर आम अहमति) 1993 में विश्व व्यापार समझौते पर 126 देशों द्वारा हस्ताक्षर।
- पलाऊ 1994 में संयुक्त राष्ट्र का 185वां सदस्य बना।
- संयुक्त राष्ट्र 1997 में महासभा द्वारा किसी सार्वजनिक स्थान, वाहन या दफ़्तर पर उग्रवादियों द्वारा किये जाने वाले विस्फोटों को ग़ैर क़ानूनी घोषित किये जाने का प्रस्ताव पारित।
- अरुंधति रॉय को 1997 में उनके उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार 'बुकर पुरस्कार' से नवाजा गया।
- चेरनोबिल रिएक्टर 2000 में सदा के लिए बंद।
- इटली में पीसा की झुकी मीनार को 11 साल बंद रहने के बाद 2001 में दोबारा खोला गया।
- भूटान सरकार ने 2003 में अपने यहाँ सक्रिय भारतीय अलगाववादियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की।
- दूरदर्शन की फ्री टु एयर डीटीएच सेवा 'डीडी डायरेक्ट +' का शुभारंभ 2004 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।
- ईराक में नयी सरकार के गठन के लिए 2005 में मतदान सम्पन्न।
- पाकिस्तान में 2007 में आपातकालीन नागरिक क़ानून लागू।
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने 2008 में आतंकवादी वारदात से निपटने के लिए राष्ट्रीय जाँच एजेंसी के गठन के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।
- ऑस्ट्रेलिया के क्रिसमस द्वीप के पास 2010 में 90 शरणार्थियों को ले जा रहे एक नाव के
- दुर्घटनाग्रस्त होने से 48 लोगों की मौत हुई।
- सिडनी के एक कैफे में 2014 में एक व्यक्ति हारुण मोनिस ने लोगों को 16 घंटे तक बंधक बनाया। पुलिस कार्रवाई में मोनिस के अलावा दो अन्य भी मारे गये।


### 15 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- एफिल टावर बनाने वाले फ्रांसीसी इंजीनियर और आर्किटेक्ट गुस्ताव एफिल का जन्म 1832 में हुआ था।
- भारत के भूतपूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन का जन्म 1932 में हुआ।
- भारतीय प्रसिद्ध हास्य कलाकार एवम निर्देशक् बापु का जन्म 1933 में हुआ था।

## विशेष आलेख

# मुस्लिम और जातिवादी राजनीति में उलझे अखिलेश को फायदा कम नुकसान ज्यादा

संजय सक्सेना



समाजवादी पार्टी के पास अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिये काफी कम विकल्प बचे हैं।इन्हीं विकल्पों में से जो दो सबसे खास हैं। उसी के तहत सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम और जातिवाद की राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। लगता है कि यूपी के उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद भी अखिलेश ने कोई सबक नहीं लिया है,यदि सबक लिया होता तो संसद के शीतकालीन सत्र में वह जातिगत जनगणना की मांग पर जोर नहीं देते। हिन्दुओं के खिलाफ होने वाली हिंसा को अनदेखा करके मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत के लिये संभल-संभल नहीं चिल्लाते। समाजवादी पार्टी ने कुछ माह पूर्व हुए आम लोकसभा चुनाव में पिछड़े-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) के सहारे जो 'करिश्मा' किया था, वह यूपी के उप चुनाव में पूरी तरह से धाराशायी हो गया। नौ की नौ सीटों पर जीत का दावा कर रहे अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी उप चुनाव में दो सीटों पर सिमट गई। इसमें से भी एक सीट उनके परिवार के सदस्य की थी, जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में वह नौ में से पांच सीटें जीतने में सफल रही थी। अखिलेश के लिये सबसे अधिक चिंताजनक हार मुस्लिम बाहुल्य कुंदरकी विधानसभा की रही। यहां की हार के बाद अब सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या मुसलमानों का अखिलेश के प्रति मोह कम हो रहा है। ऐसा इस लिये भी कहा जा रहा है क्योंकि कुंदरकी में मुसलमानों ने सपा के मुस्लिम प्रत्याशी को अनदेखा करके बिना हिचक बीजेपी के हिन्दू प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था।

कुंदरकी में भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। रामवीर सिंह ने सपा के उम्मीदवार मोहम्मद रिजवान को हराकर कुंदरकी सीट पर विजय प्राप्त की। रामवीर सिंह को 168526 वोट जबकि रिजवान को 25334 वोट मिले। रामवीर ने सपा के उम्मीदवार को 143192 यानी करीब डेढ़ लाख वोटों से हराया।उपचुनाव के नतीजों से ये भी साफ हो गया कि अखिलेश का गठबंधन को तरजीह ना देना भारी पड़ गया। अखिलेश ने इंडिया गठबंधन के लड़ने की बात तो कही। मगर इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस को विधानसभा चुनावों में वो सीटें नहीं दी जो कांग्रेस चाहती थी। जिसकी वजह से कांग्रेस के नेताओं ने भी इस चुनाव से दूरी बनाये रखी। इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बाद भी अखिलेश ने सात सीटों पर एकतरफा तौर पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। जबकि कांग्रेस प्रयागराज की फूलपुर सीट पर उपचुनाव लड़ना चाहती थी। जानकार मानते हैं कि अगर कांग्रेस को सीट मिलती और वो भी एसपी के साथ पूरी ताकत से चुनावी मैदान में रहती तो नतीजे कुछ अलग हो सकते थे।ऐसा इसलिये भी कहा जा सकता है क्योंकि मुस्लिम वोटरों में राहुल गांधी और कांग्रेस की स्वीकार्यता काफी तेजी से बढ़ रही है। चुनाव नतीजों से इत्तर उप चुनाव के परिदृश्य की बात करें तो पूरे प्रचार के दौरान इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने अपने गठबंधन के सहयोगी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के प्रचार से दूरी बनाये रखी। मतदान वाले दिन किसी भी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का बस्ता लगा नहीं दिखा। कांग्रेस के नेता भी नदारद थे। मतगणना वाले दिन तक भी लखनऊ के माल एवेन्यू रोड स्थित कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। कांग्रेस जैसी ही स्थिति बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों की भी नजर आई। काफी हद तक बसपा का दलित वोटर चन्द्रशेखर की आजाद समाज पार्टी के पक्ष में मतदान करता दिखा,जिसकी वजह से चन्द्रशेखर की पार्टी का प्रदर्शन बसपा के मुकाबले काफी बेहतर रहा। उधर,नतीजों से नाराज बसपा सुप्रीमो मायावती ने भविष्य में उप-चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर दी है।

समाजवादी पार्टी को इतनी बड़ी हार क्यों मिली ? यह कैसे हुआ ? इसके बारे में जानने-समझने के लिये अतीत के पन्नों को पलटना होगा। अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में दूर की सोच दिखाते हुए मुस्लिम नेताओं को टिकट देने में कंजूसी दिखाई थी,इसके पीछे अखिलेश की यही सोच थी कि उनके द्वारा मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में उतारने पर बीजेपी के पक्ष में हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण हो जाता है,जबकि सपा किसी हिन्दू नेता को टिकट देती है तो हिन्दू वोटर तो बंट जाते हैं लेकिन अल्पसंख्यक वोटर पूर्व की भांति सपा के पक्ष में ही लामबंद रहते जिसका सीधा फायदा समाजवादी पार्टी को होता है। इसी को ध्यान में रखकर ही अखिलेश ने पीडीए की सियासत शुरू की थी,लेकिन कहा जाता है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है, ऐसा ही अखिलेश के साथ हुआ। दरअसल, अखिलेश यादव मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत में इतनी बुरी तरह से उलझ गये हैं कि वह इससे बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं। अखिलेश का हाल यह है कि वह बात तो पीडीए की करते हैं,लेकिन जब अपराधी किस्म का कोई मुसलमान किसी पिछड़ा(पी) या दलित(डी) समाज के किसी व्यक्ति की इज्जत उछालता है। उसके साथ अपराधिक कृत्य करता है तो अखिलेश इसे पूरे मुस्लिम समाज से जोड़कर चुप्पी साध लेते हैं।यह बात पिछड़ा और दलित समाज को अखिलेश से दूर ले ही जाती है ।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है।

**वृष**
निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मिथुन**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी।

**कर्क**
घर के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें।

**सिंह**
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे।

**कन्या**
दूसरों के कार्य में दखल न दें। बड़ों की सलाह मानें। लाभ होगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

**तुला**
लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। धैर्य रखें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा।

**धनु**
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल होंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर**
शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी।

**कुंभ**
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे। शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी।

**मीन**
शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शुभ समय। घर में अतिथियों का आगमन होगा। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## सालासर बालाजी के दर्शन कर सुख शांति व समृद्धि की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक एवं प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी शनिवार को सीकर और चुरू जिलो के दौरो के दौरान सुविख्यात सालासार बालाजी धाम पहुंच कर दर्शन कर सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सीकर व चुरू जिले के अपने नियमित दौरे के दौरान सुविख्या सालासर बालाजी धाम मन्दिर पहुंचे। जहां मन्दिर ट्रस्ट की ओर से चौधरी का भव्य एवं भावभीना स्वागत किया गया। इस दौरान चौधरी ने कहा कि सालासार बालाजी धाम न केवल आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है बल्कि सामाजिक सद्भाव का भी प्रतीक है। चौधरी ने कहा कि मैं बालाजी महाराज से प्रार्थना करता हुं कि क्षैत्र व प्रदेश के लोगो पर अपनी कृपा बनाऐं रखे। साथ ही क्षैत्र व प्रदेश में सुख शांति व समृद्धि बनी रहे।

### विभागीय कार्यो की समीक्षा की

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने चुरू व सीकर जिले के विभागीय अधिकारियो कह समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियो को कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए लम्बित प्रकरणो के शीध्र निस्तारण के निर्देश प्रदान किए।

## मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर आज होगें कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस पर रविवार 15 दिसम्बर को अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने बताया कि रविवार को प्रात: 11 बजे राजकीय अस्पताल में भर्ती मरीजो को फल वितरण होगा। वहीं अस्पताल में ही मेडिकल एसोशियसन मालपुरा के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा दोपहर 2 बजे सुभाष सर्किल स्थित खेजड़ो के भैंरूजी के यहां पर नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के सहयोग से भजन कीर्तन व सायंकाल विशाल पौषबडा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमे भैंरूजी महाराज ने पौषबड़ा प्रसादी का भोग लगाया जाकर आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## समान परीक्षा का औचक निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के गणेशलाल बैरवा ने बताया कि शनिवार से मालपुरा क्षैत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओ में अर्द्ध वार्षिक समान परीक्षा शुरू हुई। अतिरिक्त खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुप्ता ने प्रथम दिन चावण्डिया, सोड़ा व चांदसेन पहुंच कर परीक्षा का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

## बजरी परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर कार्रवाई करने गई पुलिस वाहन नहर में गिरा

### बजरी से भरा एक, चार खाली ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** मलारना डूंगर क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने गई थाना पुलिस का डायल 112 वाहन गत दिवस लाडोता नहर में गिर गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि उन्हें लाडौता नहर के रास्ते अवैध रूप से बजरी भर कर ले जारहे वाहन निकलने की सूचना मिली थी। इस पर तड़के नहर पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान नहर पर गीला होने से वाहन फिसल कर नीचे उतर गया। किसी के चोट नहीं आई है। इस दौरान पुलिस जवानों ने अवैध रूप से बजरी भरकर ले जा रहा एक ट्रैक्टर ट्रॉली भी जब्त किया है। उन्हें वहां बजरी से भरा केवल एक ट्रैक्टर ट्रॉली मिला। पुलिस जाप्ता देख कर चालक भा गया। ट्रैक्टर ट्रॉली चालक के खिलाफ बजरी चोरी व अवैध खनन की प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### चार खाली ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

पुलिस ने लाडौता नहर से चार खाली ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त करने की बात कही है। पुलिस का कहना है कि बजरी से भरा वाहन जब्त करने के बाद वे आगे बढ़े तो चार खाली ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े मिले। जिनके चालकों से उनके दस्तावेज मांगे गए, लेकिन किसी के पास भी दस्तावेज नहीं थे। इस पर चारों ट्रैक्टर ट्रॉलियों को मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत जब्त किया गया। पुलिस ने नहर पर बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली होने की बात से इनकार किया है।

**इनका कहना है :** हाइवे पर गश्त के दौरान लाडौता नहर से बजरी परिवहन की सूचना मिली थी। बजरी से भरा एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की है। चार खाली ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए हैं। नहर पर डायल 112 वाहन फिसल कर नीचे उतर गया। किसी के चोट नहीं लगी है।

**संपत सिंह**
**थानाधिकारी, मलारना डूंगर**

## न्यायालय से जारी वारंट पर दो गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी (नि.स.)।** वजीरपुर थाना पुलिस ने न्यायालय के वारंट के आधार पर 10 हजार रुपए के इनामी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी भंवरसिंह (39) पुत्र प्रीतम सिंह मीना निवासी परीता थाना कुड़गांव करौली के खिलाफ न्यायालय गंगापुरसिटी ने सरकसर बनाम नेहरू वैगरह प्रकरण में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। थानाधिकारी विजयसिंह छोकर ने बताया कि उक्त आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

इसी तरह उदेई मोड़ थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विजय (28) पुत्र पप्पुराम मीना निवासी ढहरिया थाना नादौती है। थानाधिकारी नरेश पोसवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ न्यायालय गंगापुरसिटी क्रम संख्या 2 ने स्थायी वारंट जारी किया था। आरोपी के उदई मोड़ पर होने की सूचना मिली। इस पर विशेष टीम के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।

# विमुक्त घुमंतु, अर्द्ध घूमंतू जाति प्रमाण-पत्र जारी करने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार विकास का हवाला देकर विमुक्त घुमंतु, अर्द्ध घूमंतू जातियों के प्रमाण-पत्र व अन्य दस्तावेज बनाने के लिए ब्लाक स्तर पर शिविर आयोजित कर रहा है, लेकिन उपखंड क्षेत्र में नाथ-जोगी समाज को उक्त जातियों की श्रेणी से वंचित रखा जा रहा है। स्थानीय अधिकारी नाथ, जोगी समाज को विमुक्त घुमंतु, अर्द्धघुमंतु जाति नहीं मान रहा है, जबकि प्रदेश में विमुक्त, घुमंतु व अर्द्ध घुमंतु मानकर 32 जातियों को सूचीबद्ध किया गया है। इनमें 7 व 11 नंबर पर नाथ, जोगी, कनपठा जाति शामिल है। उपखंड क्षेत्र में नाथ योगी समाज के लोगों को घुमंतु जाति प्रमाण-पत्र के आवेदन पर पटवारी रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं। इनका कहना है कि तहसीलदार के स्तर से उन्हें इनके लिए आदेश नहीं मिला है। इससे इस समाज में प्रशासन के प्रति नाराजगी है। समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष रामावता जोगी के नेतृत्व में शुक्रवार को उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर नाथ योगी समाज के लोगों के विमुक्त घुमंतु, अर्ध घुमंतु जाति के प्रमाण-पत्र जारी करने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा प्रदेश में सभी घुमंतू व अर्द्ध घुमंतु जातियों जाति पहचान प्रमाण-पत्र बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान शासन सचिव समित शर्मा ने परिपत्र जारी किया है। इसमें प्रदेश की 32 विमुक्त, घुमंतू व अर्द्धघुमन्तु जातियों को सूचीबद्ध करते हुए पहचान प्रमाण-पत्र बनाने का हवाला दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन के 10 दिन में प्रमाण-पत्र मिल सकेगा। शासन सचिव के इस पत्र में राज्य सरकार की ओर से विमुक्त, घुमंतु व अर्द्ध घुमंतु जातियों में 7 व 11 नंबर पर नाथ, जोगी, कनपठा जाति शामिल है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से ब्लॉक स्तर पर आयोजित तीन दिवसीय शिविर में उपखंड क्षेत्र में एक भी नाथ, जोगी, समाज का जाति प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया। जबकि दौसा, करौली सहित अन्य जिलों में इनके जाति प्रमाण-पत्र बनाए गए हैं।

**इनका कहना है :** नाथ जोगी समाज के कुछ लोग हमारे पास आए थे। इनके प्रमाण-पत्र बनाने को लेकर तहसीलदार कोई आदेश नहीं दिए हैं। इसलिए जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों पर हस्ताक्षर नहीं किए। उच्च अधिकारी आदेश देंगें तो हमें कोई आपत्ति नहीं है।

**अजय राजपूत, हलका पटवारी**
**भाड़ौती**

### इनका कहना है

राज्य की विमुक्त घुमंतु, अर्द्धघुमंतु जातियों के विकास के मकसद से पहचान दस्तावज बनाने की सरकार की अच्छी पहल है, लेकिन स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी व नासमझाी के कारण सरकार का उद्धेश्य विफल हो रहा है। नाथ योगी जातियां राज्य की विमुक्त घुमंतु, अर्द्धघमंतु जातियों की सूची में शामिल है। फिर प्रमाण-पत्र बनाने में क्या दिक्कत यह है समझ से परे है।

**एडवोकेट हरिप्रसाद**
**जिला संयोजक, नाथ समाज**

### इनका कहना है

इस संबंध में ज्ञापन मिला है। हमने उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा है। इनमें कुछ जाति पहले से ओबीसी में शामिल है।

**- संतोष कमार शर्मा तहसीलदार**
**मलारना डूंगर**

## पर्यटकों में नजर आया उत्साह

### रणथम्भौर में फिर शुरू हुई करंट बुकिंग



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर बाघ परियोजना के मौजूदा पर्यटन सत्र में एक बार फिर से वन विभाग की ओर से गत दिवस करंट ऑनलाइन बुकिंग को पर्यटकों के लिए शुरू कर दिया गया। ऐसे में फिर से पर्यटक पार्क भ्रमण के लिए जा सकेंगे। आवासन मण्डल मार्ग स्थित वन विभाग की बुकिंग विण्डो पर पर्यटकों की भीड़ नजर आई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस करंट ऑनलाइन बुकिंग में सुबह व शाम दोनों पारियों को मिलाकर करीब 40 से अधिक वाहनों से पर्यटकों को पार्क भ्रमण कराया गया।

**वीकेंड पर अधिक भीड़ रहने के आसार :** पूर्व में तो सरकार की ओर से राइजिंग राजस्थान में शिरकत करने आने वाले निवेशकों और उद्योगपतियों को पार्क भ्रमण कराने के लिए सात से 12 दिसम्बर तक रणथम्भौर, सरिस्का और झालाना लेपर्ड रिजर्व की करंट ऑनलाइन बुकिंग को बंद कर दिया गया था। अब विभाग की ओर से इसको एक बार फिर से शुरू किया गया है। वहीं वीकेंड भी आ रहा है। ऐसे में शनिवार और रविवार को एक बार फिर से रणथम्भौर में पर्यटकों की आवक में इजाफा देखने को मिल सकता है।

**निवेशकों के लिए वाहन किए थे रिजर्व, लेकिन वह भी नहीं आए :** जयपुर में हुई राइजिंग राजस्थान समिट में आने वाले निवेशकों और उद्योगपतियों को पार्क भ्रमण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करंट ऑनलाइन बुकिंग बंद कर वाहनों को रिजर्व कर दिया गया था। लेकिन वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतर निवेशक तो पार्क भ्रमण के लिए आए ही नहीं। ऐसे में वाहन खाली ही रह गए और आम पर्यटकों को भी पार्क भ्रमण पर जाने का मौका नहीं मिल सका।

## सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए नई पहल के तहत जागरुकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इस पहल के तहत रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां राजस्थान, जयपुर के माध्यम से तथा केंद्रीय सहकारी बैंक, सवाई माधोपुर के सहयोग से सवाई माधोपुर जिले की विभिन्न सहकारी समितियों के सदस्यों के लिए सहकारिता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर की व्याख्याता नेहा चौधरी ने कार्यक्रम में सहकारी समितियों के सदस्यों को भारत सरकार की सहकार से समृद्धि पहल और इसके 54 कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में छूटी हुई पंचायतों में नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की स्थापना, कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में पैक्स, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानें, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप, जन औषधि केंद्र, विकेंद्रित अन्न भंडारण योजना, पानी सहकारी समितियों, सहारा रिफंड आदि जैसी नई पहलों के बारे में बताया गया। इन पहलों के माध्यम से सहकारी क्षेत्र को मजबूत बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। बैंक के प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश जैन ने बताया कि उक्त पहलों को अपनाने से पैक्स सशक्त बनेगी, व्यापार बढ़ेगा और सहकारी क्षेत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके लिए बहुत उपयोगी है। इस दौरान उपेन्द्र शर्मा, चित्रानंद वर्मा, सुभाष चंद बबेरवाल सहित बैंक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शुरू होगी 'मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना'

### महिला सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष' की थीम पर शनिवार को महिला सम्मेलन का जिला स्तरीय समारोह रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख सुदामा मीणा ने की। जिला स्तरीय समारोह में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर कनेक्शन लगवाने वाले चन्द्र प्रकाश दिक्षित, शकुन्तला शर्मा, जसवन्ती, सुनीता चौधरी, शान्ति देवी, मंजू मीणा, राधे गोपाल शर्मा सहित जिले के कुल 50 उपभोक्ताओं को अतिथियों द्वारा ई-कुकिंग सिस्टम प्रदान किए गए। वहीं जिले की 1 हजार 702 नवीन लखपति दीदी का सम्मान और 5 चिन्हित क्लस्टरों में मनभर देवी, कीमत मीणा, निरमा, दिव्या एवं अनिता मीणा को नमो ड्रोन दीदी चयन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, उप निदेशक महिला अधिकारिता अमित गुप्ता, उप निदेशक महिला बाल विकास हितेश सोनी, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग गौरीशंकर मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल, जिला प्रबंधक राजीविका शमा बेगम, मैनेजर फाइनेंस राजीविका दिनेश शर्मा, जिला प्रबंधक राजीविका मायावती, सीडीपीओ सवाई माधोपुर समीक्षा कंवर शेखावत, सुमन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## रेपिड एक्शन फोर्स ने किया परिचय अभ्यास



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार लालवास, जयपुर (राजस्थान) में तैनात रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 83 बटालियन के जवानों ने गत दिवस मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजारों एवं साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लेग मार्च किया। कमांडेट कुलदीप जैन के मार्गदशन में सहायक कमांडेट सहायक कमाण्डेन्ट श्रवण लाल मीणा, वृताधिकारी उदयसिंह मीणा, थानाधिकारी संपत सिंह, प्लाटून निरीक्षक राजेन्द्र सिंह बिजारनियां व अन्य पुलिसकर्मी भी साथ रहे। परचित अभ्यास के दौरान रेपिड एक्शन फोर्स की ओर से किए गए परिचय अभ्यास के बारे में बताते हुए सहायक कमेंडेट ने कहा कि इस दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जा रही है।

ताकि भविष्य में किसी प्रकार के साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा कि स्थिति घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण किया जा सके। बल के सदस्यों द्वारा राजनितिक दलों, समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी प्राप्त गई।

## साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर आई मुस्कान



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विध्यालय हतौना में शनिवार को कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई। साइकिल मिलने के बाद छात्राओं में खुशी नजर आई। प्रधानाचार्य गणेश नारायण शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की निशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत सत्र 2024-25 में अध्ययनरत 13 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही योजना से बालिकाओं की स्कूल के प्रति रूचि बढ़ेगी। इस दौरान शिक्षको ने सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए चलाई जा रही निशुल्क साइकिल योजना में लाभान्वित छात्राओं और साइकिलों को तिलक लगाकर छात्राओं को साइकिल वितरण की गई?। साइकिल पाकर सभी छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर कैलाश चंद जाट, शिवराज गुर्जर, रामलाल जाट, रामावतार वर्मा, ममता कंवर, रतिराम खटीक, दीम्सी विजय सहित छात्राएं व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।



## 115 जरूरतमंदो को कम्बल वितरित किए

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** सोकोईडिकोन संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगो को सर्दी से बचाव के लिए उऊनी कम्बलो का वितरण किया गया। समन्वयक मोहन मीणा ने बताया कि संस्था द्वारा बीति रात्रि कल्याण किसान सेवा समिति महासंघ अध्यक्ष कैलाश गुर्जर, समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुर्जर, शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी द्वारा सदरपुरा रोड पर प्रताप कालोनी में रहने वाले घमन्तु जाति, गाडिया लुहारो के 55 जरूरतमंदो को ऊनी कम्बलो का वितरण किया गया। वहीं राजपुरा, हाथकी, बैरवा ढाणी, मोरला, कचोलिया के 60 जरूरतमंद लोगो को ऊनी कम्बलो का वितरण किया गया।

## अन्त्योदय सेवा शिविर का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अन्त्योदय सेवा शिविर एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का जिला स्तरीय समारोह जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में 15 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के पिंजारा पोल गौशाला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह से विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सवाई माधोपुर जिले के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। जिसका सभी जिला मुख्यालयों पर लाइव प्रसारण किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी केन्द्रो में दूध उत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षैत्र के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो में शनिवार को दूध उत्सव मनाया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो में आने वाले बच्चो को निर्धारित मात्रा में दूध पिलाया जाना है।

जिसमें शहर के वार्ड नं. 18 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन आगीवाल ने नारी शक्ति समूह की कोषाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा, मंत्री आशा विजय ने उत्सव का फीता काटकर शुभारभ किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति शर्मा कृष्णा वर्मा ने बच्चो को दूध पिलाया।

## परिवहन नगर, सूर्य नगर में दो दिवसीय संत निवास शिलान्यास एवं मंदिर स्थापना वर्षगांठ का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** श्री मुनिसुवर्तनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सूर्य नगर परिवहन नगर में 15 दिसंबर को परम पूज्य आचार्य श्रीज्ञानभूषण जी मुनिराज के सानिध्य में आचार्य शांतिसागर स्मृति भवन का शिलान्यास होगा । मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक कुमार जैन आगोनिज ने बताया कि शिलान्यास से पूर्व दिवस शनिवार को मंदिर स्थापना वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंदिर जी में प्रात: अभिषेक, शांतिधारा, नितिनयम पूजन, मुनिसुब्रतनाथ महामंडल विधान का मांगलिक कार्यक्रम हुआ एवं सांय 6:15 बजे श्रीजी की महाआरती, भक्ति संध्या का मांगलिक आयोजित हुआ। रविवार को प्रात: 6:30 श्रीजी का अभिषेक,शांतिधारा नितिनयम पूजन, प्रात:8:15 बजे घट यात्रा, प्रात: 9:15 बजे झंडारोहण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, आचार्य श्री के प्रवचन के पश्चात शिलान्यास की क्रियाएं आचार्यश्री के सानिध्य सम्पन्न होगी । बाल ब्रह्मचारी नितिन भैयाए इंदौर कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य होगे एवं संगीतकार श्री रोहित एंड पार्टी भोपाल होगे । कार्यक्रम में आने जाने हेतु विभिन्न जैन मंदिरों से यातायात साधनों की व्यवस्था रहेगी। जानकारी अशोक कुमार जैन अगोनीज श्री मुनिसुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर परिवहन नगर, सूर्य नगर अलवर ने दी।

## नि:शुल्क कैंसर जागरूकता जाँच एवं परामर्श शिविर 19 को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पूज्य सिन्धी पंचायत, अलवर एवं विश्व सिन्धी सेवा संगम के संयुक्त तत्वाधान में एच.सी.जी कैंसर हॉस्पिटल, जयपुर के सहयोग से दिनांक 19 दिसम्बर 2024 बृहस्पतिवार प्रात 11 बजें से दोपहर 2 बजे तक सिन्धु भवन, आदर्श कॉलोनी, दाउदपुर अलवर में विशाल नि:शुल्क कैंसर जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डा0 जितेन्द्र पहलाज़ानी द्वारा कैंसर जाँच एवं परामर्श के साथ-साथ मरीजों को जागरूक किया जाएगा। इस शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर तथा पी0एस0ए0 जाँच एवं परामर्श नि:शुल्क किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए पंचायत अध्यक्ष गोविन्द राम मंगलानी ने बताया कि कैंसर जागरूकता शिविर की तैयारियों के लिए हुई बैठक में विश्व सिन्धी सेवा संगम के अंतर्राष्ट्रीय सचिव सुरेश कुमार थदानी, भारतीय सिन्धु सभा के जिला अध्यक्ष तेजू मल रामचन्दानी, जिला महासचिव सुभाष निहालानी, शहर अध्यक्ष पवन कोरजानी, अलवर रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा कोरजानी, पंचायत पूर्व अध्यक्ष चन्दू मल बोदवानी एवं ठाकुर दास भोजवानी, कोषाध्यक्ष आनन्द देवानी सहित समाज की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## वैर व भुसावर उपखंड के लिए 150 विद्युत ट्रांसफार्मर तत्काल दिलाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** राज्य के मुख्यमंत्री की मार्च 2024 के कृषक उपभोक्ता की कृषि कनेक्शन देने की बजट घोषणा की अनुरूप न नही मिल पा रहे हैं पूर्व सरपंच सतीश पांडे ने राज्य के मुख्यमंत्री ऊर्जा मंत्री एमडी एवं चैयरमैन जेवीएनएल जयपुर व जिला कलेक्टर भरतपुर को अलग-अलग ज्ञापन देकर अवगत कराया है कि. अधिकांश किसान आज ट्यूबवेल खुदवाकर लट्ठा लाइन आदि पूर्ण करवाने के बाद भी ट्रांसफार्मर न मिलने से कृषि कनेक्शन की वाट जोह रहे है। पांडे ने अपने पत्र में कहा कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 11 जून 2024 के तहत स्पष्ट उल्लेख किया है कि मार्च 2024 तक कृषक उपभोक्ताओं के कृषि कनेक्शन करने की घोषणा की गई है जो कि मुख्यमंत्री का स्वागत योग्य कदम है । जेवीवीएनएल अधिकारी व कर्मचारियों ने टीम भावना के साथ कर्तव्य परायणता से मार्च 2024 तक कृषक उपभोक्ताओं के डिमांड जमा करने वालों के लट्ठा लाइन आदि कार्य पूर्ण कर दिया है परंतु असहाय किसानों को ट्रांसफार्मर नहीं मिल पा रहे हैं कृषकों का पीक सीजन है ऐसी सूरत में असहाय किसान रोजमर्रा विद्युत विभाग के दफ्तर में चक्कर काट रहा है जिसके तहत वैर विधानसभा क्षेत्र में वैर उपखंड के लिए 100 ट्रांसफार्मर व भुसावर उपखंड के लिये 50 ट्रांसफार्मर तत्काल दिलवाने की मांग की गई है ताकि कृषकों को राहत मिल सके।

### जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन

# भजनलाल सरकार महिलाओं-बालिकाओं के कल्याण व उत्थान के लिये सदैव तत्पर : पटेल

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को उदयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी के साथ प्रत्येक जिले में भी जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली के सभागार में किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, राजीविका, जेवीवीएनएल, महिला अधिकारिता विभाग एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत महिला लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित एवं सम्मानित किया गया।

**इन योजनाओं के तहत महिलायें हुई लाभान्वित :** जिला स्तरीय महिला सम्मेलन के दौरान राजीविका विभाग के माध्यम से नमो ड्रोन दीदीयों तथा लखपति दीदीयों का सम्मान जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व विधायक हंसराज पटेल द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि प्रदेश की भजन लाल सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण व उत्थान के लिये सदैव तत्पर है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले अत्याचारों में भी निरन्तर कमी आ रही है। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों को 15 हजार रुपये प्रति समूह रिवोल्विंग फण्ड के हस्तान्तरण हेतु चैक प्रदान किये गये। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा 1500 रुपये की अतिरिक्त किश्त योजना का शुभारम्भ किया गया। जिसके तहत महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण किया गया। वहीं महिला अधिकारिता विभाग के माध्यम से लाडो प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत जिले की लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 2500 रुपये प्रति लाभार्थी की राशि का हस्तांतरण किया गया। इसके पश्चात् जेवीवीएनएल के माध्यम से महिलाओं को इलैक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम का वितरण भी किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अन्तर्गत बच्चों को प्रोत्साहन किट वितरित किये गये। साथ ही जिले में पांच नवीन आंगनवाड़ी केंद्रों की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

**बालिकाओं को किया स्कूटियों का वितरण :** इस दौरान उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से विभिन्न स्कूटी वितरण योजनाओं के तहत अतिथियों द्वारा 09 बालिकाओं को स्कूटियों का वितरण किया गया।

इस दौरान एसीईओ रामनिवास, विराटनगर एसडीएम अमिता मान, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक महेंद्र कुमार जैन, हॉर्टिकल्चर उपनिदेशक सरदारमल यादव, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सतपाल यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के जन्मदिन पर रक्त दान शिविर आज

### 458 यूनिट रक्त एकत्र करने का रखा लक्ष्य
### प्रशासन और कार्यकर्ताओं की तैयारी पूरी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर बयाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। भजन फाउण्डेशन द्वारा आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम को लेकर फाउण्डेशन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने तैयारियों को अन्तिम रूप देने के लिए सरकारी अस्पताल का जायजा लिया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बुडवार ने बताया कि शिविर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 58 वे जन्म दिवस के उपलक्ष में 458 यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर में भारी भीड़ की सम्भावनाओं को देखते हुए अस्पताल में 20 बेड़ों की व्यवस्था की गई है। शिविर के दौरान रक्तदाताओं के लिये भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से भजन फाउण्डेशन के कार्यकर्ता पिछले एक सप्ताह से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान को लेकर लोगों से लगातार संपर्क जुटे थे। आम जनता द्वारा भी कार्यकर्ताओं को रक्तदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का भरोसा दिलाया। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि ब्लड़ डौनेट करने के लिये आने वाले रक्तदाताओं को अल्पाहार की व्यवस्था रखी गयी है। हॉस्पिटल के आईपीडी में 20 बेडों पर रक्तदान की व्यवस्था की गयी है। रक्तदान के बाद दाताओ को चाय एवं कॉफी की व्यवस्था भी सीएचसी पर रखी गयी है। तहसील के पुराने भवन में संचालित यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सालयों के ब्लॉक में प्रतीक्षालय बनाया जायेगा। बयाना के डिप्टी कलैक्टर दीपक मित्तल ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बुढ़वार और पूर्व पार्षद गौरव शर्मा के साथ अस्पताल पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डिप्टी कलैक्टर ने लोगों से भारी संख्या में पहुँचकर रक्तदान की अपील की।

## बयाना में तीन छप्परपोश घरों में लगी आग

### एक भैंस जिन्दा जली, घरेलू सामान के साथ पशुओं का चारा भी जलकर राख

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** उपखंड के गांव पुराबाई खेड़ा में शनिवार सुबह अज्ञात कारणों से एक व्यक्ति के तीन छप्परपोश घरों में आग लग गई। हादसे में घरेलू सामान, पशुचारा सहित एक भैंस भी जिंदा जल गई। सूचना पर हल्का पटवारी सुनील कुमार शर्मा ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। करीब 1.90 लाख के नुकसान का आंकलन किया गया। स्थानीय निवासी भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सोलंकी ने बताया- सुबह करीब 4 बजे दीपक पुत्र सूरज कोली के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हवा चलने से आग फैलती चली गई और तीन छप्परपोशों को अपने आगोश में ले लिया। हादसे में घर में रखा घरेलू सामान सहित करीब 20 मन पशुचारा जलकर स्वाहा हो गया। इसके साथ ही छप्परपोश में बंधी एक भैंस जिंदा जल गई और तीन भैंस गंभीर रूप से झुलस गईं।

आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मिट्टी- पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। करीब 2 घंटे बाद जाकर आग कंट्रोल हुई। पटवारी ने बताया कि आर्थिक सहायता के लिए नियमानुसार आवेदन उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा।

## रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्टस एकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुति पर खुश हुए गृह राज्य मंत्री बेढम

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** राज्य सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रताप ऑडिटोरियम में महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंच पर रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्टस एकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, अलवर जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला, यूआईटी सचिव स्नेहल नाना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बिना महावर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया ।

## ग्रेड पे बदलने पर एनटीटी शिक्षकों में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग में 12 वर्षों से एनटीटी शिक्षकों की ग्रेड पे को लेकर चल रही विसंगति दूर कर दी है। अब एनटीटी शिक्षकों की पे स्केल एल-5 से एल-8 होगी। राज्य सरकार के इस निर्णय से एनटीटी शिक्षकों में खुशी का माहौल है। इस संबंध में वित्त विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

एनटीटी शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष ईश्वर यादव ने राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री का बहुत आभार व्यक्त किया। प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार ने एनटीटी शिक्षको की वेतन विसंगति दूर करने से एनटीटी शिक्षको को पहले से बेहतर सैलरी व पदोन्नति के अवसर मिलेंगे।

## अभय समाज के कलाकारों का सम्मान आज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राज ऋषि अभयसमाज के रंग मंच पर कलाकारों स्वयंसेवकों का सम्मान पारितोषिक वितरण आज 5:30 बजे होगा। संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह ठमकींउ के सानिध्य में होगा जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं वर्तमान विधायक बाबा बालक नाथ जी तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता होंगे। महामंत्री ने बताया कि पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मवीर जी शर्मा करेंगे। इस अवसर पर संस्था के कलाकार एवं स्वयंसेवक जिन्होंने परोक्ष एवं प्रत्यक्ष रूप में रामलीला एवं भरतरी हरी नाटक को सफ्ल बनाने में अपना योगदान दिया है उन्हें सम्मानित किया जाएगा यह सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा कलाकारों को प्रदान किया जाएगा।

# जयशंकर टाईगर क्लब द्वारा श्री अन्नपूर्णा रसोई में 251 आवश्यकता वालो को कराया भोजन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** जयशंकर टाईगर शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आर. बी. एम हॉस्पिटल स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई क्रमांक 188 पर पहुंच कर 251 जरुरतमंदो को निशुल्क भोजन कराया। टाईगर क्लब के उपस्थित सभी पदाधिकारीयों ने उपस्थित लाभार्थियों को भोजन स्वम अपने हाथों से परोस कर खिलाया, भोजन में पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल, अचार एवं मिठाई परोसी गई। लाभार्थियों एवं उपस्थित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयों ने स्वादिस्ट भोजन को आनंदपूर्वक ग्रहण किया एवं भोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में भरतपुर के पूर्व सांसद एवं मार्गदर्शक पंडित रामकृष्ण एवं डी.ओ.आई.टी संयुक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा मुख्य अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा ने की एवं श्री रांगेय राघव महाविद्यालय वैर निर्देशक शिशुपाल लवानिया, श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर महामंत्री इंजी जीवनलाल शर्मा, टेक्नोलॉजी पार्क सेवर निदेशक आलोक शर्मा, कच्चा परकोटा संघर्ष समिति संयोजक इंद्रजीत भारद्वाज, लायंस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा स्काउट, आर.ए.सी कमांडो वेद कुंतल गुनसारा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, सेवानिवृत्ति सहायक लेखा अधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मार्शल आर्ट के क्षेत्र में 40 वर्षों से निशुल्क प्रशिक्षण व उल्लेखनीय योगदान देने पर जयशंकर टाईगर शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान के सचिव इंजीनियर पीयूष जयशंकर टाईगर को साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं भगवान श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से टाईगर क्लब की अध्यक्ष सेवानिवृत्ति व्याख्याता प्रतिभा शर्मा, भरतपुर लिटिल टाईगर्स ऐश्वर्य शर्मा, राम्या शर्मा व भरतपुर ताइक्कांडो संघ सचिव इंजी दीप्ति शर्मा, महिला शक्ति नेशनल चैंपियन नेहा शर्मा, दीक्षा सिंह, लवली माहौर,चारू शर्मा का भी सम्मान किया गया एवं उनके दीर्घायु जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नैमीचन्द मुद्गल, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश शर्मा, शिक्षाविद पवन पाराशर, एडवोकेट संजीव तिवारी, इंजी तपन शर्मा, आलोक भारद्वाज, देवेंद्र चतुर्वेदी, लोकेश शर्मा, गायत्री परिवार के गिरीश वैद्य, श्री ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, एल आई सी के लालचंद शर्मा, राजस्थान रोडवेज संघ के पूर्व संभागध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, मानवाधिकार सुरक्षा सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज एवं ब्राह्मण सभा राजस्थान भरतपुर जिलाध्यक्ष हरीश पाठक सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा एवं ताइक्कांडो एवं कराते ब्लैक बेल्ट पीयूष जयशंकर टाईगर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## अभिभाषक संघ कोटपूतली कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

### अध्यक्ष पद पर एड. उदयसिंह तंवर विजयी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** अभिभाषक संघ कोटपूतली के वार्षिक चुनाव 2024-25 हेतु मतदान शुक्रवार 13 दिसम्बर को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुये। मुख्य चुनाव अधिकारी जितेन्द्र कुमार रावत ने जानकारी देते हुये बताया कि मतदान प्रक्रिया प्रात: 10 से सायं 04 बजे तक चली। इसके लिये पंजीकृत 576 मतदाताओं में से 515 मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। मतदान सम्पन्न होने के तुरन्त बाद मतगणना शुरू की गई। इनमें अध्यक्ष पद पर उदयसिंह तंवर ने 271 मत प्राप्त करते हुये अपने निकटवर्ती उम्मीदवार राजाराम रावत को 173 मतों से पराजित किया। रावत को कुल 98 मत प्राप्त हुये। जबकि अशोक यादव को 82, प्रेमप्रकाश शर्मा को 54 एवं रवि शर्मा को महज 08 मतों से संतोष करना पड़ा, नोटा पर कुल 01 मत प्राप्त हुआ। उपाध्यक्ष पद पर रणजीत वर्मा ने 264 मत प्राप्त करते हुये अभिषेक अग्रवाल को 16 मतों से पराजित किया, अग्रवाल को 248 मत प्राप्त हुये। जबकि 02 मत नोटा को एवं 01 मत खाली रहा।

सचिव पद पर हेमन्त शर्मा ने 183 मत प्राप्त करते हुये मुकेश कुमार यादव को 03 मतों से पराजित किया, यादव को 180, अंकित स्वामी को 149 मत प्राप्त हुये, वहीं 01 मत खाली एवं 02 मत नोटा को प्राप्त हुये। कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार शर्मा ने 158 मत प्राप्त करते हुये राजेश कुमार गुर्जर को 12 मतों से पराजित किया।

गुर्जर को 146, नवीन सैनी को 131 व अनिल कुमार मीणा को 77 मत प्राप्त हुये। वहीं 01 मत खाली, 01 मत नोटा, 01 मत निरस्त किया गया। सभी विजयी प्रत्याशियों को मुख्य चुनाव अधिकारी जितेन्द्र कुमार रावत व सहायक चुनाव अधिकारी शिवकुमार शर्मा ने प्रमाण पत्र प्रदान किये।

विजयी प्रत्याशियों का कस्बे के मुख्य मार्गो से जुलूस निकाला गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष तंवर ने कहा कि संघ व अधिवक्ताओं के हितों के लिये हमेशा तत्पर रहेगें।

# जिले में धातु निर्मित मांझे पर 31 जनवरी तक प्रतिबंध

## जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** जिले में धातु निर्मित मांझा 31 जनवरी तक प्रतिबंधित करने आदेश जारी किए गए हैं। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. रविन्द्र गोस्वामी द्वारा जारी आदेशों में जिले में धारा 163 के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य व विद्युत संचालन बाधा रहित बनाए रखने एवं पक्षियों के लिए खतरा बन चुके धातु निर्मित मांझा (पतंग उड़ाने के लिए पक्का धागा, नायलोन, प्लास्टिक मांझा जो सिंथेटिक, टॉक्सिक मेटेरियल जो आयरन पाउडर, ग्लास पाउडर का बना हो) की थोक एवं खुदरा बिक्री तथा उपयोग को जिले की राजस्व सीमा में 31 जनवरी तक प्रतिबंधित कर दिया गया है।

पतंग उड़ाने के लिए कांच, धातु मिश्रित चाईनीज मांझे, सिंथेटिक मिश्रण से निर्मित मांझे आदि के उपयोग, भण्डारण, विक्रय, परिवहन करते हुए पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पक्षियों को नुकसान से बचाने के लिए प्रात: 6 से 8 बजे तथा सायं 5 से 7 बजे तक पतंग उड़ाने पर प्रतिबन्ध रहेगा। उक्त आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# वैष्णो देवी ज्योति मंदिर का 42वां स्थापना दिवस 18 को

## विशाल माता की चौकी में भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा बहाएंगे भजनों की सरिता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** वैष्णो देवी ज्योति मंदिर दादाबाड़ी में माता के विग्रह के 42वें स्थापना दिवस पर 18 दिसम्बर को माता की चौकी सजाई जाएगी। आयोजक सनमीत सिंह बंटी ने बताया कि 18 दिसम्बर को रात्रि 8 बजे से भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा के द्वारा भजनों की सरिता बहाई जाएगी। इस दौरान कोटा नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेश बिरला तथा विधायक संदीप शर्मा अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर पोस्टर का विमोचन भी किया गया। विमोचन के अवसर पर जसबीर सिंह, सुधींद्र गौड़, आशीष शर्मा, सुखलाल मीना, मनजीत सिंह, मनमीत सिंह, मनोज पालीवाल, सतीश छाबड़ा, सुनील शर्मा, आकाश सुमन, राहुल सिक्का, अनुज पटेल मौजूद रहे।

### माता का होगा विशेष श्रृंगार

उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस पर मंदिर की विशेष सज्जा के साथ ही प्रतिमा का भी विशेष श्रृंगार किया जाएगा। माता का दरबार सजाने जगत माता मंदिर की ओर से सजाया जाएगा। वहीं माता की प्रतिमा का श्रृंगार हरप्रीत कौर, प्रभरानी कौर और आशीष शर्मा के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान छोले, हलवे और लड्डू का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। भगवान को छप्पन भोग सजेगा। जोड़ा घर की सेवा शिरडी साईं सेवा समिति की ओर से की जाएगी।

# आशा सहयोगिनी की बैठक व श्रमिक सम्पर्क अभियान की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित आशा सहयोगिन कर्मचारी संघ भीलवाडा की प्रमुख बहनो की एक आवश्यक बैठक भामस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चोधरी की अध्यक्षता में हुई।

भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने जा रहे है इस पर भामस की उपलब्धियॉ बतायी एवं पत्रक वितरण किये व आशाओ को श्रमिक सम्पर्क अभियान में भी सहयोग करने हेतु आग्रह किया तत्पश्चात आशा सहयोगिनी कर्मियो की मांग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। आशा बहनो ने बताया किं निर्धारित काम के अलावा भी ढेर सारे अन्य काम में लिये जा रहे है जिसका अलग से कोई मानदेय नहीं दिया जा रहा है। आशाओं द्वारा प्रस्तुत क्लेम फार्म जो उनके काम के आधार पर भरकर दिया जाता है उसका मानदेय भी बिना उचित कारण बताये काट दिया जाता है। मोबाइल रिचार्ज का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है तथा अन्य भुगतान भी समय पर नहीं दिये जाते है। राज्य सरकार द्वारा मानदेय की बढोतरी की घोषणा भी की गई थी जिसे अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कार्यकर्ताओ में रोष व्याप्त है। भामस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी ने सभी बहनो को एकसूत्र में बने रहने की बात की व आश्वास्त किया कि जिला व राज्य स्तर पर आशाओ की मांग को भारतीय मजदूर संघ पहुॅचायेगा व पूरी ताकत के साथ आप पर हो रहे शोषण व अन्याय के विरूद्व संघर्ष करेगा। बैठक में शारदा जोशी, बबली भट्ट, शाहीन बानू, प्रेम कंवर, मंजू सुवालका, हेमन्त भट्ट, श्याम बाला आदि उपस्थित थी।

# डाक विभाग 500 में बचत खाता खोलकर एटीएम व चेक डायरी भी कराएगा मुहैया

## अब डाक विभाग ने भी प्रधानमंत्री द्वारा चलाई योजना सुकन्या के खाते खोल चलाया विशेष अभियान

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** भारतीय डाक विभाग की ओर से चलाए गऐ प्रधान मंत्री योजना कें तहत 4 दिसंबर के प्रथम पखवाडे मे सुकन्या के खाते खोल ने पर विशेष अभियान चलाए जा रहा है, इस योजना मे राज्य सरकार द्वारा भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अन्तर्गत सभी योजना पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है । वशिष्ठ नागरिक पेंशन ,डाक जीवन बीमा, योजना व बचत खाते खोलने पर ध्यान दिया जायेगा। इस दौरान टोक मण्डल के डाकघर अधीक्षक के के शर्मा ने बताया कि इस विशेष अभियान मे बचत खाते 500 रु में खोलकर, ज्ञ रूसुविधा, चेक सुविधा तथा नेट बैकिग सुविधा भी आम व्यक्ति को प्राप्त हो सकेगी।

नेट सुविधा मे अब घर बेठे ही लेन देन किया जावेगा। इस शिविर मे डाक निरीक्षक राजेश बैरवा भी मोजूद रहे तथा इस अभियान के तहत ग्राम अलोद पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित किया गया ।

अलोद ब्रांच पोस्ट मास्टर रमेश दाधीच द्वारा कुल 70 खाते एव गोविंद सेनी द्वारा 35 खाते खोले गए, तथा नवल किशोर व सादाब मो. द्वारा घर घर जाकर सम्पर्क किया गया। और डाकघर की नई योजना की जानकारी दी गई, तथा आम व्यक्ति को पोस्ट इण्डिया बेक के खाते भी खोले गए, जिससे नरेगा व प्रधान मंत्री द्वारा जमीन की राशी का भुगतान सीधे इस खाते मे आ सके । टोक मण्डल के डाकघर अधीक्षक के के शर्मा का अलोद पोस्ट ऑफिस के कर्मचारीयो द्वारा माला पहनकर स्वागत कर आमजन को सरकार द्वारा चलाई गई नई योजना की जानकारी दी।

**हार्टवाइज पहल : शहर में बांटेंगे 30 हजार हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट**

# जिला कलक्टर के साथ हार्टवाइज टीम ने किया किट लॉच

## विश्व में हार्ट अटैक के प्रति जागरूकता व बचाव के लिए पहला और सबसे बड़ा प्रयास

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** शहर में हृदय रोग के प्रति जागरूकता और हृदय की स्वस्थता के उद्देश्य से गठित टीम हार्टवाइज अब शहरवासियों को हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट वितरित करेगी। इस किट को शनिवार को जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, डीसीएम श्रीराम के वीनू मेहता, हार्टवाइज के संरक्षक डॉ.साकेत गोयल व टीम ने लांच किया। इसके साथ ही किट का वितरण शुरू कर दिया गया है। सामाजिक, शैक्षणिक, अध्यात्मिक व व्यावसायिक संस्थाओं के माध्यम से शहर के 30 हजार परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। हार्टवाइज के संयोजक डॉ.साकेत गोयल ने बताया कि कोविड के बाद हृदयाघात के मामले बढ़ गए हैं। प्रारंभिक उपचार के अभाव में लोगों की मौतें हो रही है। ऐसे में हार्टवाइज टीम ने हार्ट अटैक से होने वाली मृत्यु की दर को कम करने के लिए विश्व में पहला और सबसे बड़ा प्रयास शुरू किया है। प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शहरवासियों को 30 हजार हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट वितरित किए जाएंगे। दवाओं की समाप्ति तिथि के बाद इस किट को रिप्लेस भी किया जा सकेगा। हार्टवाइज के ओर से इस प्रकल्प के समन्वयक कपिल जैन रहेंगे। कोई भी संस्था जो अपने मेंबर्स को ये हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट देना चाहे वो कपिल जैन 98281-36431 तथा हार्टवाइज टीम के अन्य सदस्यों से संपर्क कर किट प्राप्त कर सकती है।

### किट की उपयोगिता समझता हूं- कलेक्टर

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि मैं एक चिकित्सक भी हूं और इसलिए इस किट की उपयोगिता समझता हूं। जानकारी के अभाव में कई मौतें हो जाती हैं। हर घर में यह किट होना चाहिए, मेरा सुझाव है कि हर घर में एक निर्धारित स्थान भी होना चाहिए जहां किट मौजूद रहे और हर सदस्य को इसका पता हो। इसके साथ ही जिला प्रशासन स्कूलों में हार्टवाइज के साथ मिलकर सीपीआर ट्रेनिंग प्रोग्राम भी चलाएगा। स्वस्थता के लिए जागरूकता जरूरी है। डीसीएम श्रीराम के सीओओ वीनू मेहता ने कहा कि हार्टवाइज टीम स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल जागरूकता आती है, वरन भ्रांतियां भी दूर होती हैं। मैं वॉक-ओ-रन 2025 के लिए भी शुभकामनाएं देता हूं।

इस अवसर पर टीम हार्टवाइज के डॉ.सुरभि गोयल, कमलदीप सिंह, तरुमित बेदी, अजय मित्तल, कपिल जैन, सुमित अग्रवाल, विनेश गुप्ता, निखिल जैन, अनीश बिरला, राहुल सेठी, दीपक मेहता, राहुल जैन, अनुपम अजमेरा, डॉ अज़हर, आरव, उमेश गोयल, हिमांशु अरोड़ा, रजत अजमेरा सहित अन्य मौजूद रहे।

# उन्नति का श्रेय कर्मठ कर्मचारियों कों -डॉ. राघवपत सिंघानिया

## सोनू निगम नाइट की रही धूम, सिंघानिया परिवार सहित जे.के. समूह के अधिकारी कर्मचारियों ने खूब लगाये ठुमकें

**सिंघानिया के पत्रकार वार्ता में बेंबाक जवाब**

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेंडा ( प्रकाश खत्री )।** जे.के.सीमेन्ट निम्बाहेंडा प्लान्ट के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया नें संयुक्त प्रबन्ध निदेशक माधवकृष्ण सिंघानिया के साथ प्रेसवार्ता कर कहा कि सितम्बर 2024 में जे..के समूह के 140 वर्ष पूर्ण हुयें, जो कि नि: सन्देह गौरवमयी उपलब्धि है और अब निम्बाहेंडा प्लान्ट अपनी स्वर्ण जयन्ती मनानें के साथ ही गोटन प्लान्ट भी अपनें 40 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण कर रहा है । हाल ही में जे.के. सीमेन्ट निम्बाहेंडा को एम्पलायर्स ऐसोसियेशन ऑफ राजस्थान द्वारा सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता का अवार्ड एवं प्रमाण-पत्र दिया गया जों इस बात को स्वत- प्रमाणित करता है कि जे.के. सीमेन्ट में प्रबन्धन और कर्मचारीयों का सामन्जस्य एक आदर्श है । डॉ .राघवपत सिंघानिया भावुक होकर बतातें है जे.के. की उन्नति भगवान ठाकुरजी की कृपा एवं कर्मचारियों के कठिन परिश्रम की देन है ,उन्होंनें जे.के. समूह की तरक्की का श्रेय अपनें सभी कर्मचारियों को दिया और कहा कि जे.के. समूह के सभी कार्यस्थलों पर स्थानीय लोगों का परिवार की तरह सहयोग मिलता रहा है और मिलता रहेगा । व्यापार के साथ साथ जहॉ भी हम कार्य करतें है वहॉ सामाजिक सरोकार अपना कर्तव्य मानतें है ।

स्व. यदुपति सिंघानिया का स्मरण करते हुये बतातें है हमें सदैव सिखाया गया है सामाजिक उत्थान को अपनी प्राथमिकता बनाओं इसलियें कम्पनी द्वारा सामाजिक उत्थान में अनेक स्थायी कार्य किये है जिसमें युवाओं के कौशल विकास के लिये आई.टी.आई. की स्थापना, गांव में महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिये प्रशिक्षित करना, दिव्यांग व्यक्त्यिों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये नि:शुल्क उपकरण वितरण, पशुधन संमवर्धन कार्यक्रम, सरकारी स्कूलों का नवीनीकरण एवम् विकास, आंगनवाड़ियों को गोद लेकर संचालित करना, निम्बाहेड़ा नगर में जे.के. कंसर्ट हॉल की स्थापना, गांवों में सामुदियक भवनों एवं सड़कों का निर्माण व पेयजल की सुविधा प्रदान करना, चिकित्सा के क्षेत्र में राजकीय जिला चिकित्सालय निर्माण एवं चिकित्सा उपकरणों में सहयोग, एवं चल चिकित्सा ईकाई द्वारा गांवो में स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाईयों का वितरण, मेन्मा चिकित्सा शिविर का आयोजन करना, सड़क सुरक्षा के तहत हेल्मेट वितरण एवम् पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से नियमित रूप से पौधारोपण कार्यक्रम संचालित कर समूह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी भूमिका का निर्वाहन करने के लिये प्रतिबद्ध है ।

# सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ जिला स्तरीय महिला सम्मेलन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा शनिवार को उदयपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान कई योजनाओं और कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय महिला सम्मेलन यहां सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ जिसमें ड्रोन दीदी, लखपति दीदी एवं अन्य योजनाओं लाभार्थी महिलाएं वर्चुअल माध्यम से जुड़ी। जिला स्तरीय सम्मेलन की मुख्य अतिथि लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि आर्थिक रूप से सशक्त महिलाएं न केवल अपने परिवार को मजबूत बना रही हैं, बल्कि देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसी योजनाओं को महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में ड्रोन दीदी योजना की 9 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिले में कुल 3829 लखपति दीदी योजना की लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

महिला निधि बैंक की ओर से कोटा जिले की महिलाओं को 5 करोड़ रुपये का चेक वितरित किया गया। जेवीवीएनएल द्वारा धुएं से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से महिलाओं को इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम वितरित किए गए। इसके अलावा, लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों के खातों में राशि स्थानांतरित की गई और नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट प्रदान की गई।

कार्यक्रम में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मजहर इमाम, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक मनोज कुमार मीणा, राजीविका की जिला कार्यक्रम प्रबंधक नेहा चतुर्वेदी और आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक राम नारायण मालव उपस्थित रहे। मंच संचालन राजीविका बीपीएम भरत शर्मा द्वारा किया गया।

# धार्मिक स्थलो के बारे में वर्ष 1991 के वरशिप एक्ट की पालना सुनिश्चित करवाए सरकार

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** धार्मिक स्थलो के बारे में वर्ष 1991 के वरशिप एक्ट की पालना सुनिश्चित करवाने को लेकर बूंदी शहर काजी पीरजादा अब्दुल शकूर कादरी के निर्देश अनुसार मुस्लिम समाज के लोगो ने जिला कलेक्टर के मार्फत अतिरिक्त जिला कलक्टर दर्शन तोमर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। बूंदी जिला वक्फ कमेटी सचिव मौलाना असलम ने बताया कि ज्ञापन में ख्वाजा साहब की दरगाह अजमेर शरीफ में मंदिर का दावा स्थानीय अदालत में पेश होने से देशभर के मुस्लिम समाज में हलचल मची हुई है । हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह विश्व प्रसिद्ध दरगाह है जहां पूरे विश्व से हर मजहब और समाज के लोग आते है।

उक्त दरगाह भारत में सांप्रदायिक सौहार्द का केंद्र है, किंतु उक्त दरगाह में मंदिर का दावा पेश करने से पूरे देश में काफी हलचल मची हुई है, तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का भी अंदेशा है जबकि विधि का जो प्रावधान 1991 के वरशिप एक्ट में दिया गया है उसमे पूजा स्थल विशेष प्रावधान अधिनियम में किसी भी पूजा स्थल को बदलने पर रोक लगाता है, तथा 15 अगस्त 1947 को जेसी स्थिति थी वैसी ही धार्मिक स्थिति बनाए रखने का आदेश देता है, वादी द्वारा जो वाद इस संबंध मे पेश किया गया है वह विधि के प्रावधानों के विपरीत है ऐसे प्रस्तुत वादों से विधि का उलघन हो रहा है , इस अवसर पर बूंदी नगर परिषद के उपसभापति लटूर भाई बूंदी जिला वक्फ कमेटी सचिव मौलाना असलम, एडवोकेट शिफाउल हक ,मेहमूद अली ,अबरार अहमद ,अख्तर हुसैन अंसारी, समीर अंसारी, युसुफ भाई, सहित कई लोग मौजूद थे।

# अंता अभिभाषक परिषद के चुनाव संपन्न, नायक बने निर्विरोध अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी ) ।** शुक्रवार को हुए अभिभाषक परिषद के चुनाव में नंदकिशोर नायक को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी मंजूर हसन खान, सुरेंद्र सिंह अड़सेला,विनय खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से बताया अभिभाषक के अध्यक्ष पद पर नंदकिशोर नायक, महासचिव इम्तियाज हुसैन, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सुमन, सतर्कता सचिव चेतन कुमार पारेता को निर्विरोध चुने गए। चुने गए सभी निर्विरोध पदाधिकारी को एडवोकेट मेहमूद हसन खां, रमेश चंद्र काबरा, दुष्यंत विजय, भगवान प्रसाद दाधीच, जाकिर खान, अक्षय राज सिंह, देवकीनंदन गालव, प्रमोद गलाव, अशोक दाधीच, मदन मालव, कुलदीप महावर, दिनेश केवट, हरीश शर्मा, पुनीत नंदवाना, रविंद्र नागर, शिवकुमार दाधीच ने नवनियुक्त पदाधिकारी को माला पहनकर स्वागत किया।

# महिला सम्मेलन में लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र किए वितरित

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राज्य सरकार का 1 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का उदयपुर में उद्घाटन हुआ। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से बूंदी जिले के जिला स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल जुड़ाव रहा। बूंदी में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय के परिसर में आयोजित हुआ। इस दौरान जिला प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, बूंदी नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने कार्यक्रम में शिरकत की। राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है वहां हमेशा देवताओं का निवास होता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न जिलों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में बूंदी प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा ने 200 स्वयं सहायता समूह को 15 हजार रुपये प्रति समूह 30 लाख रुपये रिवॉल्विंग फंड ट्रांसफर, महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूह को 5 करोड़ रुपये के ऋण की उधारी चैक, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम डिस्ट्रीब्यूशन, नमो ड्रोन दीदी योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना,नवीन लखपति दीदी योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए।

कार्यक्रम में लाभार्थियों ने अपने जीवन में सफलता के अनुभव को भी साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता के के शुक्ला,डीपीएम राजीविका जगजीवन कौर, महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक ऋचा चतुर्वेदी, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक भेरू प्रकाश नागर सहित लाभार्थी महिलाएं मौजूद रही।

# बाल्मीकि समाज बस्ती में भारत माता पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के सेवा भारती भवानी मंडी के तत्वाधान में कस्बे की बाल्मीकि समाज बस्ती में भारत माता पूजन का आयोजन किया गया , कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर लाल वर्मा ने की मुख्य अतिथि कान्हा राठौर, संजय जैन, विष्णु पोरवाल , विशिष्ट अतिथि, विक्रम प्रजापत, ब्रजेश शर्मा, रितेश रहे , कार्यक्रम में बस्ती की सभी माताएं बहने अपने घरों से दीपक लेकर आई बड़ी संख्या में बस्ती के लोग उपस्थित रहे ।प्रकल्प शिक्षिका स्वाति दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया । मुख्य वक्ता प्रान्त छात्रावास प्रमुख दुलीचंद ने बताया की हमारा भारत बहुत विशाल देश हुआ करता था जिसकी सीमाएं उत्तर के हिमालय से लेकर दक्षिण के हिंद महासागर तक भारत की सीमाएं हुआ करती थी पर जहां-जहां हिंदू समाज संगठित नहीं रहा वहां अन्य देश बनना प्रारंभ हो गए पर यह जितने भी देश आज भारत से अलग हुए वह कोई भी देश शांत नहीं है जैसे अफगानिस्तान, म्यांमार, नेपाल ,भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान ,तिब्बत, श्रीलंका आदि आज अनेक देशो के बीच युद्ध चल रहा है वे सभी भारत की भूमिका की ओर देखते हैं अनेक देश पुन भारत में मिलना चाहते हैं बहुत जल्दी भारत अखंड होगा तहसील अध्यक्ष संजय भंडारी ने सभी का आभार व्यक्त किया भारत माता की आरती कर प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया।

महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध है राजस्थान सरकार

# स्वयं सहायता समूहों को डीबीटी के माध्यम से किया रिवाल्विंग फंड का हस्तातंरण

## किशोरी बालिका योजना की लाभार्थी से माननीय मुख्यमंत्री ने किया संवाद

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन व कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वीसी के माध्यम टाउन हॉल नगर परिषद में किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता दी गई। जिले में उद्यम प्रोत्साहन योजना की लाभार्थी से माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने संवाद भी किया।

इससे पूर्व विशिष्ट शासन सचिव अनुप्रेरणा कुंतल, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विशिष्ट शासन सचिव अनुप्रेरणा कुंतल ने वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों कार्य किए जा रहे हैं। महिला सुरक्षा हेतु कालिका पेट्रोलिंग यूनिट जैसी मुहिम चलाकर काम किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अपने उदबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूह को ऋण स्वीकृति देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ नमो ड्रोन दीदी के माध्यम से महिला काश्तकारों को सहायता भी दी जा रही है। लखपति दीदी, महिला निधि बैंक, नमो ड्रोन दीदी, लाडो प्रोत्साहन योजना, उद्यम प्रोत्साहन योजना और एकल नारी पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक सम्बल मिला है। महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार संवेदनशील और संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान नवीन लखपति दीदी सम्मान के तहत जिले की 1555 लाभार्थियों और स्वयं सहायता समूह के 150 लाभार्थियों को कुल 22 लाख 50 हजार रुपये रिवाल्विंग फंड का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। महिला निधि बैंक के माध्यम से जिले में 2.22 करोड़ रुपए की राशि 557 लाभार्थियों को दी गई। स्वयं सहायता समूह सदस्यों के लिए राज्य सखी पोर्टल का शुभारंभ किया गया। जिले की पांच महिला काश्तकारों को नमो ड्रोन दीदी और इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम वितरण के तहत 26 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री महोदय द्वारा लाभार्थियों से कार्यक्रम के दौरान संवाद भी किया गया। जिले की बालिका शिवानी ने संवाद के दौरान बताया कि किस तरह से उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग की किशोरी बालिका योजना से लाभ मिला है। शिवानी ने माननीय मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान बताया कि उन्हें नियमित पोषाहार एवं आयरन फॉलिक एसिड प्राप्त होती हैं, जिससे उनकी सेहत में सुधार हुआ है। इसके लिए शिवानी ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जिले की 6 आदर्श आंगनबाड़ी मार्गदर्शिका का विमोचन करते हुए प्रत्येक विधानसभा में पांच-पांच नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति दी गई।



# एबीवीपी इकाई राजाखेड़ा ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** मरैना महाविद्यालय का मार्ग कच्चा तथा खुदा हुआ है जिस पर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं गया है महाविद्यालय में पढ़ने के लिए आने जाने के लिए छात्राओं को काफी तकलीफ होती है । सड़क ठेकेदार के द्वारा उस कच्चे रास्ते पर मोटे-मोटे पत्थर डाल दिये गये है लेकिन उनका समतलीकरण नहीं किया गया है जिस कारण छात्राओं अपनी साइकिल चला कर नहीं चल सकती है। उन पत्थरों को उस रास्ते पर डाले हुए बहुत समय हो गया पक्का रास्ता कब बनेगा इसको लेकर छात्राएं तथा वह कच्चा रास्ता भी रोज ईश्वर से प्रार्थना करती हैं।अपने वहानों पर अपना बैलेंस न होने के कारण क ई बार का एक्सेंट भी हुए हैं । छात्राओं महाविद्यालय तक पहुंचने में उस धूल भरी रास्ते से गुजरना पड़ता है। उस टूटी-फूटी रास्ते की लम्बाई तकरीबन 500-600 मीटर है । मात्र इतना लंबा सफर तय करने में अपने साथ में निजी वाहन ले जाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है उस रास्ते की हालत इतनी गम्भीर रूप ले चुकी है कि जो छात्र एक बार महाविद्यालय मरैना में पढ़ने जातीं हैं तो उस का महाविद्यालय में पढ़ने जाने का मन नहीं करता है। क्योंकि सबसे बड़ी समस्या उस रास्ते को लेकर है आगे यदि वर्षा होती है तो फिर वहां महाविद्यालय तक छात्राओं तथा महाविद्यालय में पढ़ाने वाले स्टॉफ का पहुंचने से पहले उस रस्ते एक लंबी लड़ाई लड़नी होगी जो वह रास्ता सीना तानकर खड़ा है। और वह सभी छात्राओं को खड़े होकर चुनौती देता है। अगर यह रास्ता पक्का बन जाता है तो जो 40 मिनट की दूरी है वह मात्र 4 मिनट में ही तय हो जाएगी। ज्ञापन देने वालो में नगर मंत्री पतंजलि अचल सोनी , सचिन राहुल ठाकुर दुष्यंत राहुल, राज ललिता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

सीवरेज लाइन और पेयजल लाइन के काम में लापरवाही का मामला

# कोर्ट ने भेजा कलेक्टर, एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को नोटिस

## एडीजे कोर्ट में परिवाद के बाद मामले में एक्शन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में विकास के लिए समर्पित पुनर्गठित पेयजल पाइप लाइन परियोजना और सीवेज लाइन परियोजना का काम लापरवाही की भेंट चढ़ने के चलते शहर के नागरिक परेशान है। संबंधित ठेकेदार बिना किसी मापदंड और पब्लिक की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेतरतीब रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में शहर के नागरिक कई महीनों से परेशान है और कई बार स्थानीय एवं जिला प्रशासन से शिकायत की जा चुकी हैं। उक्त मामले में जो संबंधित विभाग हैं उनके अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे। न ही कार्य की मॉनिटरिंग के लिए लगाई गई अधिकारियों की टीम कभी मौके पर आती है। ऐसे में परेशान शहरवासियों की समस्या को लेकर शहर के दो युवा नागरिकों द्वारा एडीजे कोर्ट बाड़ी में विधिक सेवा के तहत प्री लिटिगेशन परिवाद दायर किया गया। उक्त परिवाद को लेकर एडीजे नीरज कुमार ने धौलपुर कलेक्टर और बाड़ी एसडीम सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। जिसमे 17 दिसंबर को एडीजे कोर्ट में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। बाड़ी कोर्ट के अधिवक्ता रूपसिंह किलेदार ने बताया की शहर की युवा नागरिक प्रमोद कुमार मुद्गल और रूपसिंह जाट के द्वारा शहर के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत निर्माणाधीन सीवेज लाइन और पेयजल पाइप लाइन के काम में लापरवाही, लोगों को परेशानी, कार्य की गति अत्यंत मंद होने के साथ नियमों की पालना नहीं करने, घटिया सामग्री का उपयोग करने आदि बिंदुओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिए जाने, मॉनिटरिंग टीम के मौके पर नहीं आने और शासन प्रशासन द्वारा उक्त मामले में मॉनिटरिंग नहीं करने को लेकर 12 दिसंबर को विधिक सेवा के तहत परिवाद दायर किया था। अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति,अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नीरज कुमार ने उक्त परिवाद के पब्लिक से जुड़ा होने पर मामले को संवेदनशीलता से लिया है और परिवाद में 17 दिसम्बर को न्यायालय में पेश होने के लिए धौलपुर जिला कलेक्टर, बाड़ी उपखंड अधिकारी, नगर पालिका बाड़ी के अधिशासी अधिकारी, जलदाय विभाग बाड़ी के अधिशासी अभियंता और सार्वजनिक निर्माण विभाग बाड़ी के अधिशासी अभियंता को प्रकरण संख्या 13/24 में नोटिस जारी किया है।

# डिस्कॉम चीफ के निर्देश पर बिजली विभाग आया एक्शन मोड़ पर

## ग्रामीण क्षेत्र में कई स्थानों पर की कार्यवाही, 15 लाख की बकाया पर हुसैनपुर फीडर से उतारे 05 ट्रांसफार्मर

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम के चीफ उमेश गुप्ता की बाड़ी में डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ हुई शुक्रवार की बैठक के बाद अब बिजली विभाग एक्शन मोड पर नजर आ रहा है। चीफ गुप्ता द्वारा बिजली विभाग के सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन पर बकाया राशि चल रही है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। ग्रामीण क्षेत्र में जो उपभोक्ता बिजली का बिल नहीं जमा कर रहे हैं उनके ट्रांसफार्मर को लाइन से अलग किया जाए। ऐसे में आज डिवीजन के कसीएन,एईएन और ग्रामीण क्षेत्र के जेईएन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में अलग-अलग टीमों ने जाकर कार्रवाई की है। जहां अवैध रूप से बिजली कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ भी एक्शन लिया गया है।

बाड़ी डिस्कॉम के ग्रामीण जेईएन विजेंद्र सिंह ने बताया कि आज उनके नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से हुसैनपुर फीडर से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में कार्रवाई की है। जहां से पांच ट्रांसफार्मरो को लाइन से अलग किया है,इन ट्रांसफॉर्मर से जुड़े उपभोक्ताओं पर करीब 15 लाख रुपए की राशि बकाया है।

वही गांव हुसैनपुर में दो उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी करने के मामले में वीसीआर भरी गई है और एक करीब एक लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। डिस्कॉम के एक्सईएन मुनीराम बिश्नोई ने बताया कि बकाया को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शनिवार से डिस्कॉम की अलग-अलग टीम बनाकर कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। सोमवार से शहर के भी बकाया जमा नही करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलेगा साथ में ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस के सहयोग से डिस्कॉम की टीम वसूली अभियान चलाएंगी। कार्रवाई के दौरान एईएन अकरम खान,सिटी जेईएन आयुष राज गुप्ता और विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं सदर थाना पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# शहर के सामान्य अस्पताल के प्रसूता वार्ड में कुत्तो का जमावड़ा

## नवजात को ले जाने के भय से प्रसूता के साथ आई महिलाये रहती है परेशान, अस्पताल प्रशासन अनजान





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के सामान्य अस्पताल के प्रसूता वार्ड में इन दोनों लापरवाही इस कदर हावी है कि शाम होते ही प्रसूति वार्ड और आसपास के क्षेत्र में कुत्तों का जमावड़ा देखा जा सकता है। यह कुत्ते केवल उक्त परिसर में घूमते ही नहीं है बल्कि खाली बेड और स्ट्रेचर पर आराम फरमाते नजर आते है। ऐसे में प्रसुताओं के साथ आए महिला अटेंडर परेशान है। उनको नवजात शिशु को कुत्तों द्वारा उठाकर ले जाने का अनजाना भय सता रहा है। मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन को कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में कुत्तों का यह जमावड़ा कभी भी किसी बड़ी घटना का कारण बन सकता है। उपखंड के अलीगढ़ गांव से आई बुजुर्ग महिला सरोज ने बताया कि उनकी बहू के डिलीवरी हुई है। जिसे लेकर वह शुक्रवार को सुबह आए थे और अब रात में जच्चा सोई हुई है। लेकिन उनको जागना पड़ रहा है। जिसके पीछे वार्ड में कुत्तों का घूमना कारण है। उन्होंने बताया कि कोई भी कुत्ता नवजात बच्चे को उठा कर ले गया तो क्या होगा। इसलिए वे जागकर अपनी बहू और बच्चे का ध्यान रख रही हैं। वही कंचनपुर क्षेत्र से आई महिला वैकुंठी ने बताया कि वार्ड में कुत्ते आवारा की तरह घूम रहे हैं। कुत्तों को भगाने वाला कोई नहीं है। एक दो बार वे खुद कुत्तों को बाहर तक भगा चुकी हैं लेकिन यह बार-बार वार्ड में आते हैं और घूमते हैं। इसे कभी भी कोई खतरा हो सकता है। इसलिए वे जागकर अपनी जच्चा और बच्चा की देखभाल कर रही है। बाड़ी शहर के अस्पताल में हालांकि 200 बेड की सुविधा है और यह जिला अस्पताल में कन्वर्ट हो चुका है लेकिन यहां व्यवस्थाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। चौकीदार की पोस्ट खाली हैं और वार्ड बॉय के पोस्ट भी खाली चल रहे हैं। ऐसे में अस्पताल में रात के समय देखभाल करने वाला कोई नहीं है। कई बार चिकित्सक और नर्सिंग अधिकारियों के साथ वारदात भी हो चुकी है।

# राजाखेड़ा में छात्राओं को बांटी साइकिल, स्कूल आने जाने में मिलेगी मदद, छात्राओं के खिले चेहरे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** राजाखेड़ा कस्बे के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की।

मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने कहा कि कक्षा 9 की बालिकाओं के लिए साइकिल एक ऐसा वाहन है जो हमें स्वतंत्रता और स्वास्थ्य दोनों प्रदान करता है। साइकिल चलाने से हमारे शरीर को व्यायाम मिलता है और हमारे मन को ताजगी मिलती है। साइकिल एक पर्यावरण अनुकूल वाहन है जो हमें प्रदूषण से मुक्ति दिलाता है।

शर्मा ने कहा-राज्य और केंद्र सरकार के द्वारा छात्राओं और महिलाओं के हित में अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। जो उनके विकास के लिए अहम हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि ममता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं और छात्राओं को हर क्षेत्र में सजग रहकर मेहनत के साथ कार्य करना चाहिए, जिससे खुद अपने विकास में सहायक हों। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं और छात्राओं को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विद्यालय प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा ने सभी आगंतुक बंधुओं का स्वागत किया और कार्यक्रम की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

साइकिल प्रभारी परमानंद ने बताया कि साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 400 साइकिलों का वितरण किया गया है। इस दौरान साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन सारिका जैन ने किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक सीबीईओ चरण सिंह, उत्तम दीक्षित भाजपा मंडल संजोयक, दिलीप पाराशर, प्रधानाचार्य सुघर सिंह मीणा, सुनील कुमार, राजेश कुमार, रामनरेश जादौन, प्रमोद जैन, रजनीकांत शर्मा, जतिन सक्सेना, परमानंद, प्रीति कुमारी, चंद्रभान मीणा, धर्मेंद्र कुमार, हसन शहादत, आशिक अली, संदीप वात्सल्य, कुलदीप सोनी, राहुल उदैनिया, सोमेश दीक्षित, जगदीश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शहर की मीनेश्वर कॉलोनी में कई महीनों से पानी भराव की समस्या

## परेशान नागरिको ने सौंपा एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन, प्रशासन से कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के वार्ड नंबर 13 स्थित मीनेश्वर महाराज बाग कॉलोनी के दर्जनों नागरिकों ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपा है। नागरिकों का आरोप है की वे वार्ड 13 स्थित मीनेश्वर कॉलोनी में रहते है। जहां जगह-जगह पानी भराव हो रहा है। जिसको लेकर पूर्व में ही कई बार नागरिक विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं और नगर पालिका सहित सभी विभागों के अधिकारियों को समस्या के समाधान को लेकर मांग की है। लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां तक की मीनेश्वर कॉलोनी में सड़क निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ठेकेदार को वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है लेकिन ठेकेदार ने महीनो बाद भी काम शुरू नहीं किया है। ऐसे में परेशान नागरिकों ने एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौप कार्रवाई की मांग की है। मीनेश्वर कॉलोनी निवासी ज्वानसिंह मीणा,अजय कुमार, जगन्नाथ मीना,लक्ष्मण सिंह,कैलाश,जगदीश,हीरालाल एवं अन्य ने बताया कि उनकी कॉलोनी वार्ड नंबर 13 में आती है। जो महाराज बाग बस स्टैंड से शुरू होती है। इस कॉलोनी में पानी भराव के चलते लोग रास्ता नहीं निकल पाते हैं। बड़े बुजुर्गों,छोटे बच्चे तो कई बार उक्त गंदे पानी में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। बरसात के दिनों में जब हालत ज्यादा बिगड़ जाते हैं तो नगर पालिका द्वारा जगह-जगह पर मरहम और पत्थरों के टुकड़े डलवा दिए जाते हैं। जिससे और समस्या पैदा हो गई है। क्योंकि यह मरहम और गिट्टियां लगातार डाले जाने से मकान नीचे होते जा रहे हैं। जब तक समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता है। तब तक हालात ऐसे ही बदतर बने रहेंगे। इसको लेकर पूर्व में जब लगातार प्रशासन से मांग की गई तो नाला निर्माण को लेकर प्रस्ताव बनाया गया। उक्त नाले को लेकर वित्तीय स्वीकृति के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग से वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया लेकिन जिस ठेकेदार को काम सोपा है। उसने महीनो बाद भी काम शुरू नहीं किया है। यदि नाला निर्माण हो जाए और पानी की निकासी हो जाए तो समस्या का समाधान होगा। इसी को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सोपा है और मामले में निरीक्षण के साथ कार्रवाई की मांग की है।

# युवा कांग्रेस सोशल मीडिया की कार्यकारिणी का गठन

## संतोष सिंघल को जिला संयोजक व अमित को जिला सह संयोजक के पद पर किया नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है।कार्यकारिणी को लेकर प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र के मनियां ब्लॉक से संतोष सिंघल को धौलपुर जिला संयोजक और ब्लॉक राजाखेड़ा के अमित सिंह को जिला सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने स्थानीय विधायक रोहित बोहरा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेश इंचार्ज मोहम्मद शाहिद, अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया, सोशल मीडिया इंचार्ज मनीष भूमिहार, प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सिंह राजपूत, यशपाल रावल एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

# मातृभाषा गौरव सप्ताह मनाया

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़, ( नि.स. )।** प्रान्त की योजनानुसार विद्या निकेतन उमावि गांधीनगर में मातृभाषा गौरव सप्ताह के दूसरे दिन विद्यालय के भैया बहनों को माँ, मातृभूमि और मातृभाषा के प्रति गौरव का भाव जागृत करने का पाथेय प्रदान हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजकीय कन्या महाविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर श्याम सुन्दर भारती द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर भारती ने बताया कि मातृभाषा में शिक्षण होने से ही उसके प्रति गौरव जागृत होगा। हमारी प्राचीन संस्कृति में गुरूकुलों में शिक्षण कार्य होता था।

धीरे-धीरे यह परम्परा लुप्त होती गई और हम सभी अपने प्राचीन गौरव को भूलते गए। आज हम सभी पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति का अंधानुकरण कर रहे हैं। जबकि हमारा प्राचीन इतिहास अधिक श्रेष्ठ है। बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही होनी चाहिये। इसी से उसका सर्वांगीण विकास होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ललिता खण्डेलवाल, सहायक प्रधानाचार्य अनिल शर्मा उपस्थित रहे।

# पूर्णिमा अवसर पर आज गोपाल गौशाला में होगा भजन कीर्तन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़, ( नि.स. )।** शहर के इन्दिरा गांधी स्टेडियम के समीप स्थित गोपाल गोशाला पर 15 दिसम्बर को पूर्णिमा के अवसर पर दिन के 2 बजे से 6 बजे तक भजन कीर्तन का आयोजन रखा गया है। शाम को कार्यक्रम पश्चात् आरती कर प्रसाद वितरण किया जावेगा। समस्त महानुभावो को सूचित किया जाता है कि समय पर आकर भजन कीर्तन का लाभ लेवे। चित्तौडगढ़ क्षेत्रवासी व भक्तगण भजन लाभ प्राप्त करे।

# पी एम मोदी की सभा को लेकर चित्तौड़गढ़ भाजपा की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़, ( नि.स. )।** प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने एवं ईआरसीपी परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम में 17 दिसंबर को जयपुर में पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर रविवार प्रात: 11 बजे अंहिसा नगर ओछड़ी स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक होगी।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कार्यकर्ताओं के जयपुर जाने को लेकर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष एवं राजसंमद सह प्रभारी हर्षवर्धन सिंह को संयोजक मनोनीत किया गया है। बैठक में सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री उपस्थित होंगे।

# श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति के निमित्त पत्रिका का विधायक कृपलानी ने किया विमोचन

## 4 जनवरी को प्रसिद्ध भजन गायक वैभव बाघमार एवं नीता नायक देंगे भजनों की प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़, ( नि.स. )।** श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल निम्बाहेड़ा की ओर से 4 जनवरी 2025 को स्थानीय कृषि उपज मंडी में भव्य पार्श्व भैरव भक्ति का आयोजन किया जा रहा है। इसके निमित्त आमंत्रण पत्रिका का पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीचंद कृपलानी ने विमोचन किया गया। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 जनवरी 2025 को स्थानीय कृषि उपज मंडी में आयोजित भैरव भक्ति के अंतर्गत दोपहर 12.39 बजे होलीथड़ा स्थित पुराने जैन मंदिर से भव्य वर घोड़ा निकाला जाएगा जो नगर के प्रमुख बाजारों से होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंच कर सम्पन्न होगा।

शाम को 7 बजे से भव्य श्री पार्श्व भैरव भक्ति आयोजित होगी जिसमें बालोतरा से प्रसिद्ध भजन गायक वैभव बाघमार एवं सिरोही से भजन गायिका नीता नायक अपनी मधुर आवाज में भजनों के माध्यम से श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव को रिझाएंगे। श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के सदस्यों ने प्रथम आमंत्रण पत्रिका मेवानगर में विराजित श्री पार्श्वनाथ नाकोड़ा भैरव दादा के नाम लिखी गई।

पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी से पत्रिका का विमोचन करवाया।

इस अवसर पर श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के गजेंद्र नवलखा, महावीर पामेचा, नीलेश मेहता, बलवंत बंब, जिनेन्द्र पितलिया, खुशाल छाजेड, सुनिल संघवी, अभिषेक वडारा, कमलेश वडारा, नितिन सेठिया, आशीष बोडाणा, कमलेश दुग्गड, मनोज मेहता, राहुल भंडारी, जीतू डागा, अभय लोढ़ा, कपिल चौधरी, वैभव अब्भाणी, हर्षद बोड़ाणा, प्रियेश डुंगरवाल, आशीष नागोरी, श्रेयांश पालेचा, अक्षय मारू, पीयूष मोदी, हर्षद छाजेड, अमित लोढ़ा, महावीर चपलोत, दीक्षित जैन, आवेश नाहर, निखिल संचेती आदि सदस्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीलवाड़ा जिले की मूमल कंवर से किया सीधा संवाद

## लखपति दीदी बनने पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान


**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने भीलवाडा जिले की लखपति दीदी मूमल कंवर से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने मूमल कंवर से उनके लखपति दीदी बनने का अनुभव साझा करने को कहा।

मूमल कंवर ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह मांडल ब्लॉक की रहने वाली हैं। उन्होंने बीए तक पढ़ाई की हैं। वह 2021 में देवनारायण समूह से जुड़ी, साथ ही सबसे पहले समूह से 50-50 हजार रूपये का दो बार ऋण लेकर आचार मुरब्बे और पापड़ बनाने का काम शुरू किया। उसके बाद व्यवसाय को बढ़ाया और 10 महिलाओं को समूह से जोड़ा। उन्हें मुद्रा योजना से एक लाख का ऋण भी प्राप्त हुआ।

मूमल ने बताया कि उन्होंने 10 महिलाओं के साथ समूह को शुरू किया और आज हमारे समूह में 12 महिलाएं है। मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी बनने पर मूमल को शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा हैं, भीलवाड़ा समेत पूरे राज्य में हम इस लक्ष्य को पूरा करेंगे और बहनों को सशक्त करेंगे।

# प्रभारी मंत्री झाबरसिंह ने 18 दिव्यांगजनों को स्कूटी का किया वितरण

## कई योजनाओं के लाभान्वितों को बांटे चैक, लखपति दीदीयों का किया सम्मान





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को महिला सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन उदयपुर में आयोजित हुआ । राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ब्यावर जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा बतौर मुख्य अतिथि व जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत , ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत अंबेडकर भवन से वर्चुअली जुड़े । इसके पश्चात जिला स्तरीय महिला सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को प्रभारी मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इसका एक उदाहरण हाल ही में शुरू हुई लखपति दीदी योजना है जो कि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कार्य है । उन्होंने कहा कि महिलाएं राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान रखती है वे सरकारी योजनाओं का सकारात्मक रूप से लाभ उठाकर सशक्त बने एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विकसित राष्ट्र व प्रदेश की परिकल्पना को साकार बनाएं । ब्यावर विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गत 1 वर्ष में वर्तमान राज्य सरकार द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है। मसूदा विधायक ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत है । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला वर्ग के लिए भी विशेष ध्यान रखते हुए कल्याणकारी योजनाओ से सशक्त किया जा रहा है ।

### 18 दिव्यांगजन को स्कूटी का किया वितरण, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना :

प्रभारी मंत्री खर्रा ने 18 दिव्यांगजन को स्कूटी का वितरण किया । उन्होंने अंबेडकर भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि राज्य सरकार दिव्यांगजन के हितों के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए स्कूटी का वितरण किया जाता है। स्कूटी मिलने पर ये दिव्यांगजन स्वयं का कार्य करने के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा । दिव्यांगजनो ने स्कूटी मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन कार्यक्रम के पश्चात जिला स्तरीय सम्मेलन में प्रभारी मंत्री, जिला कलेक्टर, ब्यावर विधायक व मसूदा विधायक ने पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजना से लाभान्वितों को प्रतीकात्मक चैक सौंपे व सम्मानित किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ,उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया, निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया, जिला परिषद ऐसीईओ गोपाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नितेश यादव सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

सीए ने सीखे कोड ऑफ़ एथिक्स और ऑडिटिंग स्टैंडर्ड्स के गुर

# सीए भीलवाड़ा ब्रांच द्वारा 2 दिवसीय कार्यशाला संपन्न

## कोड ऑफ एथिक्स एवं स्टैंडर्ड ऑन ऑडिटिंग पर सेमिनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** सीए भीलवाड़ा ब्रांच द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला सीए कोड ऑफ एथिक्स एवं स्टैंडर्ड ऑन ऑडिटिंग का आयोजन आई.से.ए.आई. भवन, पटेल नगर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शाखा अध्यक्ष सीए सोनेश काबरा ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सीए सदस्यों को व्यावसायिक जीवन में आने वाली नैतिक और तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बनाना था। पहले दिन, 13 दिसंबर 2024, को कोड ऑफ एथिक्स विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें वक्ता सीए रतन सिंह तंवर ने आई सी ए आई द्वारा निर्देशित आचार संहिता के बारे में बताया। जिसमे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स कार्य के दौरान नैतिकता और पेशेवर आचरण का ध्यान में रखना और इसका व्यावसायिक जीवन में उपयोग कैसे करें, इस पर चर्चा की। दूसरे दिन, 14 दिसंबर 2024, को स्टैंडर्ड ऑन ऑडिटिंग विषय पर सेमिनार आयोजित हुआ। इस सत्र में वक्ता सीए हेमंत छाजेड़ ने ऑडिटिंग के मानकों, उनके अनुपालन की प्रक्रिया और व्यावसायिक चुनौतियों का समाधान करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने ऑडिटिंग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे रिपोर्टिंग, दस्तावेज़ीकरण और जोखिम प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से ऑडिटिंग की जटिलताओं को सरल तरीके से समझाने का उनका प्रयास प्रतिभागियों के लिए बहुत लाभदायक रहा। शाखा सचिव सीए मुरली अटल ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला में सीए महावीर गांधी, सीए संदीप जैन, सीए विनीत जैन, सीए पुनीत कुमार मेहता, सीए प्रदीप बंसल, सीए राजेश पुरोहित, सीए ललित आसवानी सहित 100 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया।

# कमलेश दलाल को नियुक्त किया शाइन इंडिया ने भवानीमंडी शहर संयोजक



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** शाइन इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ कुलवंत गौड़ ने बताया कि नेत्रदान के क्षेत्र में भवानीमंडी लगातार आगे बढ़ रहा है, एवं भवानीमंडी से 122 जोड़ी नेत्रदान संस्था को प्राप्त हो चुके हैं,भवानीमंडी केवल नेत्रदान ही नहीं बल्कि नेत्रदान संकल्प में भी में अग्रणी है। भवानीमंडी से 5100 व्यक्तियों के द्वारा नेत्रदान का संकल्प लिया गया है।

नेत्रदान के विषय में ज्योति मित्र कमलेश गुप्ता दलाल के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए संस्था के द्वारा उन्हें नगर संयोजक का विशेष दायित्व दिया गया, जिससे नेत्रदान की मुहिम को नगर में घर-घर तक पहुंचाया जा सके। संस्था संस्थापक डॉ कुलवंत ने बताया कि कमलेश दलाल वर्ष 2013 से संपर्क में आने के बाद लगातार उनके माध्यम से शाइन इंडिया फाउंडेशन ने भवानीमंडी सहित दूरदराज के क्षेत्रों में भी कार्य का विस्तार किया है। शाइन इंडिया फाउंडेशन को भवानीमंडी के साथ-साथ सुनेल, मिश्रौली, सिंहपुर, डग, चोमेहला, कड़ोदिया, बकानी इत्यादी स्थानों से भी नेत्रदान प्राप्त हुए हैं। गत दिनों दलाल को संस्था द्वारा कोटा में आयोजित संभाग स्तरीय भव्य सम्मान समारोह में भी मंचासीन विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दधीचि देहदान समिति नई दिल्ली के संरक्षक आलोक कुमार, पूर्व पुलिस महानिदेशक राजस्थान सरकार कपिल गर्ग, एवं उद्योगपति ताराचंद गोयल आदि के द्वारा उत्कृष्ट समाज सेवा सम्मान-2024 दिया गया है। नए दायित्व पर संस्था का आभार प्रकट करते हुए कमलेश दलाल ने कहा कि यह दायित्व नगर एवं क्षेत्र के सभी नेत्रदानी परिवारों का सम्मान है एवं ज्योति-मित्र विवेक जैन, सोनू छाबड़ा, नरेंद्र जैन, राजेश नाहर, पिंटू जायसवाल, राजेश करावन, मंजू भराड़िया, अंशिता वृंदानी इत्यादि के सहयोग से वह नेत्रदान के कार्य को और आगे बढ़ाने का एवं दिए गए दायित्व पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# बालिका शिक्षा के संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु भामाशाहो के सहयोग से राजकीय विद्यालयो की बालिकाओं को ट्रैक सूट होंगे वितरित

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी रोड में आयोजित कार्यक्रम में 600 बालिकाओं को किये ट्रैकसूट वितरित। जिला प्रशासन की प्रेरणा से बालिका शिक्षा के संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु भामाशाहों के सहयोग से राजकीय विद्यालयों की बालिकाओं को जरूरत अनुसार ट्रैकसूट वितरित कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसी के तहत जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी रोड में अध्यनरत 600 बालिकाओं को ट्रैकसूट वितरित किए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि राजकीय विद्यालयो में अध्यनरत छात्राओं को ट्रैकसूट वितरण कार्य भामाशाहों के सहयोग से किया जाएगा ।

यह एक महत्वपूर्ण कदम है इससे बालिकाओं को सर्दी के मौसम से बचाव हो सकेगा। उन्होंने विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं को शिक्षा के महत्व एवं बेहतर कैरियर निर्माण के प्रति जागरूक किया । उन्होंने राजकीय विद्यालय की बालिकाओं को ट्रैक सूट वितरण पर भामाशाहों के प्रयासों की सराहना की एवं भामाशाहो का सम्मान किया। इसके अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पीएम श्री राजकीय बालिका

उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी रोड की वार्षिक पुस्तिका सत्र 2024-25 की पुस्तक का विमोचन किया ।

### इन भामाशाहों ने किया सहयोग:

जिला प्रशासन की प्रेरणा से भामाशाह अंकुर शर्मा, जितेंद्र दाधीच, आशीषपाल पदावत (बंटी), पंकज टाक ,सतू एवं लाला भाई, दीपक झवर के सहयोग से 600 बालिकाओं को ट्रैकसूट वितरण किया गया एवं उन्होंने बताया कि आगे भी जिला प्रशासन की प्रेरणा से जरूरत अनुसार सहयोग कार्य किया जाएगा। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ,विद्यालय प्रधानाचार्य सीमा कृपलानी, विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में बालिकाएं मौजूद रही ।

# गैस सिलेंडर फटा, कच्चे मकान में लगी आग, घरेलू सामान व नकदी जली

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम ललवाडी में शुक्रवार की शाम को करीब 6 बजे गैस सिलेंडर फट जाने से बनवारी लाल पुत्र रामराय स्वामी के कच्चे घर में आग लग गई। आग लगने से घर में रखी हुई पांच बोरी तिल, 10 बोरी गेहूं, तीन बोरी खल, तीन बोरी जौ, तीन खाद के कट्टे, ओढने बिछाने के रजाई गद्दे, कपड़े व 5 हजार की नकदी जल गई। सूचना पर ललवाड़ी सरपंच मास्टर देवालाल गुर्जर मौके पर पहुंचे और अग्निशमन गाड़ी, पुलिस व हल्का पटवारी को सूचना दी। इसके बाद सभी लोग आग बुझाने में जुट गए।

# ब्यावर बार ऐसोसियेशन के चुनाव सम्पन्न,अभिभाषक गोरा अध्यक्ष चुने गये, डी.जे. पर नाचे अभिभाषक

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** शुक्रवार को जिला बार अभिभाषक संघ के चुनाव शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुये। ब्यावर जिला बार ऐसोसियेशन के चुनाव न्यायालय परिसर में ही अभिभाषक कक्ष में सम्पन्न हुए। इस बार कई नये अभिभाषकों ने चुनाव में भाग लेकर अपना मतदान किया। न्यायालय परिसर में चुनाव के दौरान अभिभाषकों की अपार भीड देखी गई। सभी में उत्साह व उमंग थी। देर शाम तक चली मतगणना के बाद दिलीप गौरा अपने प्रतिद्वंदीयों को हराकर जीत हांसिल की है। सभी सदस्यों ने जीत के बाद विजयी अध्यक्ष गोरा को उनके कार्यालय तक ढोल-ढमाके के साथ पहुँचाया। इस बीच कई अभिभाषक डी जे पर नाचते गाते उनके कार्यालय तक पहुँचे। सभी ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी और मीठा मुँह कराया। चुनाव अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए लक्ष्मणसिंह रावत को 122 मत मिले, दिलीप गौरा को 234 मत व संजय नाहर को 44 मत मिले। 2 मत नाटो को मिले। दिलीप गौरा 122 मत से विजयी घोषित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए तुषार दुबे को 217 मत मिले, ऋषि राज चौहान को 172, श्याम प्रताप को 155 व मगन कुमार सोलंकी को 129 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तुषार दुबे 45 मतों से विजय घोषित हुए। उपाध्यक्ष पद पर ऋषि राज चौहान को 172 मत मिले व विजय घोषित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर पूर्व में बलवंत सिंह रावत को घोषित किया जा चुका है। सचिव पद पर भरत सांखला को 137 मत मिले व नरेंद्र कुमार शर्मा को 253 मत मिले। नाटो को 10 मत मिले। शर्मा 116 मतों से विजय घोषित हुए। सह सचिव पद पर विजय कुमार फुलवारी को 207 मत, पवन बाघमार को 167 मत मिले व नाटो को 28 मत मिले। फुलवारी 40 मतों से विजय घोषित हुए। सहायक चुनाव अधिकारी बालकिशन गोठवाल ने बताया कि मतगणना आठ राउंड में संपन्न हुई। कुल 419 अभिभाषकों में से 402 अभिभाषकों ने अपने मत का उपयोग किया। मतदान 96 प्रतिशत हुआ।

# नवीन आंगनवाड़ी केंद्र का किया शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के द्वारा अपने पहले वर्ष में अपनी बजट में की गई विभिन्न जनकल्याणकारी घोषणाओं को तीव्र गति से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणा के अनुसार निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में पांच नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों को खोले जाने की घोषणा की थी। इस पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर निम्बाहेड़ा उपखण्ड में निम्बोदा क्षेत्र के रावलिया, बिनोता क्षेत्र में भागल, बाड़ी क्षेत्र में किशनपुरा ग्राम तथा शहरी क्षेत्र में अटल नगर सहित छोटीसादड़ी क्षेत्र में फतेह सिंह का खेड़ा में एक आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत की गई। शनिवार को इन सभी नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों का शुभारम्भ किया गया। निम्बाहेड़ा शहरी क्षेत्र की अटल नगर आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में मोली बंधन खोलकर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने आरम्भ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। समारोह के आरम्भ में विभाग की कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का उपरना ओढाकर स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने कहा कि स्थानीय विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में क्षेत्र में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। अटल नगर क्षेत्र में भी कई वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र की मांग को देखते हुए विधायक कृपलानी ने अनुशंसा कर नवीन आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत करवाकर आज इसका शुभारंभ किया गया। नवीन आंगनबाड़ी केंद्र के शुभारम्भ कार्यक्रम को भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद अविनाश गोठवाल ने भी संबोधित किया।

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय तथा सचिव पद पर आमने-सामने का हुआ मुकाबला

### उमाशंकर शर्मा बने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** अभिभाषक संघ सवाईमाधोपुर के चुनाव शुक्रवार को हुए। इस दौरान सुबह से शाम तक चले मतदान में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए कुल 365 मतदाताओं में से 329 ने अपने मतों का प्रयोग किया। इस दौरान अध्यक्ष पद पर उमाशंकर शर्मा चुनाव में विजयी हुए। अतिरिक्त चुनाव अधिकारी भगवानदास माली ने बताया कि अभिभाषक संघ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव पद के लिए चुनाव हुए। इस दौरान अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर तीन-तीन प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं सचिव पद पर दो उमीदवारों के बीच आमने-सामने का मुकाबला था। सुबह मतदान को लेकर व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। इस दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक अधिवक्ताओं ने दो बूथों पर अपने मत का उपयोग किया। इसके बाद शाम को पांच बजे तक चली मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया गया।

#### किसको कितने मिले मत

निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट उमाशंकर शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा एवं राजेश मीना के बीच त्रिकोणीय मुकाबल हुआ। इसमें उमाशंकर शर्मा को सर्वाधिक 164 मत मिले। वे अपने प्रतिद्वंदी मुकेश सहरिया से 59 मतों से विजयी रहे। मुकेश को 105 एवं तीसरे स्थान पर रहे राजेश कुमार मीणा को 54 मत मिले। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर रिषीराम मीणा, धर्मेन्द्र कुमार, हनुमान प्रसाद स्वर्णकार के बीच मुकाबला हुआ। इसमें हनुमान प्रसाद स्वर्णकार 164 मत पाकर 48 मतों के अंतर से विजयी हुए। वहीं रिषीराम मीणा को 116, धर्मेन्द्र कुमार को 44 मत प्राप्त हुए। वहीं सचिव पद पर अनुज कुमार बेदी विजयी रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अजय कुमार बंसल को 82 मतों से शिकस्त दी।

## सिक्ख समाज के नवें गुरु तेग बहादुर साहेब की धार्मिक सद्भावना यात्रा का ब्यावर में हुआ भव्य स्वागत, स्थानीय संगत परिवार ने की यात्रा की अगुवानी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान ) ।** हिन्द की चादर कहे जाने वाले गुरु तेग बहादुर सिक्ख धर्म के नौवे गुरु थे। उनका शहीदी दिवस 24 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन इस बार पूरे वर्ष उनका शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। सिक्ख समाज के राम पंजाबी ने बताया कि शहीदी दिवस मनाये जाने के पीछे उनके द्वारा मुगल शासनकाल में जो बर्बरता उनके साथ की गई वह एक अमानवीय घटना ही थी। वर्ष 1675 में मुगल सम्राट औरंगजेब ने दिल्ली में धर्म परिवर्तन से इंकार करने पर उनकी हत्या कर दी थी। गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों की रक्षा की थी और जबरन इस्लाम में धर्मांतरण का विरोध किया था। उनके साथी भाई मतीदास, भाई सती दास और भाई दयालाय भी शहीद हुए थे। सिक्खों के नवें गुरु तेग बहादुर साहेब के 350 वर्ष पूरे होने पर स्थानीय सिक्ख समाज ने उनकी शहीदी पर आने वाले धार्मिक सद्भावना यात्रा का ब्यावर में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। यह यात्रा नांदेड़ साहेब से होकर वापसी में खंड़ा खड़ग हरियाणा में समाप्त होगी। इस अवसर पर यात्रा की स्थानीय सिक्ख समाज के सैकड़ों कार्यकर्त्ता नेअगुवानी की और बड़े ही सम्मान के साथ शहर के विभिन्न मार्गों होते हुए गुरुद्वारा साहेब पहुँची। सिक्ख समाज के राम पंजाबी ने बताया कि उक्त यात्रा नांदेड़ साहेब से होकर वापसी में खंड़ा खड़ग हरियाणा यात्रा पहुँच रही है। यह यात्रा शहर में देलवाड़ा रोड़ से प्रवेश कर शहर प्रमुख मार्गों सतपुलिया अजमेर रोड, बस स्टैंड, अजमेरी गेट, पांच बत्ती, लोहरान चौपड़, चांगगेट से होती हुई ब्यावर रेलवे स्टेशन के समीप गुरुद्वारा साहिब पहुँची है। इस धार्मिक यात्रा में समस्त सँगत को गुरु के द्वारा हिन्दू धर्म की खातिर दिये गये उनके बलिदान व उनके द्वारा धर्म के प्रति दिये गये अमूल्य योगदानों को भी याद किया गया। वहीं इस यात्रा में धन धन श्री गुरुग्रंथ साहिब की सवारी भी आम सँगत के दर्शनों के लिये शामिल की गई है। इस धार्मिक सदभावना यात्रा का स्वागत स्थानीय लोगो ने किया, कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई। वहीं लोगों ने रास्ते में कई तरह के फल व टोफियां आदि वितरित की।

## ओवरब्रिज के कार्य से पानी की पाइपलाइन टूटी, तीन वार्डों में जलापूर्ति प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनिल मेघवाल )।** केशोरायपाटन में ओवरब्रिज के निर्माण कार्य के दौरान बूंदी रोड चौराहे पर स्थित इंदिरा कॉलोनी के सामने पानी की पाइपलाइन टूट गई, जिससे शुक्रवार से तीन वार्डों की जलापूर्ति पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। पानी की किल्लत से परेशान वार्डवासी ने इस संबंध में केशोरायपाटन जलदाय विभाग की जयन अंजली मीणा को सूचित किया, लेकिन पाइपलाइन की मरम्मत अब तक नहीं हो पाई है। पार्षद अशोक बाई मेघवाल ने बताया कि ठेकेदार द्वारा आए दिन पाइपलाइन तोड़ी जा रही है। जलदाय विभाग को सूचित करने के बावजूद जवाब मिलता है कि पाइपलाइन की मरम्मत पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार द्वारा की जाएगी, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि वार्डवासी पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। पार्षद ने चेतावनी दी कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो जनता को सड़क पर आना पड़ेगा और इस स्थिति की समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नाथद्वारा में किया सड़कों का औचक निरीक्षण

# निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की कोताही स्वीकार्य नहीं : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी





### लापरवाही पर जेईएन और एईएन को एपीओ करने, एक्सईएन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. ) ।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी राज्य में सड़कों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर हैं और निरंतर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि निर्माण कार्यों में लापरवाही न हो। उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को नाथद्वारा पहुंची थी और शनिवार को उदयपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में भाग लेने से पूर्व उन्होंने सड़कों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, एडीएम रक्षा पारीक, पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियंता मगनीराम रैगर आदि मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री नाथद्वारा उपखंड क्षेत्र के गुंजोल-कुंचोली मार्ग पहुंची। यहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही पाए जाने और काम गुणवत्ता से नहीं होने पर कड़क नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक शर्मा को उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि संवेदक पर कार्रवाई अमल में लाई जाए, जरूरी हो तो ब्लैकलिस्ट करें। उपमुख्यमंत्री ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचौली के सामने मौके पर ही उदयपुर एक्सईएन क्वालिटी कंट्रोल कार्यालय की क्वालिटी चेकिंग मशीन मंगवाई और सड़क की गुणवत्ता जांची।

प्राप्त जानकारी अनुसार सड़क निर्माण में खामियाँ मिलने के कारण सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता जितेश व्यास और सहायक अभियंता नमित मिश्रा को एपीओ करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशासी अभियन्ता भानुप्रकाश माथुर को 17 सीसी के नोटिस देने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर पूरी गंभीर है, निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। यह अधिकारियों का दायित्व है कि निर्माण कार्यों का निरंतर निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी कम गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो। निरीक्षण के दौरान का स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे जिन्होंने निर्माण कार्यों के संबंध में समस्याएं उपमुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की।

**श्रीनाथजी के ग्वाल दर्शन कर लिया आशीर्वाद :** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निरीक्षण से पहले नाथद्वारा में प्रभु श्रीनाथजी के मंदिर में सुबह 9ः15 बजे ग्वाल झांकी के दर्शन किए। इसके पश्चात उनका तिलकायत पुत्र गोस्वामी विशाल बावा ने समाधान पद्धति से स्वागत किया। स्वागत पश्चात विभिन्न विषयों पर उपमुख्यमंत्री और बावा के मध्य चर्चा हुई। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

### शेखावाटी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

## नई शिक्षा नीति से अच्छे, योग्य और रोजगारयुक्त युवा होंगे तैयार : प्रो. नारायण गुप्ता

### विवि केवल डिग्री देने का केंद्र नहीं, समाज को दिशा देने का केंद्र भी : कुलपति प्रो.अनिल राय

बढ़ता राजस्थान

**सीकर ( नि.स. )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में विवि में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 - क्रियान्वयन एवं चुनौतियां' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन कई सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं, क्रियान्वयन और चुनौतियों पर गहन चिंतन मनन किया गया। शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार राय ने वक्ताओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि चितरंजन



सिंह राठौड़, सचिव प्रबन्ध समिति श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय, सीकर और मुख्य वक्ता आचार्य (डॉ.) नारायण लाल गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ थे।

**शेखावाटी विवि में बनेगा सर्व समाधान केंद्र :** समापन समारोह के अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने का केंद्र नहीं, वरन समाज को दिशा देने का केंद्र भी है। उन्होंने घोषणा की कि तीन माह में शेखावाटी विश्वविद्यालय में सर्व समाधान केंद्र की जाएगी। इसमें सभी तरह की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्य वक्ता आचार्य (डॉ.) नारायण लाल गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कहा कि नई शिक्षा नीति से अच्छे, योग्य और रोजगारयुक्त युवा तैयार होंगे। हमें इंडस्ट्री की आवश्यकता के अनुसार युवा तैयार करने होंगे। शिक्षकों को बदलते समय के साथ युगानुकूल परिवर्तन करना जरूरी है। मुख्य अतिथि चितरंजन सिंह राठौड़, सचिव प्रबन्ध समिति श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय, सीकर ने कहा कि मिलकर काम करेंगे तभी नई शिक्षा नीति पूरी तरह लागू होगी। हमें अपने महापुरुषों को आदर्श बनना होगा और राष्ट्रवाद से देश में एकजुटता आएगी। विवि की कुलसचिव श्वेता यादव, डिप्टी रजिस्टार एकेडेमिक डॉ रविंद्र कटेवा, सहायक रजिस्टर परीक्षा डॉ संजीव कुमार और सह आचार्य डॉ. चेतन जोशी भी मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 17 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर संगठन के पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को शक्ति पैलेस मैरिज गार्डन में आयोजित हुई ।

जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक मे चारों विधानसभा से जाने वाले कार्यकर्ताओं से चर्चा कर योजना बनाई गई । जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मोतीलाल मीणा उपस्थित रहे, बैठक में कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई और स्थान चिन्हित किए गए, सवाई माधोपुर और गंगापुर जिले से 170 से अधिक बसें जनसभा में जाएगी । प्रदेश उपाध्यक्ष ने जनसभा की तैयारियों को लेकर चौथ का बरवाड़ा मंडल, कुण्डेरा मंडल और शहर मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक ली और उनके मनोनयन के लिए उनका स्वागत किया । बैठक से पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा और जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार के एक वर्ष पूर्ण पर होने वाली जनसभा के बारे में और सरकार के एक वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जानकारी दी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग लाल जाट, सुरेशचंद जैन, महामंत्री चंपालाल मीणा,नगर परिषद सभापति सुनील तिलकर उपाध्यक्ष बलवीर सिंह राजावत, मीरा सैनी, हनुमत दीक्षित, जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता, हरफूल मरमट, दीनदयाल मथुरिया, पुष्कर जाट, शहर मंडल अध्यक्ष श्रीचरण महावर, खंडार मंडल अध्यक्ष गंगाशंकर गौतम, कुण्डेरा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मित्रपुरा मंडल अध्यक्ष प्रेमपाल गुर्जर, बरनाला मंडल अध्यक्ष शंकर नरूका, गंगापुर सिटी शहर मंडल अध्यक्ष नवीन शर्मा, वजीरपुर मंडल अध्यक्ष नेमीचंद मीणा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश लोढ़ी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनवारी जाट, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष तनवीर अहमद, एससी मोर्चा संयोजक मनोज बैरवा, पूर्व सभापति कमलेश जेलिया, सहित भाजपा के मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे । साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर राजकीय सामान्य चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर भी आयोजित करने पर चर्चा की गई ।

## महिला सम्मेलन : राज्य सरकार ने दी सौगातें मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना का शुभारंभ

### विभिन्न सौगातों से महिलाओं को बेहतर भविष्य होगा सुनिश्चित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याणकारी राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का दौर जारी है। इसी कड़ी में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन अणुव्रत विश्वभारती सभागार में शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक निदेशक आईएएस राजेन्द्र कुमार वर्मा, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसीईओ सुमन अजमेरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उदयपुर में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया जिसे जिले की महिलाओं ने देखा। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में दूध वितरण हेतु मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5-5 आंगनबाड़ी केंद्र, प्रत्येक ब्लॉक में एक आंगनबाड़ी को आदर्श आंगनबाड़ी बनाने, 45 लाख स्वयं सहायता समूहों के लिए राज सखी पोर्टल, 10 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम का वितरण,



आरएसआरटीसी का सुरक्षा कमांड सेंटर एवं बसों में पैनिक बटन महिलाओं को 24×7 पुलिस सहायता के लिए एप, राज सखी राष्ट्रीय मेला 2024 आदि का शुभारंभ किया गया। राज्यभर में 13.42 लाख महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर के लिए 48 करोड़ रुपये, लाडो प्रोत्साहन योजना में 1 लाख लाभार्थियों में प्रत्येक को प्रथम किस्त की 2500 रुपये, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में 70 हजार महिलाओं में प्रत्येक को 1500 रुपये, 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को 15 करोड़ रुपये हस्तांतरित हुए। एक लाख नवीन लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- पहले कहा जाता था कि हर सफल पुरुष के पीछे महिला होती है। अब कहा जाना चाहिए कि हर सफल व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली महिला शक्ति होती है। इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें आई हैं उन्हें नमस्कार करता हूं। उन्होंने कहा जहां नारियों का सम्मान होता है वहां हमेशा देवताओं का निवास होता है।

## विधायक दीप्ती माहेश्वरी आज करेगी स्टोमिन इंडिया 2024 टेक्नोलॉजी एग्जीबिशन का उद्घाटन

### मेवाड़ क्लब में एक लाख स्क्वायर फिट डॉम में लगी स्टॉल्स, ओपन एरिया में रहेगा हैवी मशीनरीज का लाइव डेमो

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा ) ।** स्टोन हेल्प लाईन कॉर्पोरेशन की और से देश के तीसरे बडे स्टोन एंड टेक्नोलॉजी एग्जिबिशन, स्टोमिन इंडिया-4 का आगाज रविवार 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे मेवाड़ क्लब में होगा। स्टोन हेल्प लाईन कॉर्पोरेशन के सीईओ मोहन बोहरा ने बताया कि राजसमन्द विधायक दीप्ती माहेश्वरी हवा में गुब्बारे उड़ा कर ओर डॉम के मुख्य द्वारों का फीता काटकर उद्घाटन करेगी, साथ ही एग्जीबिशन का अवलोकन भी करेगी। इस दौरान स्टोन हेल्पलाइन कोर्पोरेशसन के सीईओ मोहन बोहरा, स्टोना के पूर्व अध्यक्ष इश्वेन्द्र सिंह, राजसमन्द मार्बल गैंगसा एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. पी. काबरा, पूर्व अध्यक्ष रवि शर्मा, स्टोमिन के सलाहकार, किशोर सिधवानी, रमेश खट्टर, सी.पी.शर्मा सहित राजसमन्द ओर आस पास की मार्बल, गैंगसा व अन्य एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बोहरा ने बताया कि एग्जीबिशन का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा।

## गांव कारोला में पुरानी पत्थर की खान में मिला एक व्यक्ति का शव, फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** बरोनी थानान्तर्गत गांव कारोला में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला है। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बरोनी थानाधिकारी मानवेन्द्रसिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह 10.30 सूचना मिली कि गांव कारोला में पुरानी पत्थर की खान में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल व एमओयू यूनिट टोंक को मौके पर बुलवाकर घटनास्थल की फोटो ग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई गई। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त राजेंद्र पुत्र प्रहलाद योगी उम्र 35 साल निवासी कारोला के रूप में हुई है। शिनाख्त होने पर शव का सआदत अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक ट्रक चालक था और उसके 8 साल का एक बच्चा है।



# विराट ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100वां इंटरनेशनल मैच

## 17 शतक लगाए 9 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे

ब्रिस्बेन।

विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इतिहास रचने वाले खिलाड़ी बने। इस मुकाबले के साथ वह कंगारुओं के खिलाफ 100 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले अब तक के दूसरे खिलाड़ी बने। सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 110 मैच खेले हैं।

विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 99 मैचों में 17 शतक लगाए, इनमें 9 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के 7 में से 6 शहरों में शतक लगाए हैं, ब्रिस्बेन ऐसा इकलौता शहर है, जहां वह शतक नहीं लगा सके। विराट तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के सभी क्रिकेट शहरों में सेंचुरी लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी बन सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5000+ रन बनाए विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 टेस्ट, 49 वनडे और 23 टी-20 खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 50 से ज्यादा की औसत से 5326 रन बनाए। उनके नाम 17 सेंचुरी और 27 फिफ्टी हैं। खास बात यह रही कि विराट ने 17 में से 10 सेंचुरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं के घर में लगाईं।

विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 47% मैचों में हराया विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 10 टेस्ट, 21 वनडे और 15 टी-20 हराए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर विराट जब भी प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे, टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 47% में जीत हासिल की। 44% में टीम को हार मिली, जबकि बाकी मुकाबले बेनतीजा और ड्रॉ रहे।

एडिलेड में विदेशी प्लेयर के तौर पर सबसे ज्यादा शतक विराट को ऑस्ट्रेलिया में खेलना बहुत पसंद है। ऑस्ट्रेलिया के 7 शहरों में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम हैं, जिनमें से 6 में विराट ने 12 शतक लगाए हैं। एडिलेड में उनके नाम विदेशी प्लेयर्स में सबसे ज्यादा 5 सेंचुरी हैं। मेलबर्न और पर्थ में उन्होंने 2-2 शतक लगाए हैं।

होबार्ट, कैनबरा और सिडनी में भी उनके नाम 1-1 सेंचुरी हैं। विराट सिर्फ ब्रिस्बेन के द गाबा स्टेडियम में शतक नहीं लगा सके हैं। अगर उन्होंने तीसरे टेस्ट में सेंचुरी लगा दी, तो वह ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट के सातों शहरों में शतक लगाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन जाएंगे।

2018 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर रच चुके इतिहास विराट ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के मैदान पर ही इतिहास रचा था, जब उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को 2-1 से टेस्ट सीरीज जिताई थी। भारत ने क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में टेस्ट सीरीज हराई थी।

भारत ने फिर 2021 में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीती थी। अब टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में 5 टेस्ट की सीरीज में 1-1 की बराबरी पर खड़ी है। विराट इस टीम का अहम हिस्सा हैं, उनके पास बतौर प्लेयर ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने का मौका है। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ 85 मैच खेले विराट ने अपने करियर में सबसे ज्यादा मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही खेले। वह न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ भी 50 प्लस इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 15 और वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनके नाम 85 मैचों में 8 सेंचुरी हैं। सचिन के नाम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट से ज्यादा शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट से ज्यादा इंटरनेशनल मैच सचिन तेंदुलकर ने ही खेले हैं। उनके नाम 110 मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6707 रन हैं। इनमें 20 शतक और 31 फिफ्टी शामिल हैं। टेस्ट में सचिन ने 11 शतक के सहारे 3630 रन बनाए हैं। जबकि वनडे में उन्होंने 9 सेंचुरी के सहारे 3077 रन बनाए हैं। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई टी-20 नहीं खेला। विराट अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 और शतक लगा देते हैं तो वह एक अपोनेंट के खिलाफ सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल सचिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 शतक लगाकर टॉप पर हैं।

विराट तीसरे नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 19 शतक लगाए हैं। एक टीम के खिलाफ 100+ मैच खेलने वाले चौथे प्लेयर बनेंगे विराट विराट गाबा में एक ही टीम के खिलाफ 100 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाले दुनिया के चौथे ही खिलाड़ी बनेंगे।

## बांग्लादेशी क्रिकेटर शाकिब अल हसन की बॉलिंग बैन

### ईसीबी ने लगाया प्रतिबंध, फील्ड अंपायर ने गेंदबाजी एक्शन को अवैध कहा था



लंदन।

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेशी क्रिकेट की गेंदबाजी पर प्रतिबंध लगाया है। अब वे ईसीबी के किसी भी टूर्नामेंट में गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे। यह प्रतिबंध 10 दिसंबर से लागू किया गया है। 37 साल के ऑलराउंडर शाकिब ने सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच खेला था और गेंदबाजी की थी। इस दौरान मैदानी अंपायर ने उनके गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया था और रिपोर्ट की थी। उस रिपोर्ट पर इंग्लिश बोर्ड ने एक्शन लिया है।

शाकिब लाफबॉरो यूनिवर्सिटी टेस्ट में फेल हुए शाकिल अल हसन 10 दिसंबर को लाफबॉरो यूनिवर्सिटी में एक स्वतंत्र परीक्षण में फेल हुए थे। निलंबन हटाने के लिए उन्हें पुनर्मूल्यांकन से गुजरना होगा। पुनर्मूल्यांकन के लिए शाकिब की कोहनी का विस्तार नियमों द्वारा निर्धारित 15-डिग्री सीमा से कम होना चाहिए।

3 महीने पहले किया था संन्यास का ऐलान शाकिब अल हसन ने बांग्लादेश के इंडिया टूर के दौरान संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने कानपुर टेस्ट के दौरान कहा था- मैं मीरपुर में करियर का आखिरी टेस्ट खेलना चाहता हूं। बीसीबी मेरी स्वदेश वापसी की तैयारी कर रहा है। यदि मैं बांग्लादेश नहीं लौट सका, तो कानपुर टेस्ट आखिरी होगा। हालांकि, शाकिब ने स्वदेश वापसी की, लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ मीरपुर टेस्ट नहीं खेल सके।

## साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता दूसरा टी-20

### पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई; रीजा हेंड्रिक्स का शतक

साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 11 रन से जीता था। तीसरा मैच आज जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।

शुक्रवार को सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 5 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 19.3 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। साउथ अफ्रीका के ओपनर रीजा हेंड्रिक्स ने शतक लगाया, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

अयुब ने नाबाद 98 रन बनाए, 5 छक्के जड़े पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने दूसरे टी-20 में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ओपनर सईम अयुब 98 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और 5 छक्के उड़ाए। बाबर आजम ने 31, इरफान खान ने 30 रन बनाए।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट

# पहले दिन का खेल बारिश में धुला

### आखिरी 2 सेशन में एक भी बॉल नहीं फेंकी गई; आस्ट्रेलिया- 28/0



ब्रिस्बेन।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया है। शनिवार को ब्रिस्बेन में रुक-रुककर बारिश होती रही। दिन के आखिरी दो सेशन में एक भी बॉल नहीं डाली जा सकी। बारिश शुरू होने पहले ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे।

नाथन मैक्स्वीनी और उस्मान ख्वाजा नाबाद लौटे थे। द गाबा स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। रविवार को दूसरे दिन का खेल आधे घंटे पहले सुबह 5:20 बजे शुरू होगा। 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला मैच भारत ने 295 रन और दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतिश कुमार रेड्डी, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान) और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया** : पैट कमिंस (कप्तान), नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और जोश हेजलवुड।

# मुंबई-एमपी में होगा मुश्ताक अली ट्रॉफी का फाइनल

### रजत पाटीदार की फिफ्टी से 13 साल बाद खिताबी मुकाबले में पहुंचा मध्य प्रदेश

बेंगलुरु।

मध्य प्रदेश और मुंबई के बीच 2024 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। रजत पाटीदार की विस्फोटक फिफ्टी के दम पर एमपी ने दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली को 7 विकेट से हरा दिया। पाटीदार ने 29 गेंद पर 66 रन बनाए। मुंबई ने पहले सेमीफाइनल में बड़ौदा को 6 विकेट से हराया। दोनों मुकाबले शुक्रवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए।

मध्य प्रदेश ने 13 साल बाद स्मैश के फाइनल में जगह बनाई है। 2011 में टीम को बंगाल के खिलाफ 1 रन से फाइनल गंवाना पड़ा था। मुंबई और मध्य प्रदेश के बीच 2021-22 के रणजी ट्रॉफी का फाइनल भी हुआ था, तब एमपी ने बाजी मारी थी।

मुंबई ने 2022 में खिताब जीता, एमपी को पहले टाइटल का इंतजार मध्य प्रदेश ने ग्रुप स्टेज में डिफेंडिंग चैंपियन पंजाब को हराकर नॉकआउट में एंट्री की थी। टीम 2011 में एक ही बार फाइनल खेल सकी थी, लेकिन बंगाल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, मुंबई ने



2022 में हिमाचल प्रदेश को फाइनल हराकर खिताब जीता था। टीम भी दूसरी बार ही फाइनल में पहुंची है।

**एमपी ने दिल्ली को कम स्कोर पर रोका**

चिन्नास्वामी स्टेडियम में एमपी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली से अनुज रावत ने 33, प्रियांश आर्या ने 29 और मयंक रावत ने 24 रन बनाए। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके और टीम 5 विकेट खोकर 146 रन ही बना पाई। मध्य प्रदेश के लिए वेंकटेश अय्यर ने 12 रन देकर 2 विकेट लिए। त्रिपुरेश सिंह, आवेश खान और कुमार कार्तिकेय को 1-1 विकेट मिला।

**ईशांत ने एमपी को दिए शुरुआती झटके**

147 रन के टारगेट के सामने ईशांत शर्मा ने दिल्ली को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने अर्पित गौड़ और सुभ्रांशु सेनापति को शुरुआती 3 ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। सेनापति ने 7 रन बनाए, अर्पित खाता भी नहीं खोल सके। हर्ष गवली ने फिर तेजी से 18 गेंद पर 30 रन बना दिए, लेकिन 7वें ओवर में वह कॉट बिहाइंड हो गए।

46 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद रजत पाटीदार और हरप्रीत सिंह भाटिया ने पारी संभाली। भाटिया ने स्ट्राइक रोटेट की, वहीं दूसरे एंड पर पाटीदार ने बड़े-बड़े शॉट्स खेलने शुरू कर दिए। पाटीदार ने 66 रन की पारी में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। उन्होंने भाटिया के साथ 106 रन की पार्टनरशिप की और टीम को 15.4 ओवर में ही जीत दिला दी। भाटिया 46 रन बनाकर नॉटआउट रहे। उन्होंने सुयश शर्मा के खिलाफ विनिंग सिक्स लगाया।

**रहाणे शतक बनाने से चुके, मुंबई 6 विकेट से जीता**

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बड़ौदा ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। मुंबई ने 159 रन का टारगेट 17.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अजिंक्य रहाणे ने 56 बॉल पर 98 रनों की पारी खेली। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। रहाणे ने टी-20 क्रिकेट में मुंबई की ओर से 12वीं बार 50+ स्कोर किया है। उन्होंने श्रेयस अय्यर के 11 बार के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

## मोहम्मद आमिर ने फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

### टी-20 वर्ल्ड कप के लिए संन्यास से वापसी किए थे; इमाद वसीम ने भी लिया



नई दिल्ली

पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद आमिर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। आमिर ने दूसरी बार इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया है। आमिर ने 2019 में टेस्ट क्रिकेट और दिसंबर 2020 में व्हाइट बॉल क्रिकेट से पहली बार रिटायरमेंट लिया था। लेकिन इस साल की शुरुआत में उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम में वापसी की थी।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के स्पिन-ऑलराउंडर इमाद वसीम भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इमाद भी इस साल 23 मार्च को संन्यास से वापस लौट आए थे। 35 साल के इस खिलाड़ी ने पहली बार नवंबर 2023 में यह कहते हुए संन्यास ले लिया था कि अब समय आ गया है कि वह विदेशी लीगों में खेलने पर फोकस किया जाए।

62 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में आमिर ने लिए हैं 71 विकेट आमिर ने पाकिस्तान के लिए 36 टेस्ट, 61 वनडे और 62 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले। आमिर ने 62 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 71 विकेट लिए हैं। जबकि उनका बेस्ट 13 रन देकर 4 विकेट रहा था। इसके अलावा उन्होंने 36 टेस्ट मैचों में 119 विकेट लिए जबकि 61 वनडे मैचों में उन्होंने 81 विकेट हासिल किए।

इमाद का इंटरनेशनल करियर इमाद वसीम ने पाकिस्तान के लिए 55 वनडे और 75 टी-20 मैच खेले हैं। इस लेफ्ट आर्म स्पिनर से वनडे में 44 और टी-20 में 73 विकेट लिए हैं। वनडे में 986 और टी-20 में 554 रन इनके नाम हैं।

धर्म चाहे जो भी हो अच्छे इंसान बनो...
हिसाब हमारे कर्मो का होगा धर्मो का नहीं...
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## अमित शाह नक्सली हिड़मा के गांव जा सकते हैं: देश के पहले गृहमंत्री होंगे, जो नक्सलगढ़ में रुकेंगे; अबूझमाड़ या पूवर्ती जाने की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर ( एजेंसी )।** अमित शाह बस्तर आ रहे हैं। चर्चा है कि हिड़मा के गांव जा सकते हैं। अबूझमाड़ या पूवर्ती गांव जाने की भी चर्चा है। ऐसा होता है, तो ऐसा करने वाले वे देश के पहले गृहमंत्री होंगे। पूवर्ती खूंखार नक्सली हिड़मा का गांव है। यहां पिछले कई सालों से नक्सलियों का कब्जा था। उनकी इजाजत के बिना यहां प्रवेश पर प्रतिबंध था। अब यहां सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा ने मिलकर संयुक्त कैंप स्थापित किया है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज रात 11 बजे रायपुर पहुंचेंगे, फिर 15 और 16 दिसंबर को जगदलपुर में कई कार्यक्रमों शामिल होंगे। इस दौरान वे सरेंडर नक्सलियों से मिलेंगे। जवानों और शहीदों के परिजनों से भी मुलाकात करेंगे।

### पूवर्ती गांव..हिड़मा यहीं का रहने वाला

बस्तर में जब भी नक्सल का जिक्र होता है तो नक्सली लीडर माड़वी हिड़मा का नाम भी आता है। पुलिस की वांटेड लिस्ट में भी सबसे पहले हिड़मा का ही नाम है। हिड़मा सुकमा जिले के अति संवेदनशील पूवर्ती गांव का रहने वाला है। वर्तमान में ये नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी का मेंबर है। इस पर 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का इनाम घोषित है।

कुछ महीने पहले ही हिड़मा के गांव पूवर्ती में उसके घर के नजदीक ही सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है। पूवर्ती, टेकलगुडेम समेत आस-पास के इलाके को जवानों ने कैप्चर कर लिया है। हर दिन यहां सैकड़ों जवान सर्च ऑपरेशन पर निकलते हैं। ऐसे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हिड़मा के गांव जाकर उसके इलाके के लोगों से मुलाकात कर सकते हैं।

## घर में जश्न की तैयारी थी, जवान की पार्थिव देह पहुंची : ड्यूटी के दौरान सूबेदार का हार्ट-अटैक से निधन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर।** रिटायरमेंट से 7 दिन पहले सेना में सूबेदार भरतपुर के सोनेंद्र सिंह (38) का पटियाला (पंजाब) में हार्ट अटैक से निधन हो गया। शनिवार सुबह 10 बजे सैन्य सम्मान से भरतपुर के सुभाषनगर में अंतिम संस्कार किया गया। 10 साल के बेटे आदित्य ने पिता को मुखाग्नि दी। सोनेंद्र सिंह के छोटे भाई मौनेंद्र सिंह ने बताया- वे भारतीय सेना आर्मड कोर यूनिट-1 हॉर्स पटियाला (पंजाब) में सूबेदार के पद पर तैनात थे। 12 दिसंबर को यूनिट के तारापुर गेट पर उनकी ड्यूटी थी। वे गेट पर थे। रात 8 बजे के करीब उन्हें सीने में दर्द हुआ। उन्होंने साथी जवान को बताया।

साथी उन्हें आर्मी हॉस्पिटल, पटियाला ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद दवा दी और कहा कि ये ठीक हैं। इन्हें ले जा सकते हैं। साथी सोनेंद्र सिंह को वापस ला रहे थे। रात 9 बजे के करीब रास्ते में ही उन्हें दोबारा सीने में दर्द उठा। वापस हॉस्पिटल ले गए, जहां रात 10 बजे उनका निधन हो गया।

उसी रात 10.30 बजे पिता के पास कॉल आया। भाई के निधन की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। भाई सोनेंद्र सिंह के घर में उनकी पत्नी रेखा सिंह (35), बेटी अनुष्का (16) और बेटा आदित्य (10) हैं। अनुष्का दसवीं और आदित्य पांचवीं क्लास में है। पटियाला से यूनिट के लोग शुक्रवार रात को बॉडी लेकर चले। शनिवार सुबह 8 बजे भरतपुर सुभाषनगर स्थित घर पर बॉडी पहुंची। इसके बाद सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया गया।

## पश्चिम बंगाल में भी बनेगा भव्य राम मंदिर, भाजपा ने किया एलान; ममता सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल में भी भव्य राम मंदिर बनाने का एलान कर दिया है। ये एलान तृणमूल कांग्रेस के सांसद हुमायूं कबीर के उस बयान के बाद किया गया है, जिसमें उन्होंने राज्य में बाबरी जैसी मस्जिद बनाने की बात कही थी। हालांकि भाजपा नेता अग्निमित्र पॉल ने कहा कि राम मंदिर बनाने के फैसले को मस्जिद वाले एलान से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कबीर के बाबरी मस्जिद वाले बयान पर आपत्ति भी जताई।

### हुमायूं कबीर पर गंभीर आरोप

पॉल ने कहा कि उन्होंने पहले भी हिंदू समुदाय को लेकर कई भड़काने वाले बयान दिए थे, लेकिन उन पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। पॉल ने कहा, राम मंदिर, मस्जिद के एलान के बाद नहीं बनाया जा रहा है। बाबरी मस्जिद भी बन सकती है और राम मंदिर भी बन सकता है। पॉल ने आगे कहा, लेकिन जिस व्यक्ति ने बाबरी मस्जिद बनाने की बात कही है, उसने पहले यह भी कहा था कि हिंदुओं का कत्लेआम कर भागीरथी में फेंक दिया जाएगा। लेकिन इसके लिए न तो उन्हें सजा हुई और न ही कारण बताओ नोटिस दिया गया।



## राजस्थान में पारा माइनस 2 डिग्री पर आया : 6 जिलों में येलो अलर्ट

## आज मिल सकती है कोल्ड-वेव से राहत, तापमान बढ़ेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में लगातार चौथे दिन पारा माइनस में रहा। सीकर के फतेहपुर में शनिवार सुबह तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस सीजन में यह पहला मौका है, जब तापमान इतना नीचे आया है। फतेहपुर, चूरू में तेज ठंड के कारण बर्फ जमने का सिलसिला जारी है। उधर, हिल स्टेशन माउंट आबू का न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार के लिए 6 जिलों में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### 15 से 19 तक दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी

प्रदेश में 15 दिसंबर से ठंड के तेवर थोड़े ढीले हो सकते हैं। उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने से उत्तरी हवा का प्रभाव कम हो रहा है। इसके चलते अगले 15 से 19 दिसंबर तक प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी भी होगी। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश शहरों में शुक्रवार को पूरे दिन सर्द हवा चली। इसके कारण दिन के तापमान में गिरावट हुई। जोधपुर, जैसलमेर, कोटा, जयपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, गंगानगर में कल अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 24.3, जयपुर में 23, अजमेर में 22.8, गंगानगर में 22.7, कोटा में 23.5, चूरू में 22.8, फलोदी में 21.9 और उदयपुर में 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### चूरू में जमी बर्फ

चूरू में शीतलहर और कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है। शनिवार सुबह भी कड़ाके की ठंड रही। बर्तनों में रखा पानी जम गया। खेतों में ओस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो गईं। पक्षियों के लिए भरे गए पानी के परिंडो में सुबह बर्फ जम गई। शनिवार को न्यूनतम तापमान 2 .4 डिग्री दर्ज किया गया।

### फतेहपुर में लगातार चौथे दिन माइनस में तापमान आया

फतेहपुर (सीकर) के कृषि अनुसंधान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ . नरेंद्र पारीक ने बताया- ठंड लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को तापमान माइनस 2 .0 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस सर्दी के दौरान लगातार चौथे दिन माइनस में रहा। शेखावाटी क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी का सितम जारी है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। फतेहपुर में 11 दिसंबर को माइनस 1, 12 दिसंबर को माइनस 1 .5, 13 दिसंबर को माइनस 1 .0 और 14 दिसंबर को माइनस 2 .0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## पंजाब थाना बम कांड में 3 आतंकी गिरफ्तार

### खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के सदस्य, काठगढ़ में फेंके थे हैंड ग्रेनेड, जर्मनी-ब्रिटेन से मिले थे आदेश

बढ़ता राजस्थान

**जालंधर।** पंजाब के नवांशहर में थाना काठगढ़ के अंसार पुलिस चौकी पर हुए हैंड ग्रेनेड हमले के मामले में पुलिस ने खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान युगप्रीत सिंह उर्फ युवी, जसकरण सिंह और हरजोत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

### जर्मनी, यूके और अन्य देशों से मिल रहे थे निर्देश

वे खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स मॉड्यूल के सदस्य हैं। इनका नियंत्रण जर्मनी, यूके और अन्य देशों में बैठे हैंडलर्स के पास था। उनसे आदेश मिलने के बाद आरोपियों ने नवांशहर के काठगढ़ थाने पर हमला किया। पिछले छह महीने में इस मॉड्यूल को 4.5 लाख रुपये की फंडिंग मिली है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों को यह ग्रेनेड 28 नवंबर को जालंधर के पास एक डेड लेटर बॉक्स से मिला था। जिसके बाद 2 दिसंबर को एसबीएस नगर पुलिस चौकी पर उक्त ग्रेनेड फेंका गया। डीजीपी गौरव यादव ने कहा- पुलिस जल्द ही तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। वहीं, हैंड ग्रेनेड पहुंचाने वाले आरोपियों की पहचान के लिए पंजाब पुलिस की अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं।

### शंभू बॉर्डर पर किसान ने खुदकुशी की कोशिश की...

## दिल्ली मार्च पर भेजा गया दल वापस बुलाया गया पुलिस ने किसानों पर आंसू गैस-पानी की बौछार छोड़ी

बढ़ता राजस्थान



**शंभू बॉर्डर (पटियाला)/ अंबाला।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर शनिवार को किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। इसकी पुष्टि किसान नेता तेजवीर सिंह ने की। उन्होंने बताया कि पता चला है कि खन्ना के किसान ने सल्फास निगल लिया। उसे अस्पताल लेकर गए हैं। हमारी टीम जा रही है। इस बारे में पता कर रहे हैं। किसान की पहचान लुधियाना के खन्ना के रहने वाले जोद सिंह के रूप में हुई है। वह शनिवार को ही मोर्चे में पहुंचा था। संभावना है कि किसानों को दिल्ली न जाने देने से आहत होकर उसने ये कदम उठाया। फिलहाल सीआईडी भी इसे बारे में पता कर रही है।

इससे पहले दोपहर 12 बजे 101 किसान दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी पर बने पुल पर की बैरिकेडिंग पर रोक लिया। 40 मिनट तक पुलिस से बहस के बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। जिसमें 10 किसान घायल हुए। करीब 2 घंटे बाद यानी 2 बजे किसानों के जत्थे को वापस बुला लिया गया। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने रॉकेट लॉन्चर से बम-गोलियां चलाई। घग्गर नदी का गंदा और केमिकल वाला पानी प्रयोग किया। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि 16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे। 18 दिसंबर को पंजाब में 12 बजे से 3 बजे तक रेल रोको अभियान चलाया जाएगा। 18 तक कोई जत्था दिल्ली कूच नहीं करेगा। मार्च के मद्देनजर हरियाणा सरकार ने अंबाला जिले के 12 गांवों में इंटरनेट बैन 18 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। खनौरी बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत डल्लेवाल लगातार 19वें दिन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि डल्लेवाल की सेहत को लेकर पूरा देश चिंतित है।

## महाराष्ट्र में फडणवीस कैबिनेट का विस्तार 15 दिसंबर को

### 32 मंत्री शामिल होंगे; संभावित मंत्रियों को खुद फोन करेंगे सीएम

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई।** महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार की कैबिनेट का विस्तार 15 दिसंबर को होगा। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होगा। इसमें 30 से 32 मंत्री शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत ज्यादा से ज्यादा 43 सदस्य हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा को 20-21 मंत्री पद मिलने की संभावना है। जबकि शिवसेना को 11-12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9-10 मंत्री पद मिल सकते हैं। संभावित मंत्रियों को शपथ के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस खुद फोन करेंगे। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कैबिनेट फाइनल करने के लिए डिप्टी ष्टरू एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग चर्चा की। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अपने मंत्रियों की लिस्ट मुख्यमंत्री फडणवीस को दे दी है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने पिछली सरकार में मंत्री रहे छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, धर्मरावबाबा, अदिति तटकरे, अनिल पाटिल के नाम बने रहेंगे। दिलीप वलसे पाटिल पहले ही इनकार कर चुके हैं जबकि हसन मुश्रिफ का पत्ता कट सकता है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


## गगनयान मिशन में इसरो की एक और उपलब्धि, प्रक्षेपण केंद्र पहुंचा पहला मोटर सेगमेंट

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** गगनयान मिशन की तैयारी कर रहे इसरो ने एक और उपलब्धि हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को घोषणा की कि पहले मोटर सेगमेंट को प्रक्षेपण परिसर में पहुंचाया गया है। इससे पहले इसरो ने अंतरिक्षयात्रियों को समुद्र के रास्ते सुरक्षित वापस लाने के लिए नौसेना के साथ मिलकर छह दिसंबर को वेल डेक रिकवरी परीक्षण किया था। वेल डेक ऐसे जहाज को कहते हैं जिसमें पानी भरा जा सकता है ताकि नावों, अंतरिक्षयान को जहाज के भीतर ले जाया जा सके।इसरो ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान के सपने आकार ले रहे हैं! गगनयान मिशन के लिए मील का पत्थर! पहले सालिड मोटर सेगमेंट को उत्पादन संयंत्र से लांचिंग परिसर में पहुंचाया गया है।

**गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन**-यह एचएलवीएम3 जी1 उड़ान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। इसके तहत तीन अंतरिक्षयात्रियों को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में भेजा जाएगा और उन्हें भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जाएगा। मिशन के जरिये भारत अंतरिक्षयात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाने की क्षमता प्रदर्शित करेगा। इसरो के सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का परीक्षण किया गया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को कहा, इसरो ने 29 नवंबर को इसरो प्रोपल्शन कांप्लेक्स, महेंद्रगिरि, तमिलनाडु में सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का समुद्र स्तर पर हाट टेस्ट किया है। यह सफलता भविष्य के मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। परीक्षण के दौरान, इंजन का प्रदर्शन सामान्य था। इंजन ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया।

